CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

देहरादून, शनिवार 23 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 15 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में 7 महीनों में 28 लाख से अधिक को कुत्तों ने काटा पेज 2



एला ने महिलाओं की एयर राइफल में जीता स्वर्ण खेल टाइम्स



काला पानी पर भारत और नेपाल में जुबानी जंग तेज सम्पादकीय



अमेरिकी दूतावास ने खोली ट्रम्प के दावे की पोल पेज 12

## इसरो ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का मॉडल दिखाया




**नई दिल्ली।** इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गनाइजेशन (इसरो) ने शुक्रवार को भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का मॉडल दिखाया। 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे होता है। इससे पहले शुक्रवार को इंडियन स्पेस स्टेशन का मॉडल प्रदर्शित किया। भारत 2028 तक बीएएस का पहला मॉड्यूल लॉन्च करने की प्लानिंग कर रहा है। इसके साथ ही भारत उन देशों की लिस्ट में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अंतरिक्ष में प्रयोगशाला यानी ऑर्बिटल लेबोरेटरी है। वर्तमान में अंतरिक्ष में केवल दो ऑर्बिटल लैब हैं। पहला- इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) इसे पांच अंतरिक्ष एजेंसियां मिलकर चलाती है, दूसरा- चीन का तियांगोंग स्पेस स्टेशन। भारत का लक्ष्य 2035 तक स्टेशन के कुल 5 मॉड्यूल (हिस्से) अंतरिक्ष में भेजना है। पहला मॉड्यूल बीएएस-01 करीब 10 टन वजनी होगा। इसे पृथ्वी से 450 किलोमीटर ऊंचाई पर लो अर्थ ऑर्बिट (निचली कक्षा) में स्थापित किया जाएगा।

## टीएमसी जाएगी तभी बंगाल में विकास आएगा: मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कोलकाता के दौरे पर पहुंचे। पीएम ने यहां 5200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो रूट, सियालदह-एस्प्लेनेड मेट्रो रूट और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो रूट का उद्घाटन किया। इन रूट की कुल लंबाई 13.62 किलोमीटर है। इसके अलावा पीएम ने 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से बनने वाले सिक्स-लेन कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला भी रखी। यह एक्सप्रेसवे 7.2 किलोमीटर लंबा होगा। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई हैं।

## रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा, नारेबाजी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा हुआ है। बताया जा रहा है कि अशोक बाजार गांधी नगर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता थोक रेडीमेड गारमेंट डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वस्त्रिका 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची थीं। एक शख्स यहां नारेबाजी कर हंगामा कर रहा था। जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## वरिष्ठ पत्रकार करण थापर व सिद्धार्थ वरदराजन को राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वरिष्ठ पत्रकार करण थापर और सिद्धार्थ वरदराजन को उनके खिलाफ असम में दर्ज एक मुकदमे में राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी। पीठ नेअधिवक्ता नित्या रामकृष्णन के अनुरोध पर यह आदेश पारित किया।

# स्यानाचट्टी में बनी कृत्रिम झील, खोलने के प्रयास निरंतर जारी

## झील का एक हिस्सा खोलने को लोनिवि, एसडीआरएफ व सिंचाई विभाग की टीमें जुटीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यमुना नदी पर बनी झील से भवन हुए जलमग्न, इलाका कराया खाली
- झील के जलस्तर में दो फुट तक कमी आई, लोगों को निकाला सुरक्षित

**उत्तरकाशी/देहरादून।** स्यानाचट्टी में कुपडा गाड़ से मलबा आने से एक पुन: यमुना नदी का प्रवाह बाधित होने से अस्थायी झील बन गई है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के घर, मकान व होटल खाली करवा लिए हैं।

स्यानाचट्टी में बनी झील से जल निकासी के लिए जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए चैनेलाइजेशन करने के लिए समुचित कदम उठाने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन को निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी तथा सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षित स्थानों में ठहराए गए लोगों के साथ ही स्यानाचट्टी के निवासियों के लिए भोजन, रसोई गैस, दवाइयों के साथ ही पेट्रोल व डीजल तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



**झील में दलदल होने के कारण परेशानी**–सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि वर्तमान में नदी के एक हिस्से से पानी की निकासी हो रही है। दलदल होने के कारण चैनेलाइजेशन करना अभी संभव नहीं हो पाया है। राहत और बचाव दलों द्वारा अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से धैर्य बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर तथा सिंचाई विभाग की टीमें राफ्ट के जरिये ग्राउंड जीरो पर पहुंच गई हैं।

**बचाव एवं राहत दल मौके पर मौजूद**– वहीं, यमुना वैली के स्यानाचट्टी में मलबा आने से निर्मित झील –**शेष पृष्ठ दो पर**

# बिहार में हटाए गए मतदाता आधार के साथ ऑनलाइन फार्म भरें

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं, वे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकर्ताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने बताया कि 85 हजार नए मतदाता वोटर लिस्ट में जोड़े गए हैं। साथ ही चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स के जरिये अभी तक सिर्फ दो आपत्ति दर्ज कराई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कोई भी व्यक्ति खुद से या राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स की मदद से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है और उन्हें भौतिक तौर पर फार्म जमा करने की जरूरत नहीं है।

# आवारा कुत्तों को नसबंदी व टीकाकरण कर छोड़ें: SC

## अदालत ने कहा: सिर्फ खूंखार-रेबीज संक्रमित कुत्ते कैद में रहें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी जगह पर छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने साफ किया कि कुत्तों को छोड़े जाने वाला आदेश रेबीज से संक्रमित या रेबीज से संक्रमित होने की आशंका वाले या फिर आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों पर लागू नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि ये आदेश दिल्ली समेत पूरे देश में लागू होगा। साथ ही याचिका में शामिल व्यक्ति 25 हजार और एनजीओ 2 लाख रुपये कोर्ट में जमा कराएं। कोर्ट ने 11 अगस्त के 2 जजों की बेंच के उस आदेश को बेहद कठोर बताया, जिसमें सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले 11 अगस्त के निर्देश को –**शेष पृष्ठ दो पर**

### सुप्रीम आदेश

- सार्वजनिक जगहों पर खाना न दें, यह आदेश पूरे देश में होगा लागू
- कुत्तों को गोद लेने के लिए एमसीडी में आवेदन कर सकते हैं पशु प्रेमी
- सभी मामले शीर्ष अदालत को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे



## अदालत का पहले दिया गया निर्देश यथावत रहेगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के संबंध में अदालत का पहले दिया गया निर्देश यथावत रहेगा। कोर्ट ने अब इस आदेश में कुछ संशोधन कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने अदालत के एक पूर्व आदेश की समीक्षा करते हुए इस मुद्दे के दायरे का विस्तार किया और आदेश दिया कि सभी समान मामलों को अंतिम राष्ट्रीय नीति के लिए शीर्ष अदालत को स्थानांतरित कर दिया जाए। अदालत ने पहले सभी आवारा कुत्तों को इकट्ठा करने का आदेश दिया था, जिसका उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर की सड़कों को आवारा कुत्तों से मुक्त बनाना था। पशु कार्यकर्ताओं और मशहूर हस्तियों के विरोध के बीच अदालत ने इस मुद्दे पर फिर से विचार करने का फैसला किया और इस सप्ताह की शुरुआत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि नगरपालिका अधिकारियों को पैरा 12, 12.1 और 12.2 का पालन करना होगा।

# संसद की सुरक्षा में एक बार फिर हुई बड़ी चूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

- रेलभवन की तरफ से दीवार कूदकर नए संसद भवन के गरुड़ द्वार तक पहुंच शख्स, सुरक्षा बलों ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक हुई है। एक व्यक्ति पेड़ के सहारे दीवार कूदकर सुबह लगभग 5.50 बजे संसद भवन में घुस गया। रेलभवन की तरफ से दीवार कूदकर नई संसद भवन के गरुड़ द्वार तक पहुंच गया था।

संसद भवन में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त, देवेश महला ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान रामा के रूप में हुई है और वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता है और आगे की पूछताछ और सत्यापन प्रक्रिया जारी है। अगस्त 2024 में भी देश की नई संसद भवन की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था। रेड क्रॉस रोड की तरफ से एक युवक दीवार फांद कर संसद भवन के परिसर में कूद गया था। हालांकि, संसद भवन में घुसने से पहले ही सुरक्षा में तैनात जवानों ने उसे पकड़ लिया था। दिल्ली पुलिस व खुफिया विभाग समेत देश की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने युवक से संयुक्त रूप से पूछताछ की थी। संसद की सुरक्षा में चूक के इस मामले के बाद दिल्ली पुलिस समेत देश की सुरक्षा एजेंसियों में अफरा-तफरी मच गई थी। दिसम्बर 2023 में भी संसद भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली थी। सुरक्षा घेरा तोड़कर लोकसभा में विजिटर गैलरी से दो संदिग्ध कूद पड़े थे। संसद की कार्यवाही के दौरान दोनों शख्स बेंच पर चढ़कर कूदने लगे। जिसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में सुरक्षाकर्मी दौड़े और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया था। सांसदों ने दोनों शख्स को घेर लिया था।

## राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ऑनलाइन गेमिंग विधेयक बना कानून

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब कानून का रूप ले चुका है। इस कानून के लागू होते ही भारत के ऑनलाइन गेमिंग परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद से पारित इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। इससे पहले गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा से पारित कर दिया गया था। वहीं, बुधवार को इस बिल को लोकसभा ने अपनी हरी झंडी दिखाई थी। इस कानून में ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को तो राहत दी गई है, लेकिन ऑनलाइन मनी गेम्स पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। इसे लेकर गेमिंग उद्योग जगत और सरकार के मत बंटे हुए हैं। ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग उन डिजिटल प्लेटफॉर्म को संदर्भित करता है, जहां खिलाड़ी खेलों में भाग लेने के लिए भुगतान करते हैं और नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। इनमें नकद दांव और मौद्रिक जीत वाले सभी ऑनलाइन गेम शामिल हैं। ई-स्पोर्ट्स को वैध खेल का दर्जा मिलेगा।

# मुनीर ने नाकामी स्वीकार की: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: भारत ने मेहनत से फरारी कार जैसी इकोनॉमी बनाई, पाकिस्तान की हालात अब भी डंपर जैसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के भारत को चमकती मर्सिडीज कहने वाले बयान पर जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि वो मुनीर के बयान को मजाक (ट्रोल) नहीं, बल्कि उनकी नाकामी स्वीकार करने वाला मानते हैं। इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में राजनाथ सिंह ने कहा एक देश ने कड़ी मेहनत करके फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई और दूसरा अब भी डंपर जैसी स्थिति में है तो यह उनकी नाकामी है। मैं आसिम मुनीर के बयान को एक कन्फेशन की तरह देखता हूं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था मलबे से भरे डंपर ट्रक जैसी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर हम इस गंभीर चेतावनी के पीछे छिपे ऐतिहासिक संकेत पर ध्यान नहीं देंगे, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय बन सकता है। अगर हम इस पर ध्यान दें और इसके लिए तैयारी करें, तो भारत ऐसी चेतावनियों का करारा जवाब देने में सक्षम है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा कि अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा? इस पर राजनाथ सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में उस लुटेरी मानसिकता की ओर इशारा किया है, जिसका पाकिस्तान जन्म से ही शिकार रहा है। हमें पाकिस्तानी सेना का यह भ्रम तोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनके मन में ऐसा भ्रम पैदा ही नहीं होना चाहिए था। लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत की समृद्धि, संस्कृति और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ हमारी रक्षा क्षमताएं मजबूत रहे। राष्ट्रीय सम्मान के लिए लड़ने का जज्बा भी जरूरी है।

## लैंगिक समानता व समावेशी नेतृत्व को बढ़ावा दे रहा भारत

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत संयुक्त राष्ट्र तथा शांति मिशनों में सैन्य योगदान देने वाले देशों के साथ मिलकर लैंगिक समानता और समावेशी नेतृत्व को बढ़ावा देकर दुनिया में स्थायी शांति कायम करने की दिशा में काम कर रहा है।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां भारत सहित 15 देशों की महिला सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत की। ये अधिकारी मानेकशॉ सेंटर में दो सप्ताह के संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम में भाग ले रही हैं। रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र द्वारा आयोजित इस कोर्स का उद्देश्य बहुआयामी संयुक्त राष्ट्र मिशनों में प्रभावी भागीदारी के लिए महिला सैन्य अधिकारियों की पेशेवर क्षमता को बढ़ाना है। रक्षा मंत्री ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों में योगदान देने वाले सबसे बड़े देश के रूप में भारत इन मिशनों में उनकी भागीदारी का प्रबल समर्थक रहा है।

# सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सम्भल मस्जिद विवाद में 25 अगस्त तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। उन्होंने हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस भी जारी किया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने यह आदेश पारित किया।



शीर्ष अदालत मस्जिद समिति की ओर से दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में सम्भल की एक अदालत की ओर से दिए गए सर्वेक्षण के खिलाफ उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी और सर्वेक्षण के लिए सिविल अदालत के निर्देश को बरकरार रखा गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश और मुकदमा विचारणीय है। मस्जिद समिति ने पिछले साल 19 नवम्बर को सिविल जज की ओर से मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश देने वाले आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया था, जो उसी दिन हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्यूटी पर गैरहाजिर सात डाक्टर होंगे बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बिना किसी सूचना के लगातार गैरहाजिर रहने वाले सात डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि झांसी जिला चिकित्सालय में तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. मुकुल मिश्र, अमेठी के बाजार शुक्ल न्यू सीएचसी के डा. विकास कुमार मिश्र, अमेठी के जगदीशपुर न्यू सीएचसी के डॉक्टर विकलेश कुमार शर्मा, बरेली सीएमओ के अधीन डा. दीपेश गुप्ता, सीतापुर मिश्रिख सीएचसी में गायनी की डा. श्वेता सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डा. विक्रांत आनंद और हाथरस जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट डा. मोहम्मद राफे लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे थे। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने संपर्क किया, लेकिन जवाब नहीं आया। उपमुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लिया। गैरहाजिर डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज में ईएनटी विभाग के सहायक आचार्य डा. अभिषेक कुमार शाह वर्ष 2023 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं।

### दो और कर्मचारी बर्खास्त, आतंकियों से संबंध का आरोप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवादियों से कथित तौर पर संबंध रखने के कारण शुक्रवार को दो सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। इनमें कुपवाड़ा जिला निवासी स्कूल शिक्षक खुर्शीद अहमद राठेर और भेड़पालन विभाग में सहायक पशुपालक सियाद अहमद खान शामिल हैं। यह बर्खास्तगी संविधान के अनुच्छेद 311(2)(ग) के तहत की गई है।

# उप्र में सात महीनों में 28 लाख से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक लाख 51 हजार 627 लोगों को बिल्लियों ने काटा तीन लाख 40 हजार 584 लोगों को बंदर ने काटा: डा. सक्सेना

**लखनऊ।** उप्र में जनवरी से लेकर जुलाई के बीच 28 लाख से अधिक लोग कुत्तों के काटने का शिकार बन चुके है।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश में जनवरी से जुलाई के बीच कुत्तों ने 28 लाख 50 हजार 744 लोगों को काटा जिनमें आवारा कुत्तों ने 22 लाख 50 हजार 218 और पालतू कुत्तों ने एक लाख 51 हजार 627 लोगों पर अपने दांत गड़ाए। इस अवधि में केवल जानवरों के काटने के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि 33 लाख 83 हजार 712 लोग अलग अलग जानवरों के काटने के शिकार हुए हैं, जिनमें स्ट्रीट डॉग से लेकर पालतू कुत्ते, बिल्ली, बंदर, सियार, लोमड़ी, घोड़े के काटने का मामले शामिल है। स्वास्थ्य महानिदेशालय के डा. पंकज सक्सेना ने बताया कि एक लाख 51 हजार 627 लोगों को बिल्लियों ने अपना शिकार बनाया है। इसी तरह तीन लाख 40 हजार 584 लोग बंदर के काटने का शिकार हुए हैं।

वहीं सियार, लोमड़ी व घोड़े के काटने से 47 हजार 757 लोग प्रभावित हुए हैं। इन सभी आंकड़ों को मिलाकर कुल 33,83,712 लोग काटने से प्रभावित हुए हैं। डा. सक्सेना के मुताबिक जनवरी से लेकर जुलाई के बीच केवल दो लोगों की रैबीज के चलते मौत होने की रिपोर्ट दर्ज है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों को रैबीज के इंजेक्शन लगवाने की व्यवस्था सभी बड़े अस्पतालों सहित सीएचसी में उपलब्ध है। स्वास्थ्य महानिदेशक डा. आरपी सिंह सुमन ने बताया कि रैबीज के इंजेक्शन की व्यवस्था केवल महिला चिकित्सालयों में नही है। क्योंकि वहां अमूमन लोग नहीं जाते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने विधायक आरिफ मसूद को दी राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक कॉलेज की संबद्धता हासिल करने के मामले में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। पीठ ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस बीच उच्च न्यायालय के उस आदेश के पैरा 13 में दिए गए निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई स्थगित रहेगी। उच्च न्यायालय के संबंधित आदेश में इसी पैरा में मसूद और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया था।

# शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाएं या हाजिर हों अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा: हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि शिक्षामित्रों के सम्मानजनक मानदेय बढ़ाने के लिए रिट कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश का पूर्ण अनुपालन करते हुए हलफनामा दाखिल किया जाए।

अन्यथा बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, कंचन वर्मा शिक्षा महानिदेशक स्कूल शिक्षा, प्रताप सिंह बघेल निदेशक बेसिक शिक्षा व सुरेंद्र कुमार तिवारी सचिव बेसिक शिक्षा परिषद 18 सितम्बर को न्यायालय में हाजिर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी की एकल पीठ ने वाराणसी के विवेकानंद की अवमानना अर्जी पर दिया। अवमानना अर्जी पर राज्य सरकार यह कहते हुए बार-बार समय मांग रही है कि लगभग एक लाख चालीस हजार शिक्षामित्रों का मामला है। मानदेय बढ़ाने पर आर्थिक बोझ को देखते हुए विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के बीच में मंत्रणा चल रही है, ताकि जितेंद्र कुमार भारती के केस में पारित आदेश का समग्र अनुपालन किया जाए सके। राज्य की ओर स्थायी अधिवक्ता ने आदेश का पालन करने के लिए एक माह का और समय मांगा। इसपर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए 18 सितम्बर को अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया अन्यथा की अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सहित तीन अन्य अधिकारी न्यायालय में उपस्थित रहेंगे। अधिवक्ता सत्येंद्र चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि 2023 में जितेंद्र कुमार भारती सहित 10 अन्य ने शिक्षामित्रों के समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने इस मांग को मानने से इन्कार कर दिया था। हालांकि कोर्ट ने शिक्षामित्रों के मानदेय को न्यूनतम मानते हुए राज्य को समिति का गठन कर एक सम्मानजनक मानदेय निर्धारित करने का निर्देश दिया था। समिति का गठन व मानदेय बढ़ाए जाने पर सरकार की ओर से कोई फैसला नहीं लेने पर विवेकानंद ने अवमानना याचिका दाखिल की है।

## औद्योगिक विकास में अप्रत्याशित वृद्धि, उधार का बोझ भी बढ़ा

# उत्तर प्रदेश का हर व्यक्ति 37500 का कर्जदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनउफ।** उत्तर प्रदेश में जहां बुनियादी और औद्योगिक विकास में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, वहीं विभिन्न संस्थाओं से लिए उधार का बोझ भी बढ़ा है।

चालू वित्त वर्ष में अब तक उप्र के प्रत्येक व्यक्ति पर करीब 37500 रुपए का ऋण है। पांच साल में उप्र पर उधार 6 लाख करोड़ से बढ़कर 9 लाख करोड़ होने का अनुमान है। राज्य वित्त आयोग के मुताबिक इसके बावजूद सरकार का राजस्व घाटा 2.97 फीसदी है, जो आरबीआई की निर्धारित सीमा के अंदर है। यही वजह है कि पांच साल में बजट का आकार भी करीब दोगुना हो गया है। राज्य वित्त आयोग के मुताबिक राज्य के ऊपर उधार का बोझ विकास का संकेतक होता है, क्योंकि जितना ज्यादा खर्च बुनियादी ढांचे के विकास पर होता है उतना ही ऋण बढ़ता है। शर्त ये है कि ये खर्च पारदर्शी और प्रबंधन नीति के तहत किया जाए। यानी ऋण का आकार नहीं, बल्कि उसका उपयोग और पुनर्भुगतान की योजना ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। अत्यधिक ऋण से विकासशील अर्थ व्यवस्था पर दबाव बढ़ता है और ब्याज भुगतान में वृद्धि होती है। ऐसे में उप्र जैसे राज्य के लिए इसका संतुलन जरूरी है। वित्त आयोग के मुताबिक वर्ष 23-24 में राज्य सरकार पर कुल ऋण करीब 7.76 लाख करोड़ रुपए था जो वर्ष 25-26 में 9 लाख करोड़ रुपए के पार होने का अनुमान है। राजकोषीय घाटा वह स्थिति होती है, जब सरकार का कुल खर्च, उसकी कुल प्राप्तियों (ऋण को छोड़कर) से अधिक हो जाता है। यह घाटा इस बात का संकेत होता है कि सरकार को अपने खर्च पूरा करने के लिए कितनी उधारी की जरूरत पड़ी। दूसरे शब्दों में, राजकोषीय घाटा सरकार की वित्तीय जरूरतों और संसाधनों के बीच का अंतर दर्शाता है।



■ पांच साल में राज्य का ऋण छह से बढ़कर नौ लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान: राज्य वित्त आयोग

### उधारी से खर्च कर रही है यूपी सरकार

सरकार कितना खर्च अपनी आय से नहीं, बल्कि उधारी से कर रही है। अगर यह घाटा लगातार अधिक बना रहता है, तो इससे सरकार पर ऋण और ब्याज का बोझ बढ़ता है। हालांकि सीमित और नियंत्रित राजकोषीय घाटा हमेशा नकारात्मक नहीं होता। यदि सरकार इस उधारी का उपयोग सड़क, बिजली, जल, शिक्षा और स्वास्थ्य अवसंरचना आदि पर करती है, तो इससे आर्थिक विकास होता है और राजस्व बढ़ता है। उप्र का वित्त वर्ष 2025-26 में अनुमानित राजकोषीय घाटा 91400 करोड़ है, जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2.97 प्रतिशत है। यह घाटा केंद्र सरकार के अधिनियम के तहत निर्धारित 3 फीसदी की सीमा के भीतर है। इससे स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखा है।

**कुल ऋणग्रस्तता ( करोड़ में )**

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 564089 |
| 2021-22 | 621836 |
| 2022-23 | 671134 |
| 2023-24 | 776783 |
| 2024-25 | 846096 |
| 2025-26 | 903924 |

# स्मार्ट नगर पालिका योजना से बदलेगा शहरी परिदृश्य: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट-विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक- केंद्रित स्वरूप में विकसित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस पर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि योजना के अंतर्गत नगर पालिकाओं में गौरव पथ, पिंक टॉयलेट, शहरी सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम व आंगनबाड़ी, थीम आधारित पार्क, ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण, जलाशयों का पुनर्जीवन, ईवी चार्जिंग स्टेशन, ग्रीन क्रेमेटोरियम और डिजिटल सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए उत्सव भवन, सामुदायिक केंद्र और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' आधारित ढांचे भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर लागू किया जा सकता है।



सेंसेक्स 81306.85
निफ्टी 24870.10



सोना रु. 99242
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113931
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तेजी थमी, सेंसेक्स फिसला

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में लगातार छह दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 693.86 अंक यानी 0.85 प्रतिशत लुढ़ककर 81,306.85 अंक पर आ गया। मुनाफा वसूली के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 213.65 अंक (0.85 प्रतिशत) टूटकर 24,870.10 अंक पर बंद हुआ। बाजार में आज शुरू से ही बिकवाली हावी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 49.23 अंक की गिरावट में 81,951.48 अंक पर खुला। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,993.61 अंक और निचला स्तर 81,291.77 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 2.44 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.94 प्रतिशत, आईटीसी में 1.84, टाटा स्टील में 1.83, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.77 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.68 प्रतिशत की गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी टूट गए।

महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे अधिक 0.79 फीसदी की तेजी रही। मारुति सुजुकी, सनफार्मा और बीईएल के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 19.16 अंक नीचे 25,064.15 अंक पर खुला। यह ऊपर 25,084.85 अंक और नीचे 24,859.15 अंक से होता हुआ अंत में 24,870.10 अंक पर बंद हुआ। लगातार छह दिन की तेजी के बाद बाजार में ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली देखी गई। एनएसई में जिन 3,050 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,762 में गिरावट और 1,178 में तेजी रही, जबकि 110 कंपनियों के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर कम दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.06 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.26 प्रतिशत फिसल गया। धातु, बैंकिंग, रियलिटी, एफएमसीजी, आईटी और ऑटो सेक्टर दबाव में रहे। वहीं फार्मा, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में तेजी रही। वैश्विक स्तर पर एशियाई बाजार बढ़त में रहे। जापान का निक्केई 0.05 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.93 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.45 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 95 रुपए बढ़कर 99,242 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल सोना 98,147 पर था। चांदी की कीमत आज 1,241 रुपए बढ़कर 1,13,931 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल इसका भाव 1,12,690 रुपए पर था।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 100680 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,530 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,150 थी, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,530 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,150 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,530 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,150 थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिकी टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। चांदी भी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, दालों-खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं में नरमी रही। चीनी के भाव में लगभग टिकाव रहा। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 71 रिंगिट की बढ़त के साथ 4,531 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.26 प्रतिशत चढ़कर 54.01 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़कर 3,843.59 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं लगभग दो रुपए प्रति क्विंटल गिरकर 2,835.75 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटे की कीमत 3,293.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। सरसों तेल औसतन 48 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मूंगफली तेल में भी 47 रुपए की तेजी रही। वनस्पति में तीन रुपए की गिरावट देखी गयी। पाम ऑयल की कीमत लगभग स्थिर रही। सूरजमुखी तेल में 21 रुपए की तेजी रही। सोया तेल नौ रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गयी। तुअर दाल 56 रुपए टूट गयी जबकि मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 26 रुपए प्रति क्विंटल गिर गयी। बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब तीन रुपए घट गयी। चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा। दाल-दलहन: दाल चना 7977.50 रुपए, मसूर काली 8140.07 रुपए, मूंग दाल 10100.04 रुपए, उड़द दाल 10448.54 रुपए, अरहर दाल 10757.87 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...


**स्यानाचट्टी में...**
को जल्द से जल्द खोलने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन, पीडब्ल्यूडी की टीमें मौके पर हैं। पूरे क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यमुनोत्री के विधायक संजय डोभाल तथा उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य स्वयं मौके पर मौजूद हैं। स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम में भी ग्राउंड जीरो पर मुस्तैद हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने स्यानाचट्टी के लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं। जल्द ही झील के पानी की निकासी कर दी जाएगी। प्रशासन द्वारा लोगों के लिए सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं।

**आवारा कुत्तों....** फिलहाल स्थगित रखा जाएगा। पीठ ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ऐसे विशेष भोजन क्षेत्र बनाएं, जहां लोग आवारा कुत्तों को खाना खिला सकें। पीठ ने कहा कि नगर निकायों की ओर से विशेष नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे। पीठ ने साफ किया कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं होगी। पीठ ने कहा कि निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें साफ लिखा होगा कि आवारा कुत्तों को केवल उन्हीं क्षेत्रों में खाना खिलाया जाएगा। पीठ ने कहा कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ संबंधित कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि किसी लोक सेवक को अपना कर्तव्य निभाने से रोका जाता है, तो वह इसके लिए उत्तरदाई होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद लेने के लिए एमसीडी के सामने आवेदन कर सकते हैं। इस मामले का दायरा पूरे भारत में बढ़ाते हुए पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाया और आवारा कुत्तों के मुद्दे पर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को अपने पास स्थानांतरित कर लिया। पीठ ने 11 अगस्त के निर्देश पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने मामले की सुनवाई आठ सप्ताह बाद निर्धारित की। इससे पहले शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से खासकर बच्चों में रेबीज होने की एक मीडिया रिपोर्ट पर 28 जुलाई को शुरू किए गए एक स्वत: संज्ञान मामले में अपना आदेश सुनाया था। सर्वोच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने 11 अगस्त को कई निर्देश पारित किए थे, जिनमें दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद के अधिकारियों को सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़ना शुरू करने और उन्हें आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# 2027 विधानसभा चुनाव व पार्टी कार्यक्रमों को लेकर मंथन

## भाजपा के कार्यक्रमों को लेकर वरिष्ठ नेताओं की बैठक, पंचायत नतीजों पर सरकार-संगठन की रणनीति को सराहा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम की मौजूदगी में मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसदों की संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें पंचायत चुनाव परिणामों, 27 के विधानसभा चुनाव और प्रदेश एवं जिला टीमों के गठन पर चर्चा हुई। इस दौरान सभी सांसदों ने पंचायत चुनाव में शानदार जीत में सरकार और संगठन के समन्वय और आपदा प्रबंधन को लेकर जमकर प्रशंसा की।

दिल्ली में हुई इस बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी श्रीमती रेखा वर्मा, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, महारानी माला राज्यालक्ष्मी शाह और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार शामिल हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें मुख्यत, वर्तमान पंचायत चुनाव में आए शानदार नतीजे, 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति, राज्य सरकार की उपलब्धियां, सांसदों की आगामी संगठन कार्यक्रम को लेकर सक्रियता, पार्टी के प्रदेश और जिला कार्यकारिणियां का गठन विषय शामिल रहे।

बैठक के बाद मीडिया से बात. चीत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष भट्ट ने कहा, 2027 के चुनाव की दृष्टि और सरकार एवं संगठन को लेकर सांसदों के विचार आए हैं। सरकार द्वारा भी राज्य मैं चलाए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों एवं मानसून सत्र की कार्यवाही की जानकारी साझा की गई। संगठन के आगामी कार्यक्रमों में किस तरह सांसदों की भूमिका और अधिक प्रभावी हो इसको लेकर उनके मंडलों में मंडलों, बूथों तक दौरों को लेकर भी चर्चा हुई। हाल में जो पंचायत चुनाव संपन्न हुए हैं उसमें अभूतपूर्व जीत पर सभी सांसदों ने सरकार और संगठन के समन्वय को सराहा है। वहीं इस बैठक में नए संगठन का भी निर्माण को लेकर भी बातचीत हुई। जिसमें सभी 19 संगठनात्मक जिलों के प्रतिनिधित्व के साथ सभी समा. जों महिला, एससी, एसटी, ओबीसी की भूमिका निर्धारण को लेकर भी चर्चा हुई।



### त्रिवेंद्र रावत पार्टी के वरिष्ठ नेता, वो कभी नाराज नहीं हो सकते: गौतम

वहीं प्रदेश प्रभारी गौतम ने ने कहा कि, समय समय पर सभी सांसदों के साथ पार्टी और मुख्यमंत्री की इस तरह की मुलाकात होती रहती है। जिसमें सरकार और संगठन द्वारा किए गए पूर्व के कामों और आगामी किस तरह से आगे बढ़ाना है उस पर चर्चा होती है। बैठक में जानकारी दी गई कि आपदाग्रस्त उत्तराखंड में क्या-क्या काम सरकार ने किए हैं और आगे क्या बेहतर हो सकता है उसे संबंध में सुझाव मांगे गए। वहीं प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर सेवा पखवाड़े के विभिन्न कार्यक्रमों की रचना पर भी बातचीत हुई। वही सांसदों की अनुपस्थिति को लेकर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सांगठनिक व्यवस्था एवं निजी कार्यक्रमों के चलते से कुछ सांसद बाहर हैं। पूर्व सीएम की नाराजगी को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि त्रिवेंद्र रावत पार्टी के इतने वरिष्ठ नेता हैं कि वो कभी नाराज नहीं हो सकते।

### चुनाव नजदीक आते ही हरक बनेंगे कांग्रेस की मुसीबत: भट्ट

मीडिया के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ हरक सिंह रावत की हैसियत वाली चुनौती को लेकर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जनता ने तो उनको पहले ही हैसियत दिखा दी है, उनकी स्थिति खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे जैसी बन गई है। जैसे-जैसे चुनाव समीप आएंगे हरक सिंह रावत खुद कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ी मुसीबत बनने वाले हैं। **कहा -युवा मोर्चा पदाधिकारी को लेकर कानून कर रहा अपना काम:** एक प्रकरण में युवा मोर्चा पदाधिकारी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि कानून अपना काम कर रहा है। आरोपी पदाधिकारी पुलिस की हिरासत में है, पार्टी द्वारा भी उसे सभी पदों से तत्काल निकाल दिया गया है। भाजपा की सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करती है, इसलिए दोषी कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा।

---

कानून व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी

## देवभूमि में गन कल्चर का बढ़ना चिंताजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य में बढ़ती चुनावी हिंसा और अपराधों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में गन कल्चर का बढ़ना चिंताजनक है। नैनीताल सहित अन्य जिलों में हाल की हिंसक घटनाओं का हवाला देते हुए कोर्ट ने डीजीपी दीपम सेठ और गृह सचिव शैलेश बगौली को वर्चुअल माध्यम से पेश होने के आदेश दिये थे। कोर्ट ने अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों का पता लगाकर दोषियों पर कार्रवाई करने और नशे व हथियारों के नेटवर्क को तोड़ने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चुनावी हिंसा, अवैध खनन जैसे अपराधों पर रोक के लिए दो सप्ताह में विस्तृत ब्लूप्रिंट बनाकर पेश करने को कहा है। अगली सुनवाई 12 सितंबर को होगी। इस बीच, कोर्ट ने पुलिस सिपाहियों की कार्य अधिकता और तनाव पर चिंता जताते हुए उनकी बेहतरी के लिए भी निर्देश जारी किए।



■ अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों का पता लगा कर दोषियों पर कार्रवाई के आदेश

### पुनर्मतदान याचिका पर अगली सुनवाई 26 अगस्त को

नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में पुनर्मतदान की मांग को लेकर पूनम बिष्ट की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो की जांच रिपोर्ट में ओवरराइटिंग के आरोपों को सरकार ने खारिज किया है। मामले की अगली सुनवाई 26 अगस्त को तय की गई है।

---

## राज्य में पुलों व सड़कों के लिए गडकरी देंगे धन की मदद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र सहित राज्य के विभिन्न भागों में हाल ही में आई आपदा व अतिवृष्टि के कारण सड़कों और पुलों को हुए भारी नुकसान की जानकारी केंद्रीय मंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से धराली क्षेत्र में सड़कों और पुलों को हुए व्यापक नुकसान का उल्लेख करते हुए इनके शीघ्र मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए केंद्रीय सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी अतिवृष्टि से प्रभावित सड़कों व पुलों की जानकारी साझा करते हुए इनके लिए भी केंद्र सरकार से शीघ्र सहायता प्रदान किए जाने की आवश्यकता जताई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री को सभी आवश्यक सहायता का सकारात्मक आश्वासन दिया।



---

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की चिकित्सकों को बड़ी सौगात

## राज्य के चिकित्सकों को मिलेगा एसडी-एसीपी का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्सा अधिकारियों को अब एसडी एसीपी का लाभ प्रदान किया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के चिकित्सकों को बड़ी राहत और सौगात दी है। इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने आदेश जारी कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हमारे डॉक्टर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर पहाड़ की कठिन परिस्थितियों में भी चिकित्सक पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उनके हितों का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। एसीपी का लाभ मिलने से चिकित्सकों को न केवल आर्थिक मजबूती मिलेगी बल्कि सेवा के प्रति और अधिक समर्पण की भावना भी बढ़ेगी। सरकार हमेशा अपने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ खड़ी है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के आद. ेशानुसार प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्सा अधिकारियों को एसीपी का लाभ शासनादेश संख्या 654 (दिनांक 14.07. 2016) तथा शासनादेश संख्या 154 (दिनांक 04.02.2019) में निहित प्रावधानों के तहत प्रदान किया जाएगा। स्क्रीनिंग कमेटी की संस्तुति के आधार पर इस लाभ की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कुल 196 पदों का विवरण इस प्रकार है। लेवल 11 में 70 पद स्वीकृत हैं जिनका ग्रेड पे ₹5400 है। लेवल 12 में 56 पद हैं जिनका ग्रेड पे रुपये 6600 निर्धारित है। लेवल 13 में दो श्रेणियाँ हैं, जिनमें 27 पद रुपये 7600 ग्रेड पे तथा 43 पद रुपये 8700 ग्रेड पे वाले हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर सभी स्तरों को मिलाकर 196 पद बनते हैं। इस फैसले से बड़ी संख्या में चिकित्साधिकारियों को लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

---

## फसलों के नुकसान का नियमित रूप से करें सर्वेक्षण: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अतिवृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की समीक्षा की।

बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की विस्तृत जानक. ारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाय। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसलों के नुकसान का नियमित रूप से सर्वेक्षण कर प्रतिदिन की रिपोर्ट मंत्रालय को भेजी जाए। कृषि मंत्री जोशी ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार के मानकों के अनुसार शीघ्र कागजी कार्यवाही पूरी कर किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, ताकि आपदा से प्रभावित कृषकों को तुरंत राहत मिल सके।



बैठक के दौरान किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए भारत सरकार की ओर से तय मानकों के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से भी किसानों को उनकी फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए अतिरिक्त सहायता देने पर भी चर्चा की गई। इस संबंध में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को शीघ्र आंकलन कर प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है और किसान भाइयों की हर संभव मदद की जाएगी।

बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण कृषि भूमि में सिंचित और असिंचित मिलाकर लगभग 28 हैक्टेयर क्षेत्रफल में नुकसान हुआ है। इसी प्रकार उद्यान क्षेत्र में 4800 हैक्टेयर में फसलों को क्षति पहुँची है। अधिकारियों ने बताया कि उपरोक्त क्षति का क्षेत्रफल भारत सरकार के आपदा के मानकों के अनुसार 33 प्रतिशत से अधिक है, जो मुआवजा वितरण की श्रेणी में आता है।

इस अवसर पर कृषि महानिद. ेशक रणवीर सिंह चौहान, निदेशक कृषि परमाराम, बागवानी मिशन महेंद्र पाल, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 'प्रोजेक्ट 21': साहसिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: डॉ. सैनी

**देहरादून।** उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की और से उत्तराखंड के अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने व सजीव (वाइब्रेंट) गाँवों में आजीविका के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से 'प्रोजेक्ट 21' को साकार किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के साहचर्य में 'प्रोजेक्ट 21' नामक एक ऐतिहासिक अभियान आरंभ किया है। इस अभियान के तहत वह राज्य के इंडो-तिब्बत सीमा पर स्थित 21 उच्च हिमालयी दर्रों पर आरोहण करेंगे। सचिव पर्यटन धीराज सिंह गढ़वाल ने कहा कि यह पहल साहसिक पर्यटन को सशक्त बनाने, सतत पर्यटन के नए अवसर विकसित करने व राज्य के सुदूरवर्ती सीमा क्षेत्र के ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

---

## हरक के बाद आर्य ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस फिलहाल सत्तासीन भाजपा पर हमलावर है, पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत के 30 करोड़ की एफडी वाले बयान पर अभी बवाल थमा भी नही था, कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा की और से जमा की गई आजीवन सहयोग निधि को लेकर गंभीर आरोप लगाए है।

उल्लेखनीय है कि 2016 की बगावत के बाद हरक और 2017 के चुनाव से पहले यशपाल आर्य भाजपा में चले गये थे। अब दोनो ही नेता कांग्रेस में लोट चुके है। यशपाल आर्य ने कहा कि जब वो भाजपा में थे तो उन्होंने भी आजीवन सहयोग निधि में चेक के जरिए रुपए दिए थे। यशपाल आर्य ने चौलेंज देते हुए ये कहा कि यदि सरकार ईमानदार है तो भाजपा संगठन ने आजीवन सहयोग निधि से जो धन इकट्ठा किया है, उसे सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि तस्वीर साफ हो जाए। वहीं, हरक सिंह रावत के आरोपों पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि ये भाजपा के लिए बड़ा बम है, जिसका तोड़ भाजपा के पास नहीं है। हरीश रावत ने कहा कि हरक सिंह रावत के बयान के बाद अब साफ हो गया है कि भाजपा ने सिर्फ पार्टी चलाने के लिए नहीं बल्कि अपना घर भरने के लिए भी जनता को लूटा है।

### भाजपा मुक्त होने तक नही पहनुंगा माला: हरक सिंह

**देहरादून।** अपने बयानों और वचनों का लेकर विख्यात हरक सिंह रावत ने भाजपा पर 30 करोड़ की एफडी बनाने में खनन कारोबियों से दस-दस लाख रुपए लेने का आरोप लगाने के बाद शुक्रवार को एक और प्रतिज्ञा ली है।शुक्रवार को राजीव भवन में आयोजित विधायकों के सम्मान समारोह में जब हरक सिंह को माला पहनाई जा रही थी, तो उन्होने माला पहनने से इंकार करते हुए कहा कि जब तक उत्तराखण्ड से भाजपा को समाप्त नही कर देता माला नही पहनूंगा। इससे पहले हरक सिंह ने प्रेस कांफ्रेस कर कहा था कि भाजपा ने पार्टी चलाने के लिए बैंक में तीन करोड़ की एफडी कराई है, उन्होंने भी हल्द्वानी और रामनगर के खनन कारोबियों से दस-दस लाख रुपए के चेक लेकर एक करोड़ जुटाए थे। हरक सिंह रावत ने तो यहां तक कह दिया था कि एफडी में किन-किन लोगों ने कितनी धनराशि दी है, इसकी जांच यदि ईडी ने ईमानदारी के साथ की, तो पूरी भाजपा सलाखों के पीछे होगी।

---

## सत्ता में आए, तो गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाएंगे: हरीश

### पूर्व सीएम हरदा ने थपथपाई कांग्रेसी विधायकों की पीठ

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** भाजपा ने गैरसैंण को बिल्कुल गैर मान लिया। चार दिन के विधानसभा सत्र को डेढ़ दिन में ही समाप्त करके पूरी सरकार भाग खड़ी हुई। हमारा वादा है गैरसैंण के लोगों से भाजपा ने तुमको ठगने का काम किया, 2027 में कांग्रेस सत्ता में आएगी तो हम गैरसैंण को राज्य की स्थाई राजधानी बनाएगी। हमने ही शुरुआत की हम ही उस शुरुआत को पूरा भी करेंगे। यह बात शुक्रवार को पूर्व सीएम हरीश रावत ने कांग्रेस भावन में आयोजित विधायकों के सम्मान समारोह में कही।



हाल ही में सम्पन्न हुए विस सत्र में कांग्रेसी विधायकों की और से जनहित के मुद्दों पर सरकार को आईना दिखाने पर हरीश रावत ने विधायकों की पीठ थपथपाई। कहा कि हमने नेता प्रतिपक्ष समेत विधायकों का सम्मान किया है। कांग्रेसी नेताओं ने ये संकल्प लिया है कि साल 2027 में कांग्रेस को लाना है, सत्ता में कांग्रेस की वापसी को अपनी एकजुटता और अपने संघर्ष से लाना है। ऐसे में नए उत्साह के साथ नए संघर्ष और नए कांग्रेस के साथ काम को प्रारंभ कर रहे हैं। कांग्रेस की रणनीतियों के सवाल पर हरीश रावत ने कहा कि जिन्होंने लोकतंत्र और पंचायती राज की भावना की हत्या की है, उनको गांव-गांव तक ले जाया जाएगा। ऐसे में कांग्रेस विधायकों का सम्मान करने के माध्यम से जनता को संदेश देंगे कि भाजपा ने पंचायती राज का अपहरण और हत्या करने का काम किया है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस के सभी नेता, वरिष्ठ नेता सड़क पर उतरने और लड़ाई को लड़ने को तैयार हैं। हम सभी एक कार्यकर्ता के रूप में लड़ाई लड़ेंगे।

### चतुर्भुज बनाएगी जीत की रणनीति

**देहरादून।** सत्ता में वापसी के लिये संघर्ष कर रही कांग्रेस 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर गंभीर दिखाई दे रही है। मानसून सत्र में एक जुटता दिखाने की जो कोशिश की गई है, उसे आगे बढ़ाने में कांग्रेसी व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। विस चुनाव में महज डेढ़ साल का समय ही बचा है, ऐसे में उत्तराखंड के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने रणनीतियों को धार देने की कवायद शुरू कर दी है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने खुद नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत सभी कांग्रेस विधायकों को सम्मानित कर पार्टी में नई जान फूंकने का काम किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि हरदा की हौसला अफजाई कांग्रेसियों को ताकत देगी।कांग्रेस एकजुट होकर प्रदेश में एक यात्रा पर निकलने वाली है, जिसकी रणनीति प्रदेश कांग्रेस कमेटी बनाएगी। साथ ही कहा जा रहा है कि कांग्रेस का चतुर्भुज नेतृत्व जिसमें यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह, करन माहरा और गणेश गोदियाल शामिल हैं, वो आगे की पूरी रणनीति तैयार करेंगे।

---

## पदक विजेताओं को नगद इनाम राशि 29 अगस्त को मिलेगी : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को उनकी नगद इनाम धनराशि 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के समारोह में प्रदान की जाएगी। इनके अलावा प्रदेश के खिलाड़ियों को कुल मिलाकर लगभग 22 करोड रुपए की धनराशि इस दिन वितरित की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने शुक्रवार को खेल निदेशालय के सभागार में आयोजित बैठक में इस समारोह की तैयारी की समीक्षा की। बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि परेड ग्राउंड में 29 अगस्त को भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमे पांडवाज बैंड की परफॉर्मेंस भी होगी। इसके अलावा योगासन और मलखंब जैसी खेल विधाओं का प्रदर्शन भी समारोह में किया जाएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि समारोह में 38 वे राष्ट्रीय खेल के पदक विजेताओं को उनकी नगद इनाम धनराशि के 11.69 करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड के लिए पदक जीतने वाले कुल 432 खिलाड़ियों और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश के लिए पदक जीतने वाले उत्तराखंड के 27 खिलाड़ियों को भी नगद इनाम धनराशि वितरित की जाएगी। बैठक में खेल निदेशक आशीष चौहान, अपर निद. ेशक अजय अग्रवाल, उपनिदेशक शक्ति सिंह और महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई आदि उपस्थित रहे।



---

## आपदा से क्षतिग्रस्त स्कूलों का शीघ्र तैयार करें आगणन: डॉ. रावत

### 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्कूलों में मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेशभर में प्राकृतिक आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुये विद्यालयों के पुनर्निर्माण व मरम्मत के लिये विभागीय अधिकारियों को शीघ्र विस्तृत आगणन तैयार करने के निर्देश दे दिये गये हैं, ताकि क्षतिग्रस्त विद्यालयों की मरम्मत की जा सके। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जायेगा। इसके लिये जनपद व ब्लॉक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को यमुना कॉलोनी स्थित शासकीय आवास पर शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हुये विद्यालयों की जानक. ारी विभागीय अधिकारियों से ली। उन्होंने माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों, दीवारों, छतों, प्रांगण, बाउंड्रीवॉल आदि परिसम्पतियों की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए अधिकारियों को पांच दिन के भीतर विस्तृत आगणन (एस्टिमेट) तैयार कर शिक्षा महानिदेशालय को भेजने के निर्देश दिये, ताकि आपदा मोचन निधि से जारी धनराशि से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त विद्यालयों के निर्माण व मरम्मत कार्य के लिये धन की कमी आड़े नहीं आयेगी, यदि आवश्यकता पड़ी तो आपदा मद से पुनर्निर्माण कार्यों के लिये और धनराशि स्वीकृत की जायेगी।



बैठक में डॉ. रावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर के विद्यालयों में 'सेवा पखवाड़ा' मनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत विद्यालयों में विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, साथ्ज्ञ ही विशेष स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण गतिविधियाँ, नशामुक्ति जागरूकता रैलियाँ, डिजिटल शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जैसे कार्यक्रम भी संचालित किये जायेंगे। उन्होंने सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि सेवा पखवाड़े के सभी कार्यक्रम समन्वय एवं सहभागिता की भावना के साथ संचालित किये जाय और इस दौरान ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी गतिविधियों की निगरानी की जाय और इसका फॉलोअप भी लिया जाय। डॉ. रावत ने कहा कि शिक्षा विभाग केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों के संवर्धन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, अपर निदेशक एससीईआरटी पदमेन्द्र सकलानी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# झील में डूबा यमुनोत्री का पड़ाव स्यानाचट्टी, निचले इलाकों को खतरा

**स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल, प्रशासन से लगाई मदद की गुहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी**, 22 अगस्त । विश्व प्रसिद्ध धाम यमुनोत्री के पड़ाव स्यनाचट्टी में यमुना नदी पर झील बनने से स्यानाचट्टी जलमग्न हो गया है। यदि अचानक झील फूटती है तो निचले इलाकों में भारी तबाही हो सकती है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के अन्तर्गत स्यानाचट्टी में यमुना नदी पर झील बनने से निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। खासकर खरादी कस्बे और जल विद्युत परियोजना को झील के अचानक टूटने से भारी नुकसान की



आशंका है। इससे स्थानीय लोगों में दहशत है। गुरूवार दोपहर बाद कुपडा गदेरे में भारी मलबा आने से स्यानाचट्टी कस्बे में यमुना नदी पर बड़ी अस्थाई झील बन गई है। इसमें स्यानाचट्टी कस्बे के एक बड़े भाग में बने घर, होटल, गढ़वाल मंडल विकास निगम और बेसिक व माध्यमिक स्कूल डूब गए हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते स्यानाचट्टी के पास के गाड़-गदेरों में मलबा-बोल्डर जमा हो गए हैं। इससे यमुना नदी का प्रवाह बाधित हुआ और पानी रुकने से करीब आधा किलोमीटर लंबी और लगभग ढाई से तीन सौ मीटर चौड़ी झील बन गई। इस झील के बढ़ते जलस्तर में यमुनोत्री हाईवे पर बना मोटर पुल और स्यानाचट्टी कस्बा जलमग्न हो गया है। कस्बे में लगभग 30 घर और होटल हैं। हर तरफ पानी-पानी होने से स्थानीय लोगों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। क्षेत्र के गांवों-कुपड़ा, कुनसाला, त्रिखली व ओजरी में दहशत का माहौल है। होटल-मकान सब झील में डूबने से लोगों को भारी नुकसान की चिंता सताने लगी है।

साथ ही पुजार, कुथनोंर, उपली खरादी, निचली खरादी समेत निचले क्षेत्रों में यमुना किनारे बसे लोग दहशत में आ गए हैं। प्रशासन ने बड़कोट तक अलर्ट जारी किया है। लोगों को सतर्क व सावधान रहने के लिए कहा गया है।

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से तमाम घर और होटल खाली करा दिए हैं। साथ ही लोगों के लिए क्षेत्र से दूर रहने की सलाह जारी की गई है। एसडीआरएफ, पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर रहकर स्थिति पर पूरी रात भर नजर बनाए रखी। झील से पानी की निक.ासी को एनडीआरएफ की टीम भी उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची रही है।

## स्यानाचट्टी जलमग्न, गुस्साए लोग झील में उतरे लगाए नारे



गुरूवार को कुपडा गदेरे से आये भारी मलबा से यमुनोत्री धाम के मुख्य पड़ाव स्याना चट्टी में बनी अस्थाई झील बनने से आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को झील में उतरकार शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया। बादल में क्षेत्रीय विधायक का घेराव कर जमकर विरोध किया। प्रभावित ग्रामीणों का आरोप है कि लापरवाही की वजह से उनका घर-बार, खेत और कारोबार पानी में डूब गए हैं। मजबूरन उन्हें सुरक्षित जगहों पर शरण लेनी पड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पहले से बनी झील को समय रहते साफ कर दिया जाता और यमुना नदी को चौनलाइज किया जाता, तो आज यह भयावह स्थिति पैदा नहीं होती। ग्रामीणों ने बताया कि 28 जून की रात भी यहां अस्थायी झील बनी थी, लेकिन प्रशासन ने उसे हल्के में लिया। यही वजह है कि अब स्थिति और विकराल हो गई। आक्रोशित लोगों ने यमुनोत्री हाईवे पुल के पास झील में उतरकर प्रदर्शन किया, जिससे अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए।

## झील को खोलने के लिए सभी एजेंसियां मौके पर

**उत्तरकाशी:** यमुना नदी पर स्यानाचट्टी में मलबा आने से निर्मित झील को खोलने के लिए शुक्रवार को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस,खाद्य आपूर्ति और पीडबल्यूडी की टीमों सहित सभी एजेंसियां मौके पर तैनात रही । जिलाधिकारी प्रशांत आर्य मौके पर है साथ ही क्षेत्रीय विधायक ने स्थलीय निरीक्षण किया हैं।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा है कि स्थानीय लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन द्वारा लोगों के लिए सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहें हैं साथ ही मलबे से बनी कृत्रिम झील को खोलने के लिए सभी संबंधित एजेंसियां जुटी है। उन्होंने बताया कि पिछले एक घंटे में झील के जलस्तर में लगभग 2 फूट तक कमी आई है।

# आक्रोशित लोगों ने की चक्का जाम करने की कोशिश

## भारी पुलिस बल रहा तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** जितेंद्र कुमार की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को बिलकेदार में शव के साथ प्रदर्शन किया।

इसके बाद परिजन पैदल ही ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचे और चक्का जाम कर दिया। जिसके बाद कीर्तिनगर पुलिस और श्रीनगर पुलिस ने लोगों को चक्का जाम लगाने से रोका। करीब ढाई घंटे बाद उपजिलाधिकारी के आश्वासन के बाद परिजन शव को अत्येंष्टी के लिए ले गये, लेकिन उससे पहले पुलिस प्रशासन द्वारा उत्तराखंड क्रांति दल की नेत्री सरस्वती देवी को हिरासत लेकर पुलिस श्रीनगर के लिए रवाना हुई।

परिजनों को जैसी ही इसकी भनक पड़ी वह दुबारा शव के साथ धरने में बैठ गये और सरस्वती देवी की वापस लाने की मांग पर अड़े रहें।

जिसके कुछ देर बाद ही पुलिस प्रशासन सरस्वती देवी को घरना पर लाएं तक जाकर जितेंद्र कुमार की अत्येंष्टी हो पाई।

# संघ की मांग: प्रधानाचार्य सीधी भर्ती हो निरस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राशिसं के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर चल रहे चरणबद्ध आंदोलन को सफल बनाने के लिए राशिसं रुद्रप्रयाग की एक महत्वपूर्ण बैठक गूगल मीट के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में माध्यमिक निदेशक द्वारा जारी पत्र की घोर भर्त्सना की गई। जिसमें प्रांतीय कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त बताते हुए इसे अवैध करार दिया गया है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में आंदोलन को सफल बनाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष आलोक रौथाण ने कहा कि शासन और विभाग द्वारा जारी इस प्रकार के पत्रों से हम डरने वाले नहीं हैं। यह आंदोलन अब तभी समाप्त होगा, जब प्रधानाचार्य सीधी भर्ती निरस्त होगी और सभी स्तरों पर पदोन्नतियां सुनिश्चित होंगी। गूगल बैठक को प्रांतीय अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। उन्होंने जनपद रुद्रप्रयाग की कार्यकारिणी को आश्वस्त करते हुए कहा कि संगठन इस बार आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है। आप सभी इसी ऊर्जा और एकजुटता के साथ जनपद, मंडल और प्रांत का साथ दें। संगठन यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी साथी का अहित न हो। बैठक का संचालन जिला मंत्री शंकर भट्ट ने किया। उन्होंने सभी ब्लॉक कार्यकारिणी और विद्यालय शाखाओं से 25 अगस्त को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस दिन सभी शाखाओं से शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। बैठक में जनपद संरक्षक नरेश भट्ट ने कहा कि यह आंदोलन केवल शिक्षकों का ही नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता और न्यायपूर्ण पदोन्नति का भी प्रश्न है। शासन को यह समझ लेना चाहिए कि हम संगठन की एकता और मजबूती से पीछे नहीं हटेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जनपदीय उपाध्यक्ष शिशपाल पंवार ने कहा कि शिक्षक समाज अब ठान चुका है कि अपने हक और अधिकारों को लेकर अंतिम दम तक संघर्ष करेगा। विभाग की तानाशाही नीतियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर संयुक्त मंत्री दीपक नेगी ने कहा कि 25 अगस्त का धरना शिक्षक समाज की एकजुटता का प्रतीक होगा। जिस ताकत से आज रूद्रप्रयाग के साथी जुड़े हैं, वही ऊर्जा आगे की निर्णायक लड़ाई में हमारी जीत की गारंटी बनेगी। बैठक में जनपद कार्यकारिणी सहित तीनों ब्लॉक शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## एक नजर .......

### यमुनोत्री धाम समेत 12 गांवों का टूटा संपर्क

स्यानाचट्टी झील बनने से यमुनोत्री धाम समेत गीठ पट्टी के 12 गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट गया है। करीब 8,000 ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। झील का जलस्तर इतना बढ़ा कि यमुनोत्री हाईवे पर बना मोटर पुल 5 फीट पानी में डूब गया। नतीजतन राहत-बचाव टीम कल शाम प्रभावित इलाके तक नहीं पहुंच पाई। हालांकि, सिंचाई विभाग, एनएच, लोनिवि, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर डटी हुई हैं।

स्कूल बंद, 200 से ज्यादा बच्चे प्रभावित

### झील बनने से स्थानीय स्कूलों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई

स्यानाचट्टी स्कूल के 50 बच्चों को फिलहाल स्कूल न आने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं गंगनानी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 150 छात्राओं को सुरक्षा के तहत होटल में शिफ्ट किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी बीएस चौहान ने कहा कि जलस्तर सामान्य होने के बाद स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन क्लास के जरिए कराई जाएगी।

### रुद्रप्रयाग में नदी-नालों के किनारे से हटेगा अतिक्रमण

**तहसील प्रशासन ने डीएम को दिये अतिक्रमण हटाने के निर्देश**

**रुद्रप्रयाग।** वर्तमान में मानसून सत्र के दौरान नदी-नालों पर सरकारी भूमि में किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण जलभराव एवं बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है, जिससे जन सामान्य के जीवन, कृषि तथा परिसम्पत्तियों को गंभीर क्षति पहुंचने का खतरा बना हुआ है। जनहित एवं आपदा प्रबंधन की दृष्टि से जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने समस्त तहस.ीलों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक तहसील में तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम तत्काल गठित की जाय तथा गठित संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर तीन दिन के भीतर नियमानुसार नदी-नालों पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। की गई कार्यवाही का विस्तृत प्रतिवेदन फोटोग्राफ सहित जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध अतिक्रमण न केवल प्राकृतिक जल धाराओं के प्रवाह में बाधा उत्पन्न करते हैं बल्कि आपदा की स्थिति को और गंभीर बना देते हैं। सभी संबंधित विभाग संयुक्त रूप से समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि जनपद में किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति से बचा जा सके।

### विवि के छात्रावासों में शिकायत पेटी लगाएं जाने की मांग

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के छात्रावासों में रहने वाले छात्रों की समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मुख्य छात्रावास अधीक्षक से मिले। इस दौरान छात्रों ने छात्रावासों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को मुख्य छात्रावास अधीक्षक के सम्मुख रखा। शुक्रवार को गढवाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत राणा के नेतृत्व में छात्र मुख्य छात्रावास अधीक्षक से मिले। इस दौरान जसवंत राणा ने चौरास महिला छात्रावास में बने प्रतीक्षा कक्ष में आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध करवाएं जाने की मांग की। जिससे छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ सजकता से मिल सकें।

### गढ़वाल विवि में रिक्त सीटों पर प्रवेश 25 अगस्त तक

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में स्नातक स्तर पर रिक्त पड़ी सीटों पर प्रवेश पाने के लिए एक और मौका दिया है। सीयूईटी परीक्षा में सम्मलित छात्र-छात्राएं 25 अगस्त तक अपना पंजीकरण कर सकते है। गढ़वाल विवि के जन संपर्क अधिकारी आशुतोष बहुगुणा ने बताया कि रिक्त सीटों को भरने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का अनुपालन करते हुए सीयूईटी-यूजी प्रवेश परीक्षा में सम्मलित छात्र-छात्राएं गढ़वाल विवि के परिसरों और सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए 22 से 25 अगस्त तक पंजीकरण कर सकते है। बताया कि बीटेक प्रथम वर्ष की सभी शाखाओं में केवल एसटी श्रेणी के अंतर्गत रिक्त सीटें उपलब्ध है।

# मोदी सरकार में देशभर में खुले उच्च शिक्षण संस्थान: डा. नरेश बंसल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने गुवाहाटी असम में शुक्रवार को आईआईएम स्थापना ऐमेंडमेंड बिल पर चर्चा मे भाग लिया।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि यह विधेयक पीएम मोदी की सरकार की रिफार्म, परफार्म, ट्रान्सफार्म इस नीति को प्रकट करता है। वर्षो तक नॉर्थ ईस्ट अशांत रहा, वो पहले की सरक.ारों की नीतियों के कारण जो नार्थ ईस्ट की उपेक्षा हुई है जब से पीएम मोदी की सरकार आई पहले सी नॉर्थ, नार्थ ईस्ट, फिर एक्ट नार्थ ईस्ट इस पर जो काम हुआ है विभिन्न प्रकार से वहां पर जो अशांति थी उसमें भी कमी आई है, लगभग समाप्त हुई है। डा. नरेश बंसल ने



राज्यसभा सांसद ने आईआईएम स्थापना ऐमेंडमेंड बिल पर चर्चा में लिया भाग

कहा कि जो भारत सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच में एमओएस हुआ था उसके अन्तर्गत बहुत सी विकास की योजनायें स्पेशल डेवलपमेंट पैकेज के अंतर्गत आसाम में होनी हैं और हो रही हैं। उसी के अन्तर्गत यह आईआईएम भी वहां पर स्थापित किया जा रहा है। इसके लिए मैं अपने शिक्षा मंत्री आदरणीय धर्मेन्द्र प्रधान जी को बधाई देता हूं कि 555 करोड़ रूपये के आवंटन से यह आईआईएम वहां प्रारम्भ हो रहा है।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि बड़ा आश्चर्य की बात है,जिस असम की आबादी 3 करोड़ है, वहां पर कोई आईआईएम नहीं था। 5.50 लाख युवा वहां पर हायर एजुकेशन के लिए रजिस्टर्ड हैं। उनके लिए कोई अवसर नहीं था। दूसरी जगह जाना पड़ता था, आज उनको वो अवसर प्राप्त हो रहा है कि वे अपना एक्सीलेंस बढा सकते हैं, हायर एजुकेशन में अपर स्थान पा सकते हैं। 2014 से पहले सिर्फ 02 आईआईएम मेरिट लिस्ट में आते थे, ग्लोबल रैंकिंग में आते थे, वहां 7-7 आईआईएम ग्लोबल रैंकिंग में आ रहे हैं।

## मॉडल प्राथमिक विद्यालय कंडोली की किचन की छत क्षतिग्रस्त

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत ग्राम कंडोली के राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय की किचन के साथ दो अतिरिक्त कक्षों की छत कभी भी धरासायी हो सकती है। जल्द इसकी मरम्मत नहीं होती है तो बड़ी अनहोनी हो सकती है। स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता तनुज बड़ोनी ने बताया कि लम्बे समय से राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय की किचन की छत का पलास्टर निकला हुआ है, जो कि बड़ी दुर्घटना को न्यौता दे रहा है। बताया कि बरसात के दौरान किचन में मीड डे मिल बनाने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## आपदा प्रभावित बच्चों के लिए जिलाधिकारी की पहल, अब बस से पहुंचेगे स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने 21 अगस्त को विकासखण्ड थौलधार के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील कंडीसौड़ के ल्वार्खा, रतवाड़ी और मंझौली गांवों के ग्रामीणों ने अवगत कराया कि हाल की आपदा से पैदल मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे बच्चों का कमाण्द स्थित विद्यालय जाना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सतेंद्र राज को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने तीनों गांवों से बच्चों को कमाण्द स्कूल तक लाने-ले जाने हेतु बस सेवा शुरू कर दी है। इस पहल से अब करीब 65 बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी और उनकी पढ़ाई बाधित नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सुनिश्चित किया है कि बस सेवा नियमित रूप से संचालित हो। इसके लिए स्कूल परिवहन हेतु निर्धारित बस संख्या यूके09पीए0288, जिसके चालक दिलावर सिंह बिष्ट हैं, को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि बच्चे बिना किसी कठिनाई के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

## ऋण शिविर का किया गया आयोजन

**कोटद्वार ।** जिला सहकारी बैंक लि. की शाखा दुर्गापुरी की ओर से शुक्रवार को बैंक परिसर में ऋण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुभाग अधिकारी ट्विंकल रावत द्वारा लोगों को बैंक की ओर से चलाई जा रही गृह व वाहन ऋण और पं. दीनदयाल किसान कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं पर जानकारी दी गई। मौके पर विभिन्न ऋणों को भी मंजूरी दी गई। शाखा प्रबंधक प्रदीप रावत ने कहा कि बैंक की ओर से जन हित में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसके बारे में आम जन बैंक में आकर जानकारी ले सकते हैं। कहा कि लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

# दोषी को सजा देने की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों का हगांमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** बीते गुरूवार को विकासखंड पौड़ी के तलसारी गांव के 32 वर्षीय युवक जीतेंद्र कुमार ने गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। मृतक ने गोली मारने से पहले सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियों वाइरल किया था। वायरल हुई वीडियों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री हिमांशु चमोली सहित अन्य पांच को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को शव को लेकर सुबह करीब 9 बजे तलसारी से बिलकेदार स्थित पैत्रृक घाट पहुंचे। जहां परिजनों और स्थानीय लोगों ने चक्का जाम लगा दिया। इस दौरान परिजनों और स्थानीय लोगों ने कहा कि जब तक



आरोपी को उनको न सौंपा जाएं या फांसी की सजा नहीं सुनाई जाती तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं होना दिया जायेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय लोगों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की। स्थानीय लोगों ने कहा कि भाजपा राज में दिन प्रतिदिन जघन्य अपराध चरम सीमा पर पहुंच रहा है। कहा कि चाहें वह अंकिता हत्याकांड हो या जीतेंद्र कुमार हत्याकांड हो, भाजपा के नेता हर जगह लिप्त होते दिख रहें है। वहीं घटना स्थल पर पहुंची उपजिलाधिकारी नुपूर वर्मा ने परि.जनों को काफी समझाने की को.शिश की, लेकिन परिजन आरोपी हिमांशु चमोली को उनकों सौंपने और मौत के बदले मौत की सजा सुनने पर अड़े रहें। इस मौके पर जितेंद्र की बहन पूनम ने कहा कि मैने अपने भाई को खोया है, मुझे अपने भाई का इंसाफ मौत से चाहिए। कहा कि हिमांशु चमोली उसके भाई को लगातार पडताना करता रहता था। जिसके कारण व मानसिक रूप से परेशान था। बताया कि बीते दिनों से वह पौड़ी में ही था और गुरूवार को उसका पेट्रोल भराते हुए पैसे भजने के लिए अंतिम कॉल आया था। उसके बाद वह दो दोस्तों के साथ गांव के ओर निकल गया था, लेकिन क्या पता था वह मौत को अपने गले लगा लेगा। उन्होने कहा कि उसके भाई ने गिरगांव में डपिंग कूडे को लेकर लड़ाई भी लड़ी, लेकिन कुछ लोगों द्वारा उसपर झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया। जिसके बाद से वह मानसिक परेशान होने लगा। उन्होने मुख्य आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की। वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन भीड़ को नियत्रित करने पर लगा रहा, लेकिन स्थानीय लोग एवं परिजनों ने एक न सुनी और आरोपी को फांसी देने के लिए लिखित देने की मांग पर अड़े रहें। करीब ढाई घंटे बाद उपजिलाधिकारी के लिखित आश्वासन के बाद शव अत्येष्टी के लिए उठाया गया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर अनुज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक पौड़ी तोषार बोरा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी सहित आदि मौजूद रहें।

# ज्ञापन को लेकर जिलाधिकारी ने हितधारकों से की सकारात्मक वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली**।बद्रीश संघर्ष समिति के प्रस्तुत ज्ञापन के संबंध में स्थानीय जनता द्वारा उठाई जा रही मांगों को लेकर आज शुक्रवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने विभिन्न हितधारकों के साथ उपजिलाधिकारी कार्यालय ज्योतिर्मठ में बैठक कर सकारात्मक वार्ता की।जिलाधिकारी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर इस विषय पर आगामी 29 अगस्त को सचिवालय देहरादून में प्रमुख सचिव आवास के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें सभी सम्बंधित हितधारक सम्मिलित होंगे।



जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी बैठक में सभी पक्षों की मांगों व सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।उन्होंने कहा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रस्तुत ज्ञापन पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की मंशा सभी पक्षों को विश्वास में लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की है।

जिलाधिकारी ने कहा कि बद्रीश संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन के सभी पक्षों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए विचार विमर्श किया जायेगा, ताकि विकास कार्य जनहित और स्थानीय हितों के अनुरूप हो।बैठक में शामिल बद्रीश संघर्ष समिति के लोग और हितधारक प्रवीन ध्यानी, पीताम्बर मोल्फा और होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने भी संवाद को सकारात्मक बताया और कहा कि 29 अगस्त की बैठक में वे अपनी बात शासन के समक्ष विस्तार से रखेंगे।

इस दौरान उप जिलाधिकारी ज्योर्तिमठ चंद्रशेखर वशिष्ठ, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़,पीआईयू के अधिशासी अभियंता योगेश मंडराल, प्रोजेक्ट मैंनेजर आईएनआई आशीष सती उपस्थित रह

## महिलाएं प्रशिक्षण लेकर बन रही आत्मनिर्भर

**श्रीनगर।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद द्वारा क्रियान्वित और रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा समर्थित प्रोजेक्ट प्रगति: इम्पावरिंग वूमेन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सूक्ष्म कौशल उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) का शुभारंभ किया। कीर्तिनगर के ग्राम सभा देवली में आयोजित हुए 14 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान देवली सरिता देवी और परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह कुशवाहा ने किया। प्रशिक्षण शिविर में देवली की महिलाओं को मोमबत्ती, धूपबत्ती, अगरबत्ती उत्पाद बनाने की तकनीकी प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

# भाजपाइयों ने फूंका कांग्रेस के विधायकों का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों की ओर से हंगामा कर सत्र में व्यवधान उत्पन्न करने पर भाजपा ने नाराजगी व्यक्त की है। जिसके बाद आज रुद्रप्रयाग में सभी भाजपाईयों ने कांग्रेस विधायकों का पुतला दहन किया और कांग्रेस को प्रदेश का विकास विरोधी बताया।

गुरूवार को भाजपा के सभी कार्यकर्ता मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर के समीप एकत्रित हुए। जहां उन्होंने संगठन के जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का पुतला दहन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष भटट ने कहा कि गैरसैंण विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों की ओर से अलोकतांत्रितक तरीके से हंगामा कर अपनी प्रदेश विरोधी सोच उजागर की है। कहा कि गैरसैंण में चार दिनों तक सत्र चलना था, लेकिन सत्र के पहले दिन ही विपक्षी विधायकों की ओर से सदन के भीतर जिस प्रकार से हंगामा कर सत्र नहीं चलने दिया, जबकि दूसरे दिन भी विपक्ष की ओर से हंगमा किया गया। नतीजन विधानसभा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। कांग्रेस के इस हंगामे के चलते जनता के बुनियादी मुद्दों व कई विकास के मुद्दों पर चर्चा व बहस नहीं हो पाई। बीकेटीसी उपाध्यक्ष व वरिष्ठ नेता विजय कप्रवाण ने कहा कि गैरसैंण में चार दिनों तक चलने वाला विधानसभा सत्र कांग्रेसी विधायकों की गैरजिम्मेदाराना हरकतों की वजह से मात्र दो दिन में ही स्थगित करना पड़ा। सदन के भीतर कांग्रेसी विधायकों को जनता के विकास के मुद्दों को उठाना चाहिए था, वहीं कांग्रेसी सदस्य विधानसभा के भीतर सोते नजर आए। इससे जाहिर होता है कि कांग्रेस मात्र अपने निजी स्वार्थ के लिए हंगामा करती रही। इस मौके पर जिला मंत्री सुनील नौटियाल, अजय सेमवाल, जिला मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल, मंडल समेत भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महाकुंभ 2027 के लिए मोदी सरकार करेगी सहयोग

## मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री खट्टर से दिल्ली में की मुलाकात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/देहरादून।** नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को भेंट की और राज्य के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश, हरिद्वार और अन्य तीर्थ क्षेत्रों में आगामी कुंभ 2027 को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास तथा आवास योजनाओं से जुड़े विषयों पर केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश के गंगा कॉरिडोर में एचटी-एलटी विद्युत लाइनों के भूमिगत करण और स्वचालन से जुड़े रुपये 547.83 करोड़ की डीपीआर को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने हेतु केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। साथ ही हरिद्वार कुंभ क्षेत्र के लिए रुपये 315 करोड़ के समान प्रस्ताव को भी आरडीएसएस योजना में सम्मिलित करते हुए शीघ्र अनुमोदन का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत व्हाइटलिस्टिंग और रिडीमेबल वाउचर प्रणाली के कारण निजी डेवलपर्स परियोजनाओं में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

उन्होंने पूर्ववर्ती 40:40:20 की चरणबद्ध भुगतान प्रणाली को पुनः लागू करने हेतु अनुरोध किया ताकि योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके।

### 15960 आवासीय इकाइयों का निर्माण

मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में राज्य में एएचपी घटक के अंतर्गत 15960 आवासीय इकाइयों का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से 15281 इकाइयां लाभार्थियों को आवंटित की जा चुकी हैं। परंतु ईडब्ल्यूएस वर्ग के लाभार्थियों की असंगठित आय एवं कम सिबिल स्कोर के कारण अग्रणी बैंकों से ऋण सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि बैंकों, एनबीएफसी, एसएलबीसी और आरबीआई को इस विषय में विशेष दिशा-निर्देश जारी किए जाएं ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी योजना का लाभ उठा सकें।

### मनोहर लाल खट्टर ने दिया आश्वासन

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ऋषिकेश-गंगा, हरिद्वार-गंगा और टनकपुर स्थित शारदा रिवर फ्रंट को विश्व स्तरीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने टीएचडीसी की सीएसआर निधि से रुपये 100 करोड़ के सहयोग का अनुरोध करते हुए कहा कि यह प्रयास न केवल ष्नमामि गंगेष कार्यक्रम को बल देगा, बल्कि सतत पर्यटन और स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होने पर उत्तराखंड आगामी कुंभ के भव्य, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील आयोजन के साथ-साथ आवास एवं आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में एक नई ऊँचाई प्राप्त करेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

# ग्राम पंचायत में नल जल मित्र की जल्द होगी नियुक्ति एवं प्रशिक्षण: शाह

## प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित व स्वच्छ पेयजल की हो आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण होनी चाहिए। इसके लिए ग्राम सभाओं में प्रमाणन कराया जाए तथा महिलाओं एवं स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जल गुणवत्ता परीक्षण, प्रयोगशालाओं की उपलब्धता, जल स्रोतों की स्थिरता, और ग्राम स्तर पर आई.ई.सी. (सूचना, शिक्षा और संचार) गति. विधियों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि "हर घर जल" का प्रमाणीकरण वास्तविक स्थिति के आधार पर होना चाहिए। यदि कहीं समस्या हो तो उसे तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम का प्रमाणीकरण समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए और मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।बैठक में जल गुणवत्ता जांच, स्रोत स्थिरता (सोर्स सस्टेनबिलिटी), वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण एवं ग्राम स्तर पर समुदाय की भागीदारी जैसे विषयों पर विशेष चर्चा हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में नल जल मित्र की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण शीघ्र पूरा किया जाए।बैठक में जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान नमित रमोला, वीके वर्मा सहित जल निगम, पेयजल संस्थान, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पंचायती राज विभाग सहित संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# भविष्य की स्पर्धा के लिए मजबूत करना है प्रशासन का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कोरवा (कालसी) तथा त्यूनी चकराता में भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देर्शों के क्रम में अनुपालन तथा जिले में ''प्राजेक्ट उत्कर्ष'' की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी सहित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखने के निर्देश दिए। वहीं स्कूलों में पुराने जर्जर भवन के निष्प्रोज्य कार्य में नाराजगी व्यक्त करते हुए आंगणन कराकर निष्प्रोज्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने फरवरी व जुलाई 2025 में विद्यालय के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन में कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया कि केजीबीवी कोरवा में डिजिटल बोर्ड, 100 कुसी टेबल, 16सीसीटीवी कैमरा, 30 रूम हीटर, 4 वाटर प्यूरीफायर , रोटीमेकर, इन्टरनेट कनैक्शन वाईफाई, 19 डाईनिंग टेबल 150 कुर्सी की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। तथा विद्यालय में कम्प्यूटर आपरेटर तथा सफाई हेतु कार्मिक रखे गए हैं जिनका वर्ष में 4 लाख मानदेय का प्राविधान किया गया है।

प्रोजेक्ट उत्कर्ष प्रथम चरण अन्तर्गत 46 विद्यालयों विद्युत संयोजन; 1248 में वाईटबोर्ड; 348 में पानी की टंकी; 754 में मंकी नेट; 246 में झूले; 337 में बेबी स्लाईड; 46 में बॉलीबॉल कोर्ट; 109 में बैडमिंटन कोर्ट; 93 में वॉलपेंटिंग; 39 प्रारम्भिक व 45 माध्यमिक विद्यालय को फर्नीचरयुक्त किया गया है। तथा स्कूलों में प्रत्येक कक्षा कक्ष में एलईडी स्क्रीन लगाने की प्रक्रिया पूर्व से गतिमान; जैम पर बिड फ्लोटेड कर दी गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल, जिला शिक्षाअधिकारी, खण्ड शिक्षाअधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने जिला चिकित्सालय में कराया बेटे का टीकाकरण

**देहरादून।** मुख्य विकास अधिकारी ने जिला चिकित्सालय में बनाए गए राज्य के पहले सरकारी आधुनिक टीकाकरण केंद्र में अपने डेढ़ माह बेटे का टीकाकरण कराया है। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण रजीस्टर का अवलोकन करते हुए प्रतिदिन वैक्सीनेशन की जानकारी प्राप्त की। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने बेटे का टीकारण राज्य के प्रथम आधुनिक टीकाकरण केन्द्र में कराकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे जनमानस को इस टीकाकरण केन्द्र की जानकारी मिलेगी अधिक से अधिक लोग इस केन्द्र से लाभान्वित होंगे। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी की पहल पर अपने जनपद में राज्य का यह पहला आधुनिक टीकाकरण केंद्र बनाया गया है जहां बच्चों के खेलने की भी सुविधा, निगरानी रूम है।

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने लोनिवि घेरा

## बदहाल सड़कों, टूटी नालियों व ओवरफ्लो सीवर से जनता त्रस्त: रौतेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में शुक्रवार को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की बदहाल सड़कों, टूटी नालियों और ओवरफ्लो हो रहे सीवर की गंभीर समस्याओं को लेकर लोक निर्माण विभाग कार्यालय कबाड़ी बाजार का घेराव व तालाबंदी कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि ब्राह्मण वाला, दून यूनिवर्सिटी मार्ग, बंजारावाला, मथुरावाला, केदारपुर, दीपनगर और आईएसबीटी, आजाद कालोनी, नामदेव कालोनी आदि की आंतरिक सड़कों सहित कई वार्डों में सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। इन हालातों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आमजन का जीवन संकट में है। वहीं टूटी नालियों और ओवरफ्लो सीवर के कारण जलभराव, गंदगी और बदबू ने स्थानीय निवासियों का जीना दूभर कर दिया है।

ज्योति रौतेला ने कहा, यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि विधायक ने धर्मपुर विधानसभा की सड़कों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया और जिन सड़कों में थोड़ा काम भी हुआ गुणवत्ता विहीन हुआ है यह केवल विकास की विफलता नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। महिला कांग्रेस ने विभाग से मांग की है धर्मपुर विधानसभा की समस्त क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत की जाए, नालियों की सफाई और पुनर्निर्माण हो, ओव. रफ्लो सीवर की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, नियमित निरीक्षण और रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आशा मनोरमा शर्मा, महासचिव पुष्पा पंवार, महासचिव सुशीला शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ललित बद्री, नवीन क्षेत्री, आदर्श, बबलू पंवार, आलोक मेहता,लीला रावत, मोहन गुरुंग, पुनीत चौधरी, शाहिद जमाल अहमद व तेग बहादुर आदि मौजूद रहे।

## हिन्दू समाज को संगठित करने को नया संगठन किया गठित

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून जिले के हिन्दू समाज को संगठित व सशक्त करने के उद्देश्य से जय श्री वराह देव मैं हिन्दू आने को तैयार नामक सामाजिक संगठन का गठन किया है। संगठन का मुख्य उद्देश्य लुप्त होती हिन्दू सनातन संस्कृति का पुन: जागरण करना है। संगठन में विवेक अग्रवाल को अध्यक्ष, शशि कान्त सिंघल को सचिव, अमित गोयल को कोषाध्यक्ष, शिखर कुच्छल को संयोजक, राजेश सिंघल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश कंसल को सह संयोजक, सोनू गुप्ता को उपाध्यक्ष, कमल जौली को उपाध्यक्ष, अजय गर्ग को सह कोषाध्यक्ष, ब्रिजेश माथुर, दयानंद बंसल, मीना पंवार, प्रेम सेठी, विक्रांत सिंघल, अनिल कुमार त्यागी, रजत गर्ग, दीपक त्यागी व देवी दयाल रावत को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है।

# विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर पुलिस पहुंची बुजुर्गो के द्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून/सेलाकुई।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर देहरादून जनपद के अंदर एसएसपी के निर्देश पर संबंधित कोतवाली और थाने की पुलिस बुजुर्गा का कुशल क्षेम पूछने के लिए उनके द्वार पहुंची और उनका हालचाल जाने के बाद उनकों फल वितरित किए। इसी के साथ सेलाकुई पुलिस ने भी वरिष्ठ नागरिकों का हालचाल जाना। इतना ही नहीं बुजुर्गा के संबंध में जानकारी एकत्र कर उनकी समस्याओं का समाधान करने की बात कही।

गुरूवार की दोपहर को पुलिस अधीक्षक देहात द्वितीय के तत्वाधान में सेलाकुई थानाध्यक्ष पी.डी.भटट अपने अधीनस्थों के साथ क्षेत्र में निवास करने वाले बुजुर्गा के द्वार पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निर्देश पर विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवसय के अवसर पर क्षेत्र के बुजुर्गा का हालचाल जाना और उनका कुशल क्षेम जाना। सेलाकुई थानाध्यक्ष ने अपने क्षेत्र में निवास करने वाले सीनियर सिटीजनों, असहाय और बुजुर्गा का हालचाल जाने के बाद उनकी सहायता के लिए थाने से पुलिस बल को बुजुर्गा की मदद करने के लिए उनके द्वार तक पहुंचाया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक देहात और थानाध्यक्ष ने बुजुर्गा का हालचाल जाना और उनकों होने वाली किसी भी समस्या का समाधान तत्काल करने के निर्देश अपने अधीनस्थों को दिए।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने किया सैचुरेशन कैंप का आयोजन

**देहरादून।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने ग्राम अब्दुल्लापुर में सैचुरेशन कैंप का आयोजन किया। इस शि. विर का उद्देश्य किसानों एवं ग्रामीण जनों को बैंक की विभिन्न कृषि ऋण व अन्य ऋण योजनाओं से लाभान्वित करना तथा वित्तीय समावेशन के तहत अधिक से अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली की जानकारी देना है, साथ ही 2014 में जनधन योजना का लाभ उठाने वाले ग्राहकों को रिकेवाईसी कराने की आवश्यकता के संबंध में भी जानकारी देना था। शिविर के दौरान क्षेत्रीय राम प्रमोद आनंद, मुख्य प्रबंधक अजय मेहता, शाखा प्रमुख सेलाकुई, कुंदन कुमार, शाखा प्रमुख हरबर्टपुर, शिवेन्द्र सजवाण व बैंक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सेलाकुई से गायब तीन नाबालिगों को पुलिस ने किया दिल्ली से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/सेलाकुई।** सेलाकुई क्षेत्र से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हुए तीन नाबालिगों को आखिरकार सेलाकुई पुलिस ने दिल्ली एनसीआर से 12 घण्टे के अंदर बरामद कर लिया। बरामद किए तीनों नाबालिगों को देहरादून लाने के बाद उनके परिजनों के सुपूर्द कर दिया जहां पर परिजनों ने पुलिस द्वारा किए गए कार्या की सरहना की। संबंधित पुलिस ने नाबालिगों के गायब हो जाने पर अभियोग पंजीकृत कर लिया था।

थानाध्यक्ष सेलाकुई पी.डी. भटट ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तीनों नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद करने के लिए थाने पर पुलिस टीम का गठन कर दिया गया था और पुलिस टीम द्वारा जिस स्थान से नाबालिगों को गायब हो जाने की जानकारी मिली थी उस स्थान और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया।

थानाध्यक्ष पी.डी.भटट ने बताया कि इस दौरान उक्त स्थान पर मौजूद लोगों तथा वहां पर निवास करने वालों से गायब बच्चों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को जानकारी मिली की सेलाकुई से गायब तीनों बच्चों दिल्ली के आनंद विहार में मौजूद हैं। खबर मिलने के बाद पुलिस की एक टीम को आनंद विहार से बच्चों को बरामद करने के लिए दिल्ली रवाना किया गया। देहरादून सेलाकुई से गए पुलिसकर्मियां ने बताएं गए स्थान से तीनों नाबालिग बच्चों को बरामद कर लिया और उन्हे देहरादून ले आए। उन्होंने बताया कि बरामद किए गए बच्चों को सेलाकुई थाने लाए जाने पर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह काफी समय से अपने परिजनों से खफा चल रहे थे। उन्होंने बताया कि उनकी योजना वृन्दावन जाने की थी लेकिन इससे पहले ही दिल्ली पुलिस के वह हत्थे चढ़ गए। तीनों नाबालिगों के बरामद हो जाने की खबर के बाद तीनें के परिजन थाने पहुंचे जहां पर सेलाकुई थानाध्यक्ष की अगुवाई वाली पुलिस टीम ने बरामद किए गए तीनों बच्चों को उनके परिजनों के सुपूर्द कर दिया जहां पर बच्चों के परिजनों ने पुलिस द्वारा किए गए कार्य की सरहाना की।

# लाखामंडल शिव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत भारद्वाज ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ शिव मंदिर समिति लाखामंडल के अध्यक्ष सुशील गौड़ एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि उत्तराखंड के देहरादून जिले के अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध लाखामंडल शिव मंदिर व पर्यटन स्थल न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यहाँ गुप्तकाल से लेकर 12वीं शताब्दी तक के पुरातात्विक अवशेष विद्यमान हैं। इनके संरक्षण और प्रस्तुतीकरण से यह स्थल देश-विदेश के पर्यटकों के लिए और भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है। शेखावत ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मंत्रालय इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा और लाखामंडल को विश्व-स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयासों को गति दी जाएगी। प्रति. निधिमंडल ने इन समस्याओं के समाधान की मांग केंद्रीय मंत्री से की जिनमें मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निकासी व्यवस्था और आधारभूत ढाँचे का विकास। धर्मराज युधिष्ठिर से संबंधित शिव. लिंग मंदिर के चारों ओर सुरक्षा दीवार और शेड का निर्माण। पुरातात्विक अवशेषों का वैज्ञानिक संरक्षण और व्यवस्थित अध्ययन। मंदिर परिसर में अधूरी पड़ी मूर्ति कक्ष का शीघ्र निर्माण पूर्ण कर पर्यटकों के लिए खोलना। लाखामंडल क्षेत्र को मास्टर प्लान के तहत विकसित कर पर्यटन और तीर्थाटन का केंद्र बनाना, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

# जितेन्द्र आत्महत्या प्रकरण पर डॉ. रावत ने जताया गहरा दुख

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून/ पौड़ी।** जनपद पौड़ी के तलसारी गांव निवासी जितेंद्र कुमार के आत्महत्या प्रकरण पर सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गहरा शोक व्यक्त करते हुये इसे अत्यंत दु:खद घटना बताया। उन्होंने मृतक के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुये कहा कि इस कठिन घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। डॉ रावत ने कहा कि दोषी चाहे कोई भी हो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने घटना की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी से तत्काल बात की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मामले की त्वरित, निष्पक्ष व पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाय ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके।

डॉ. रावत ने कहा कि इस घटना के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा, चाहे आरोपी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं को बिलकुल भी सहन नहीं किया जायेगा और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को मामले को संवेदनशीलता से लेने और मृतक के परिजनों को सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश भी दिये।

## अमेरिकी टैरिफ के कारण हर्बल खेती प्रभावित नहीं होगी: डॉ. एस. फारुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तरांचल विश्वविद्यालय के प्रशिक्षु छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. एस. फारूक ने तेजी से बदलते तकनीकी युग में नवाचार और कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने आगाह किया कि कई पारंपरिक उद्योग, जिनमें कीमती पत्थर, कृषि, न्यूट्रास्युटिकल्स, कपड़ा, हथकरघा, और जेनेरिक व एलोपैथिक दोनों तरह की दवाएँ शामिल हैं, को व्यवधान का सामना करना पड़ सकता है। हालाँकि, उन्होंने हर्बल खेती को एक लचीले क्षेत्र के रूप में रेखांकित किया और छात्रों से इस आशाजनक क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता और शोध को केंद्रित करने का आग्रह किया। डॉ. फारूक ने इस बात पर जोर दिया कि आपके कौशल की जगह रोबोट नहीं ले सकते, और छात्रों को उनकी अद्वितीय क्षमताओं को महत्व देने के लिए प्रोत्साहित किया।

## रियलमी ने पेश की पी4 सीरीज

**देहरादून।** रियलमी ने अपनी रियलमी पी4 सीरीज पेश करते हुए इसमें दो बेहतरीन स्मार्टफोन रियलमी पी4 प्रो और रियलमी पी4 लॉन्च किए। इन स्मार्टफोंस में फ्लैगशिप इनोवेशन दिए गए हैं। रियलमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, फ्रैंसिस वोंग ने कहा, रियलमी पी4 सीरीज के साथ हमने ई-कॉमर्स के क्षेत्र में जबरदस्त वापसी की है। टू फ्लैगशिप की परिभाषाएं बदल रही हैं। रियलमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, फ्रैंसिस वोंग ने कहा, ''रियलमी पी4 सीरीज के साथ हमने ई-कॉमर्स के क्षेत्र में जबरदस्त वापसी की है। टू फ्लैगशिप की परिभाषाएं बदल रही हैं।

# यमुना घाटी में जल आपदा को लेकर सीएम से मिले मनवीर चौहान

## प्रभावितों को मदद की मांग, सीएम ने दिया भरोसा, पीड़ितों को दी जाएगी हर संभव मदद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून/उत्तरकाशी।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने सीएम पुष्कर धामी से यमुना घाटी में आई दैवीय आपदा के संबंध में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए, वहां प्रभावित परिवारों की यथा संभव मदद का भरोसा दिया।

सीएम के दिल्ली प्रवास पर हुई इस मुलाकात में उन्होंने उन्हें उत्तरकाशी की स्याना चट्टी में आई आपदा को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने निवेदन किया कि तहसील बड़ध्कोट के स्याना चट्टी में कुपड़ा कुनसाला गाड़ के मुहाने पर भारी भूस्खलन के कारण भारी मलबा यमुना नदी में आ गिरा है। जिस कारण यमुना नदी का प्रवाह बन्द होने से स्याना चट्टी में सैकड़ों घर झील बनने के कारण डूब गये हैं। ये झील स्याना चट्टी से लेकर ओजरी, पाली गाड़, कुथनोर, खरादी, गंगनानी, बड़कोट तक बहुत बड़ी बर्बादी का कारण बन सकती है। सीएम के संज्ञान में लाते हुए उन्होंने कहा कि घाटी में यमुना नदी के कारण उपरोक्त सभी क्षेत्रो में भूमि का भारी कटाव हुआ है। इस अप्राकृतिक झील से पानी का जल्द से जल्द निकासी कराने और समस्या का पूर्णतया निराकरण का मुख्यमंत्री से आग्रह किया। उन्होंने इस पूरी आपदा में प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत दिलाने की प्रार्थना की। साथ ही स्याना चट्टी से बड़कोट तक यमुना नदी से हो रहे भू-कटाव के नियंत्रण के लिये सम्बन्धित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करने की अपील की।

इस दौरान बातचीत में सीएम धामी ने आपदा की गंभीरता को समझते हुए तत्काल आश्वयक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं भरोसा दिलाया कि सभी पीड़ित व्यक्तियों और प्रभावित परिवारों की यथा संभव मदद की जाएगी।

# डीएम ने उप जिला मेला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## चिकित्सालय में ईएनटी डॉक्टर एवं एक्सरे टेक्नीशियन को तैनात करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उप जिला मेला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को सभी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो तथा आगामी कुंभ मेले के दृष्टिगत स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओ का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी पंचीकरण कक्ष का निरीक्षण किया, इस दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि ओपीडी में मरीजों एवं उनकी तामीरदारों की लंबी लाइन पाई गई, जिसके लिए उन्होंने इस समस्या के निदान के लिए एक अतिरिक्त काउंटर खोलने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा अधीक्षक को दिए ताकि किसी भी मरीज एवं तामीरदार को काफी देर तक लाइन में खड़ा न रहना पड़े। चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं उनके तामीरदारों के लिए किसी प्रकार की असुविधा एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए 10 होमगार्ड एवं पीआरडी जवानों को तैनात करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए है कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं तामीरदारों को बैठने में कोई असुविधा न हो इसके लिए उन्होंने चिकित्सालय में अतिरिक्त बेंच,कुर्सी एवं फर्नीचर लगाने के भी निर्देश दिए इसके साथ ही मेला चिकित्सालय में नए कंप्यूटर,प्रिंटर क्रय करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा उप जिला चिकित्सालय के सभी कक्षों एवं वार्डो का निरीक्षण किया तथा इस दौरान चिकित्सालय में आए मरीजों से भी बातचीत कर उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओ की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय में डेंगू के रोकथाम के लिए आने वाले मरीजों की व्यवस्था हेतु डेंगू वार्ड तैयार करने के निर्देश दिए। चिकित्सालय में भर्ती/आने वाले मरीजों एवं उनके



तामीरदारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए उन्होंने दो वाटर कूलर लगाने के भी निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था के लिए पर्याप्त सफाई कर्मचारी तैनात करने के भी निर्देश दिए। चिकित्सालय में ईएनटी डॉक्टर एवं एक्सरे टेक्नीशियन की कमी पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को इनकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में सभी आवश्यक दवाइयां वेंटिलेटर एवं एमआरआई की वो सभी व्यवस्थाओं को दूरस्त रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय में विद्युत ऑडिट एवं फायर ऑडिट करने के भी निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने उप जिला मेला चिकित्सालय की रंगाई पुताई करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सालय में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि चिकित्सालय के बाहर आसपास के लोगों एवं दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिससे के चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं एंबुलेंस को परेशानी न हो, इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य अधियारी नगर निगम को बिल्केश्वर मंदिर चौक से मनसा देवी द्वार (ब्रह्मपुरी) तक किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश नगर निगम को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक मेला चिकित्सालय डॉ राजेश गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगर डॉ गंभीर तालियान, तहसीदार सचिन कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जलाराम सेवा सदाव्रत ट्रस्ट की अध्यक्ष ने लगाया कब्जे का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जलाराम सेवा सदाव्रत ट्रस्ट गायत्री विहार कालोनी भूपतवाला की गीता बेन ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों पर षड्यंत्र के साथ भू माफिया के साथ मिलकर आश्रम पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। 75 वर्षीय गीताबेन ने कहा कि उन्होंने अपनी जमा पूंजी से ट्रस्ट की संपत्ति क्रय थी। जिसमें एक हॉल और मंदिर का निर्माण कराया था। चार सदस्यों के ट्रस्ट का गठन किया। वे स्वयं ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष हैं। उन्होने जूना अखाड़ की महामंडलेश्वर सरोजनी गिरी को ट्रस्ट का आजीवन अध्यक्ष बनाया है। लेकिन ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारी षड्यंत्र के तहत आश्रम को हड़पने के लिए भू माफिया के साथ मिलकर संपत्ति को खुर्द बुद्ध करना चाहते हैं। मेरे साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। डराने धमकाने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। भू माफियाओं एवं भाजपा पार्षद डरा धमकाकर आश्रम को कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिला अधिकारी एवं पुलिस को भी शिकायत की गई है। लेकिन आरोपियों के रसूखदार होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। गीता बेन के समर्थन में पहुंची जूना अखाड़े की सरोजिनी गिरी ने आरोप लगाया कि गीता बेन को परेशान किया जा रहा है। डरा धमका कर आश्रम से निकाल दिया है। सामान भी छीन लिया है। तब से वे इधर उधर भटक रही हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करनी चाहिए। छीना गया सामान वापस दिलाया जाए और गीता बेन को इंसाफ दिलाया जाए।

बहादराबाद टोल प्लाजा पर किसानों का धरना जारी

# राकेश टिकैत ने लाठीचार्ज के जिम्मेदार पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की उठाई मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** टोल प्लाजा पर किसानों के जारी धरने को शुक्रवार को जिला कांग्रेस ने समर्थन दिया। कांग्रेस नेताओं ने धरना स्थल पर पहुँचकर कहा कि मौजूदा सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों की सरकार है, जिसे जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने किसानों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की और स्मार्ट मीटर घोटाले को जनता के साथ धोखा बताया।

धरना स्थल पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक लाठीचार्ज के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों को बर्खास्त नहीं किया जाता और ऊर्जा निगम स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला वापस नहीं लेता, तब तक किसानों का धरना जारी रहेगा। टिकैत ने कहा कि किसान शांतिपूर्वक विरोध कर रहे हैं, वे न तो आतंकी हैं और न ही बाहरी देश से आए लोग, बावजूद इसके उन पर मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और ट्रैक्टरों के चालान काटकर सीज किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसान किसी भी सूरत में पुलिस की बर्बरता सहन नहीं करेंगे। टिकैत ने पुलिस प्रशासन पर किसान विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करना किसानों का अधिकार है। लेकिन उत्तराखंड पुलिस ने किसानों पर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाकर सरकार का असली चेहरा सामने ला दिया है। धरना स्थल पर किसानों को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेस नेताओं में कालियर विधायक फुरकान अहमद, भगवानपुर विधायक ममता राकेश, रवि बहादुर, पूनम भगत, जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग, मुरली मनोहर, वरुण बालियान, हिमांशु राजपूत, मयंक त्यागी, अरुण राघव, मोहित चौधरी, अज्जू खां, सोनू शर्मा, संजय वाल्मीकि, आदित्य कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मेयर किरण जैसल व राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने किया बास्केटबॉल का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगजीतपुर स्थित शिवडेल पब्लिक स्कूल में आयोजित 23वीं अंडर-18 राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ मेयर किरण जैसल एवं राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने दीप प्रज्वलित कर किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। बालक और बालिका वर्ग में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सभी जनपदों की टीम भाग ले रही हैं।

इस अवसर पर मेयर किरण जैसल एवं राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने कहा कि बास्केटबॉल के खेल में राज्य के खिलाड़ियों ने उत्तराखंड का नाम भारत के पटल पर रोशन किया है। देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में भी बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। उत्तराखंड के सीमांत जनपदों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे हैं और उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। हरिद्वार बास्केटबॉल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ललित नैयर और सचिव संजय चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्य के निर्देशन में भारत सरकार की खेल नीतियों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा और खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री संजय सहगल, उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव मनदीप ग्रेवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता आदित्य चौहान, उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विकास तिवारी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम कपूर, मयंक शर्मा, अनिल गोयल, ऋषि सचदेवा, गुलशन अदलखा, अश्वनी खुराना, प्रकाश केसवानी, सुनील अग्रवाल, राजेंद्र भट्ट, अंकुश रोहिल्ला, सुनील गुप्ता, आलोक चौधरी, योगेश शर्मा, अविनाश झा, मनोरम शर्मा, इंद्रेश गौड़, आकांक्षा शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस का पुतला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस विधायकों पर गैरसैंण में संपन्न विधानसभा सत्र के दौरान अमर्यादित व्यवहार किए जाने एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन किए जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने चंद्राचार्य चौक पर प्रदर्शन कर कांग्रेस का पुतला फूंका। इस दौरान नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि गैरसैंण सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों ने जिस प्रकार अपनी जिम्मेदारियो से भागते हुए जनता को धोखा देने का काम किया है। कांग्रेस विधायकों ने हंगामा व नारेबाजी कर सदन को चलने नहीं दिया। सदन की गरिमा के विपरीत व्यवहार कर सदन में तोड़फोड़ पर उतारू होकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इसके लिए जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। प्रदेश मंत्री व जिला संगठन प्रभारी आदित्य चौहान ने कहा कि भाजपा के विधायकों ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए मानसून सत्र के दौरान लगातार सवाल करने का काम किया। इसके विपरीत कांग्रेस विधायकों के सवालों की संख्या अत्यंत कम रही। कांग्रेस के विधायक सत्र के दौरान जितने आक्रामक नजर आ रहे थे सवालों को रखने के लिए उतने ही सुस्त भी थे। इससे साफ पता चलता है कि वे अपने क्षेत्र की जनता के प्रति कितने गंभीर हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि सरकार चाहती थी कि प्रदेश के हर मुद्दे पर बहस हो। लेकिन विपक्ष ने कानून व्यवस्था पर हंगामा कर चर्चा की आड़ में सदन में व्यवस्था खराब करने का काम किया। मानसून सीजन में प्रदेश में आई आपदाओं से संबंधित महत्वपूर्ण विषयो को भी सत्र के दौरान चर्चा में नहीं ला पाए जो की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, मेयर किरण जैसल, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा, दायित्वधारी राज्य मंत्री डा.जयपाल सिंह चौहान, सुनील सैनी, जिला महामंत्री आशु चौधरी, संजय सहगल, लव शर्मा, विक्रम भुल्लर, नकलीराम सैनी, विपिन शर्मा, अनिल अरोड़ा, तुशांक भट्ट बिंदरपाल, प्रताप प्रधान, सुशील पंवार, अरुण चौहान, सतीश कुमार, प्रशांत शर्मा, किशन बजाज, रंजना चतुर्वेदी, रेनू शर्मा, रजनी वर्मा, मनु रावत, निशा नौटियाल, रंजीता झा, हीरा सिंह बिष्ट, विशाल गर्ग, नेपाल सिंह, नागेंद्र राणा, मनोज गौतम, दीपांशु शर्मा, हितेश चौहान, गौरव वर्मा, हर्षित त्रिपाठी, ओमकार जैन, लक्ष्मण नागर, अनिमेष शर्मा, विनीत जौली, राकेश नौडियाल, दिनेश जोशी, तरुण नैय्यर, राजीव भट्ट, देवेंद्र चावला, राजन मेहता, देवेश वर्मा, संजीव चौधरी, अरविंद कुमार, यादराम वालिया, मनोज परालिया, युधिष्ठिर वालिया आदि शामिल रहे।




सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ने प्रेमनगर आश्रम में आयोजित एक्सपो का किया उद्घाटन

# किसानों को मिलेगा प्रदर्शनी का लाभ : ऋषि कंडवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रेमनगर आश्रम के गोवर्धन हॉल में आयोजित तीन दिवसीय डेवलपमेंट एंड स्कीम, एग्री एंड हार्टी, हिमालय एमएसएमई एक्सपो का शुभारंभ उत्तराखंड सरकार के सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल ने किया। ऋषि कंडवाल ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से उपयोगी उत्पादों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। किसानों को निश्चित रूप से प्रदर्शनी का लाभ मिलेगा। नए उत्पाद की जानकारी भी प्राप्त हो रही है। कृषि से जुड़े लोगों को प्रदर्शनी का लाभ लेना चाहिए। खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। एक्सपो के आयोजक भारत बालियान ने बताया कि प्रदर्शनी में कृषि, बागवानी से सम्बंधित जानकारी के साथ साथ सरकारी विभागों द्वारा जनता के हित मे चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही हे। प्रदर्शनी में जैविक एवं आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली 180 कंपनियों द्वारा स्टाल लगाए गए हैं। भारत बालियान ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को जैविक व आयुर्वेदिक उत्पादों से होने वाले लाभ से अवगत कराने के साथ इन उत्पादों के उपयोग को बढ़ाना देना है। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार के विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 8 साल होने पर धामी सरकार द्वारा जन हित में किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचने का कार्य भी इस प्रदर्शनी के माध्यम से किए जा रहा है। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से सीसीएएफ, उत्तराखंड ऑर्गेनिक कमोडिटी, ओनली एंड सुरेली ऑर्गेनिक, कीवी किसान, पतंजलि ऑर्गेनिक, मीर क्लेन्फेलस लिमिटेड, प्लेनेट हर्ब्स लाइफ साइंस, विराज पसिल्लिवम सम्सरो, एचजी सोलर, सीएसआईआर, सर्वे ऑफ इंडिया, कोयर बोर्ड ऑफ इंडिया, आईसीएआर, एमएसएमई डिपार्टमेंट उत्तराखंड, मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, हर्बल एंड रिसर्च डेवेलपमेंट मिनिस्ट्री आदि भाग ले रही है। प्रदर्शनी में लघु उद्योग प्रकोष्ठ भाजपा उत्तराखंड, लघु उद्योग भारती उत्तराखंड, रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, बहादराबाद इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सिडकुल एंटरप्रिन्योर वेलफेयर एसोसिएशन, इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ हरिद्वार का समर्थन भी मिल रहा है। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, विवेक चौहान, केतन भारद्वाज, रोहित तोमर, बालेंद्र कुमार, शरद पांडे, ग्रीनमैन विजयपाल बघेल, जगदीशलाल पाहवा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** घर में किराए पर रह रही महिला की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बृहष्पतिवार को ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में किराए के मकान में रह रही महिला की नाबालिग बेटी के साथ मकान मालिक के बेटे द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। पीड़िता की बहन ने पुलिस को तहरीर देकर 13 वर्षीय नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पॉक्सो व अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि आरोपी पिछले कई महीने से दुष्कर्म कर रहा था। जानकारी के अनुसार कुछ वर्ष पहले बच्ची के पिता का देहात हो गया था। मां बच्चों को लेकर किराए के मकान में रह रही थी। मां के बाहर काम पर जाने के बाद आरोपी बच्ची के साथ दुष्कर्म करता था। नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना की गम्भीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने महिला एसआई ललिता चुफाल के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया था। मुकद्मा दर्ज करने बाद कुछ ही घंटों में पुलिस ने आरोपी मोहित पुत्र रमेश निवासी बकरा मार्केट ज्वालपुर को लाल पुल निकट नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया।

# एसएमजेएन कालेज में किया दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएमजेएन कालेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखाड़ा परिषद एवं कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी की अध्यक्षता में कला एवं विज्ञान वर्ग के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के सदस्य स्वामी प्रताप पुरी रहे। स्वामी प्रताप पुरी ने युवाओं को जीवन की सही राह चुनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सबसे पहले हर युवा को खुद से यह सवाल करना चाहिए कि "मैं कौन हूं। जब इसका उत्तर मिल जाएगा तो कर्तव्य और धर्म का मार्ग अपने आप स्पष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कर्तव्य को ही धर्म बताया गया है। यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है तो युवाओं को अपने जीवन को निश्चित दिशा देनी होगी।

श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि



एसएमजेएन महाविद्यालय लंबे समय से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समाज की धुरी बना हुआ है। इसका श्रेय प्राचार्य डा. बत्रा एवं कालेज विद्वान प्राध्यापकों को जाता है। उन्होंने छात्रों से हिंदी और अंग्रेजी सहित विभिन्न भाषाओं पर अधिकार करने का आह्वान किया।

प्राचार्य प्रो.सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि स्वामी प्रताप पुरी का उद्बोधन स्वामी विवेकानंद के ओज की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं देश और समाज का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि बीए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को इतना ओजस्वी और ज्ञानवर्धक संबोधन सुनने का अवसर मिला। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष विनय थपलियाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निरंजनी 33 योजना का जिक्र किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका डा.सुषमा नयाल, डा. शिवकुमार चौहान, डा.पूर्णिमा सुंदरियाल, डा.पल्लवी, डा.मीनाक्षी, डा.लता शर्मा, डा.मोना शर्मा, डा. आशा शर्मा समेत सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ पत्रकार मेहताब आलम की सरस गायन प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद छात्रा चारु ने भी एक गीत प्रस्तुत किया।

# भगवान श्रीकृष्ण ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश : स्वामी दुर्गेशानन्द

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भगवान श्री कृष्ण की छठी के पावन उपलक्ष्य पर श्री ललिताम्बा देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित मानव कल्याण आश्रम में महंत स्वामी दुर्गेशानन्द सरस्वती के सानिध्य एवं मैनेजिंग ट्रस्टी अनिरुद्ध भाटी, कोषाध्यक्ष रेणुका बेन एल.ठक्कर के संयोजन में 'कढ़ी-चावल' प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर महंत स्वामी दुर्गेशानन्द सरस्वती ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं आलौकिक है। माखन-मिश्री के भोग से प्रसन्न होने वाले भगवान श्रीकृष्ण ने सभी बन्ध-बाधवों एवं मित्रों के साथ मिल बांट कर भोजन ग्रहण करते हुए सदैव सामाजिक समरसता का संदेश दिया। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सदैव अन्याय के खिलाफ रहा। अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि श्री मानव कल्याण आश्रम पूज्य ललिताम्बा माता व स्वामी कल्याणानन्द सरस्वती द्वारा स्थापित धार्मिक संस्था है। जो धार्मिक क्रिया कलापों के साथ विगत ७० वर्षों से सेवा प्रकल्पों का संचालन कर रही है। उसी परम्परा के तहत ज्येष्ठ मास में प्रतिदिन श्रद्धालु यात्रियों को शरबत प्रसाद वितरित किया जाता है। साथ ही श्रावण मास प्रारम्भ होते ही कांवड़ियों की सेवार्थ भोजन भण्डारा अन्न क्षेत्र प्रारम्भ किया जाता है। सेवा परम्परा के तहत ही भगवान श्रीकृष्ण की छठी के अवसर पर भक्तों में कढ़ी-चावल प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रेनुका बेन एल.ठक्कर, स्वामी हंसानन्द, सुरेन्द्र मिश्रा, संजय वर्मा, राम धीरज, अनन्तानन्द, ब्रह्मजीत, रामजी, महेन्द्र, मिथलेश, रूपेश शर्मा, सुरेश चौहान एवं वेद विद्यालय के आचार्य एवं छात्र उपस्थित रहे।

# ऑक्सफोर्ड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुई गंगा आरती

**2026 में लंदन में ऑक्सफार्ड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड गंगा सभा पदाधिकारियों को करेगी सम्मानित**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी पर होने वाली गंगा आरती को ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। शुक्रवार को हरकी पैड़ी स्थित गंगा सभा कार्यालय में ऑक्सफोर्ड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स के भारत में प्रतिनिधि और संरक्षक सुरेश मिश्रा ने एक आयोजन में श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम और महामंत्री तन्मय वशिष्ठ तथा अन्य पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। हरिद्वार के तीर्थ पुरोहितों की संस्था श्री गंगा सभा 1916 से लगातार हरकी पैड़ी पर गंगा आरती का आयोजन कर रही है। कोरोना काल में भी प्रतिदिन गंगा आरती का आयोजन किया गया। 109 वर्ष से निरंतर गंगा आरती के आयोजन के चलते ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने गंगा आरती का नाम अपने रिकार्ड में दर्ज किया है। सुरेश मिश्रा ने बताया कि जून 2026 में लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन कार्यालय में भव्य समारोह में श्री गंगा सभा के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर विधिवत् रूप से सम्मानित किया जाएगा और इस अलंकरण से नवाजा जाएगा। मिश्रा ने बताया कि गंगा सभा 1916 से लगातार हरिद्वार में गंगा आरती का आयोजन कर रही है और कोरोना काल में भी निरंतर आरती होती रही। श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने बताया कि यह श्री गंगा सभा, हरिद्वार तथा उत्तराखंड के लोगों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। गंगा सभा इस सम्मान से गौरवान्वित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि गंगा सभा भविष्य में भी इससे बड़े सम्मान अपने काम को लेकर प्राप्त करेगी ऐसी उन्हें उम्मीद है। इस दौरान उज्जवल पंडित, सिद्धार्थ चक्रपाणी, डा.राजेंद्र पराशर आदि मौजूद रहे।



# नेपाली समाज ने किया दर खाने का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नेपाली समाज की और से दर खाने का आयोजन किया गया। मुल्तान भवन में आयोजित कार्यक्रम मे सैकड़ों पुरूष, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग पारंपरिक नेपाली वेशभूषा में शामिल हुए और नेपाली व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों पर नृत्य किया। मुल्तान भवन के प्रबंधक नारायण शर्मा ने बताया कि नेपाली संस्कृति के अनुसार तीज पर्व के अवसर महिलाएं अपने मायके आती है। विदाई के अवसर पर मायके आयी बेटियों को अन्य उपहारों के साथ खाने का सामान भी दिया जाता है। इसे ही दर खाना कहा जाता है। गिरवर नाथ जनकल्याण धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल खड़का ने कहा कि नेपाली समाज जड़ों से जुड़े रहकर अपनी संस्कृति का पालन कर रहा है। उन्होंने बताया कि नेपाली समाज एकजुट होकर विभिन्न पर्वो का आयोजन करता है। जिससे युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति को समझ सके। गोरखाली महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष पदमा पांडे ने बताया कि तीज के उपलक्ष्य में 24 सितम्बर को बैरागी कैंप में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में नेपाली समाज के लोग शामिल होंगे।



कार्यक्रम मे स्वामी हरिहरानन्द, स्वामी सुतिक्षण मुनि, महंत दिनेश दास, पदम प्रसाद सुबेदी, नारायण शर्मा, लोकनाथ सुबेदी, कमल खड़का, विजय शर्मा सुबेदी, सुशील पाण्डेय, शमशेर बहादुर बम, गगन भंडारी, कमला सुबेदी, शारदा सुबेदी, पदमा पाण्डेय, रेखा शर्मा, तनुजा पाण्डेय, मन्दिरा भंडारी, कल्पना बोहरा, लक्ष्मी पौड़ेल, लक्ष्मी घिमेरे, चंपा, भावना सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# बाल तस्करी से आजादी को चलाया जाएगा जन जागरूकता अभियान : डॉ. गीता खन्ना

■ देश में बाल तस्करी पर लगे अंकुश, उठाए जा रहे है विशेष कदम चलाया जाएगा जनजागरूकता अभियान उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने दिए निर्देश, बाल तस्करी की रोकथाम को भारतीय रेल मंत्री एवं यातायात मंत्री को भेजा सुझाव एवं अनुरोध पत्र



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने कहा कि भारत को बाल तस्करी जैसे गम्भीर अपराधों से मुक्त कराने के लिए अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष एक माह विशेष रूप से मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी "बाल तस्करी से आजादी 3.0" अभियान के तहत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सहयोग से एक विशेष जनजागरूकता अभियान चलाए जाने के लिए समस्त सीमावर्ती जनपदों के उपायुक्त/जिलाधिकारियों को विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर इस अभियान का शुभारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के अंतर्गत निर्देशित किया गया है कि बाल तस्करी की रोकथाम संबंधी जानकारी प्रमुख स्थानों जैसे बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, बाजारों आदि पर बैनर, पोस्टर एवं जनघोषणा (हिंदी, अंग्रेजी अथवा क्षेत्रीय भाषा में) के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित की जाए। बच्चों के बीच बाल तस्करी, उसकी रोकथाम एवं घटना घटित होने की स्थिति में की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही संबंधी जानकारी का प्रसार किया जाए। देहरादून अभियान को लोकप्रिय बनाने के लिए इसका मीडिया में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। बाल तस्करी की रोकथाम डॉ गीता खन्ना ने भारतीय रेल मंत्री एवं यातायात मंत्री को पत्र प्रेषित कर सुझाव एवं अनुरोध किया गया है कि भारतीय रेल में नाबालिग बच्चों के आवागमन पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसके लिए सीट आरक्षण फार्म (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों) में यात्रा करने वाले बच्चे के अभिभावक का नाम, पहचान पत्र विवरण एवं संपर्क सूत्र अंकित करना अनिवार्य किया जाए। साथ ही यात्रा के दौरान संबंधित नाबालिग की जिम्मेदारी रेलवे टिकट निरीक्षक को सौंपते हुए उन्हें इस संबंध में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे बाल तस्करी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पूर्व में भी गुरुप्रीत सिंह, अध्यक्ष, चौरिटी एंड रिसर्च सेंटर द्वारा आयोग को दिए गए ज्ञापन के क्रम में आयोग ने संबंधित अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर बाल तस्करी पर सख्त कदम उठाने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

# मानसून सत्र में कांग्रेस के रवैये को लेकर भाजपाइयों ने फूंका कांग्रेस का पुतला

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** मानसून सत्र में कांग्रेस के रवैये को लोकतंत्र विरोधी कृत्य के विरोध में शुक्रवार को भाजपा के द्वारा हरबर्टपुर चौक पर कांग्रेस का पुतला दहन किया गया। हरबर्टपुर चौक पर कांग्रेस के पुतला दहन के बाद जिला अध्यक्ष मीता सिंह उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनहित पर चर्चा के बजाय कांग्रेसी विधायकों को ब्रांडेड कंबलों में सदन के अंदर खर्राटे लेते सबने देखा है। सदन न चलने देना जनता के टैक्स के पैसे की बरबादी करने जैसा ही है। प्रदेश उपाध्यक्ष नीरू देवी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और प्रीतम के कार्यमंत्रण समिति से इस्तीफे को अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश बताया। प्रदेश कार्यकारिणी संतोष रावत ने कहा कि



जनभावनाओं का सम्मान करते हुए ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण में मानसून सत्र आयोजित किया गया था। जिला महामंत्री विनोद कश्यप ने कहा कि सत्र में कई महत्वपूर्ण विधयेक पारित किए, जाने थे उन पर चर्चा करने के बजाए जिस तरह का हंगामा, तोड़फोड़, शोर शराबा, अभद्र भाषा का प्रयोग कांग्रेस विधायकों ने सदन में किया, वह दुर्भाग्यपूर्ण और अलो. कतांत्रिक है। कांग्रेस तो शुरुआत से ही राज्य निर्माण और उसके विकास दोनों की विरोधी रही है। इस अवसर जिला महामंत्री अमित डबराल, राहुल शर्मा, प्रमोद कुमार, नवीन रावत, आशा सैकसेना, सुनीता गुलेरिया, ऋषभ अग्रवाल, धीरेंद्र पटवाल, आकाश मुल्तानी, अनुज कुमार जनार्दन जोशी, पंकज शर्मा, कांति देवी, अनिल कुमार, दिनेश कौशिक, मेघश्याम शर्मा सहित जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला उपस्थित रहे।

## अस्पताल की शिकायत पर प्राधिकरण ने पुलिस में दी तहरीर

**देहरादून।** आयुष्मान भारत योजना में चिकित्सा दावों के भुगतान कराने के एवज में अवैध वसूली की एक शिकायत पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने पुलिस में तहरीर दी है। बता दें कि प्राधिकरण में चिकित्सा दावों का भुगतान ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज दावों के क्रम के अनुरूप ही होता है। यह ऑटोमैटिक प्रक्रिया है ,इसमें किसी तरह के फेरबदल की कोई संभावना नहीं है।प्राधिकरण में अपर निदेशक (प्रशासन) निखिल त्यागी की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण को मेल के जरिए सितारगंज स्थित ए.के.आई. हॉस्पिटल ने जानकारी दी कि एक युवक ने प्राधिकरण में चिकित्सा दावों के भुगतान के एवज में अवैध वसूली की है।

# एसडीएम ने मेले की तैयारी को लेकर अधिकारियों से की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**त्यूणी।** प्रसिद्ध श्री महासू देवता मंदिर हनोल में 26 अगस्त की रात्रि को आयोजित होने वाले परंपरागत जागरा मेला (लोक पर्व हरियाली) की तैयारी के संबंध में प्रभारी उपजिलाधिकारी योगेश सिंह मेहरा ने समीक्षा बैठक बुलाई। एसडीएम ने मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों के संग मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने पर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाने को बिंदुवार चर्चा कर आगे की रूपरेखा तैयार की। मंदिर समिति के सुझाव पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए। जागरा मेले को स्थानीय लोक मान्यता व परंपरा के अनुरूप भव्य एवं दिव्य बनाने को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। प्रसिद्ध महासू देवता मंदिर हनोल में



26 अगस्त को जागरा मेले के आयोजन में लोक उत्सव की तैयारी चल रही है। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हनोल मंदिर में विभिन्न क्षेत्र से हजारों की संख्या में भक्तजन देवता के दरबार में रात्रि जागरण के लिए आते हैं। स्थानीय लोक मान्यता एवं परंपरा के अनुरूप देवता के मंदिर प्रतिवर्ष भाद्र पद के शुक्ल पक्ष को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर जागरा मेला का आयोजन होता है। इस बार 26 अगस्त की रात्रि को हरियाली तीज पर लोक उत्सव का परंपरागत जश्न मनाने को बीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जागरा मेले में रात्रि जागरण के बाद 27 अगस्त को विधि विधान से देवता का शाही स्नान कराया जाएगा। शुक्रवार को प्रभारी उपजिलाधिकारी एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेश सिंह मेहरा ने जागरा मेले के आयोजन की तैयारी को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति व विभागीय अधिकारियों के संग समीक्षा बैठक ली। एसडीएम ने कहा मेले के दिन रात्रि में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने से यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाने को पुलिस-प्रशासन की टीम मंदिर प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी जगह कड़ी निगरानी रखेगी। मंदिर समिति के कंट्रोल रूम से व्यवस्था संचालन में आने वाली समस्या का दूर किया जाएगा। श्रद्धालु की सुविधा को त्यूणी से हनोल मंदिर तक आने जाने को छोटे वाहन शटल व्यवस्था के तहत संचालित किए जाएंगे। मेले के दिन हनोल-मोरी-पुरोला स्टेट हाईवे पर ट्रकों, लोडर वाहन व यात्री बसों का संचालन पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। एसडीएम योगेश सिंह मेहरा व सीओ विकासनगर बीएल शाह ने थानाध्यक्ष त्यूणी विनय मित्तल को जागरा मेले में अतिरिक्त फोर्स उपलब्ध कराने पर यातायात व्यवस्था बनाने को रात्रि में नियमित पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। भंडार स्थल के पंडाल में आमजन की सुविधा को स्वास्थ्य शि. विर, अग्निशमन दल, पीएसी प्लाटून, पुलिस प्रशासन की टीम, जल संस्थान, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत, पर्यटन विभाग, पुरातत्व विभाग और मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों को व्यवस्था संचालन की जिम्मेदारी बांटी गई है। इस मौके पर एआरटीओ प्रवर्तन अनिल सिंह नेगी, तहसीलदार सुशीला कोठियाल, मंदिर समिति के संयोजक चंदराम राजगुरु, कोषाध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, मंदिर समिति के सदस्य राजाराम शर्मा, जितेन्द्र सिंह चौहान, जिला पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पाण्डेय, एसडीओ आदित्यनाथ ठाकुर, थानाध्यक्ष विनय मित्तल, अवर अभियंता जगदीश पंत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### अभिविन्यास कार्यक्रम में नवप्रवे. शित छात्र-छात्राओं का स्वागत

**साहिया।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विषयाध्यापकों, नयी शिक्षा नीति-2020 आधारित पाठ्यक्रम और महाविद्यालय की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराया गया। नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने आत्म-परिचय दिया, वहीं विभिन्न विषयाध्यापकों ने अपने विषय संबंधी जानकारी साझा की। इस अवसर पर एनईपी-2020 के प्रावधानों एवं महाविद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक आशा सिंह सहित महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. शशिकला, डॉ. चॉद्रिका, डॉ. रेनू देवी, रेखा, पूजा पांडेय, वरुण प्रसाद सेमवाल, रिंक. दास भारती एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं में सुजल, शिवानी, श्यामा, शिवानी रावत, साक्षी, पंकज, मनीष, मीरा, मोनिका, ममता, नन्दनी, सारिका, सपना, कुशल शर्मा एवं प्रिया नेगी आदि की उपस्थिति रही।

### ओएनजीसी की ओर से नवप्रभात ने अस्पताल को भेंट की एंबुलेंस

**विकासनगर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात ने ओएनजीसी और जनकल्याण ट्रस्ट की ओर से उप जिला अस्पताल विकासनगर को एंबुलेंस भेंट की। नवप्रभात ने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र का सबसे बड़ा स्वास्थ्य केंद्र है। एंबुलेंस सेवा उपलब्ध होने से मरीजों को आपात स्थिति में त्वरित उपचार का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप चौहान, प्रदेश कांग्रेस के सचिव विकास शर्मा, संजय जैन, सरदार बलजीत सिंह, रिंकू कनौजिया भी मौजूद रहे।

### बुलाकीवाला में स्टेट बैंक का शिविर ग्रामीणों को दी वित्तीय जानकारी

**विकासनगर।** ग्राम पंचायत बादामावाला विकासनगर के बुलाकीवाला गांव में भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक के महाप्रबंधक दीपेश राज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दीपेश राज महाप्रबंधक ने ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी ग्रामीण अपना केवाईसी समय-समय पर अपडेट रखें, बैंक बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं तथा डिजिटल लेन-देन में सतर्क रहें। सभी अपना खाता जरूर खोलें उन्होंने विशेष रूप से चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति अपना ओटीपी किसी के साथ साझा न करें और सभी अपने बैंक खाते चालू रखें, ताकि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचा जा सके। इस मौके पर दीपक राज महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, स्वाति बैंक मैनेजर, रोहित चकराता। जौनसार-बावर जनजाति सरकारी सस्ता गल्ला एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक जौनसार-बावर भवन में आयोजित की गई, जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ।

### श्याम सिंह राठौड़ बने सस्ता गल्ला एसोसिएशन के नए अध्यक्ष



सर्वसम्मति से श्याम सिंह राठौड़ को अध्यक्ष और गीता सिंह चौहान को सचिव चुना गया। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष श्याम सिंह राठौड़ ने कहा कि वह संगठन के विक्रेताओं और क्षेत्र की जनता के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वा. सन दिया कि लोगों को समय पर, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण राशन उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। राठौड़ ने यह भी कहा कि संगठन और सरकार के बीच समन्वय मजबूत कर समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। नई कार्यकारिणी में सुनील चौहान उपाध्यक्ष, गीता सिंह चौहान सचिव और गीतेन्द्र सिंह चौहान कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। बैठक में बड़ी संख्या में विक्रेता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसजीआरआर के प्रधानाचार्य की आत्मकथा का विमोचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज सहसपुर के प्रधानाचार्य डॉ रवीन्द्र सैनी की आत्मकथा 'मेरे जीवन का सफर' का विमोचन भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के द्वारा किया गया।

डॉ निशंक ने रवीन्द्र सैनी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साहित्य मनुष्य की आत्मा का दर्पण है और पुस्तक उसका अमर स्वरूप। यह कृति न केवल उनके जीवनानुभवों का सार है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का उज्ज्वल दीप भी है।

डॉ. रविन्द्र को इस साहित्यिक



उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएँ उनके द्वारा किया गया यह प्रयास बहुत सराहनीय है। उन्होंने डा. रवींद्र की कविताओं और लेखन शैली की प्रशंसा की। अपनी आत्मकथा में रवींद्र सैनी ने रमेश पोखरियाल निशंक का भी उल्लेख किया है। इस अवसर पर विधायक पुंडीर ने कहा कि डॉ. रविन्द्र सैनी की यह कृति उनके जीवनानुभवों का अमूल्य संग्रह है, जो न केवल साहित्य जगत को समृद्ध करेगी बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

उन्होंने इस साहित्यिक उपलब्धि पर डॉ. रविन्द्र जी को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

विधायक पुंडीर ने कहा कि शिक्षा और साहित्य समाज को दिशा देने वाली धुरी हैं, और इस प्रकार के प्रयास समाज को नई सोच और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक सहदेव पुंडीर, जिला अध्यक्ष भाजपा मीता सिंह, नगर पालिका हरबर्टपुर की अध्यक्ष नीरू देवी, पुनर्नवा वैलनेस रिजॉर्ट तथा विश्व जन जागृति मिशन अस्तित्व एजुकेशन सोसाइटी के संस्थापक डॉक्टर आचार्य आशीष सेमवाल, श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज के प्रबंधक चंद्र मोहन सिंह पयाल अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

## मोरी –नैटवाड़ मोटर मार्ग पर सड़क हादसा, युवक की दर्दनाक मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** मोरी –नैटवाड़ मोटर मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा गया जिससे एक युवक की दर्दनाक मौत जबकि अन्य चार लोगो भी चोटील हो गये। घटना शुक्रवार की है जब थाती दिचली गांव निवासी हाल निवासी भानियावाला (देहरादून) नवीन रमोला जो नैटवाड इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना से क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा कि गाड़ी से सड़क किनारे पत्थर से कार टकराने से दो-तीन पलटे खाकर फिर पिलर से टकरा गई। गनीमत रही कि कार टोंस नदी में नहीं पलटी वाहन में दो महिलाएं एक ढाई साल का बच्चा एक पुरुष भी सवार थे।

## ब्रह्मकुमारी केंद्र ने गोपेश्वर में आयोजित किया रक्तदान शिविर



शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र गोपेश्वर ने शुक्रवार को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।ब्रह्माकुमार मेहरचंद भाई एवं बीके नीलम के नेतृत्व में ब्राह्मकुमारी केंद्र की मजबूत स्तम्भ प्रकाशमणि दादी की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में कई सेवार्थियों ने रक्तदान कर मानवसेवा का संकल्प दोहराया।रक्तदान करने वाले 17 रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि रक्तदान करना सर्वोच्च स्तर की मानवीय सेवा है। ब्रह्माकुमारी केंद्र पूरी दुनिया में मानवता, अध्यात्मिकता एवं वैश्विक शांति के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं। ब्रह्माकुमारी केंद्र की संचालक बीके किरन ने कहा कि यह रक्तदान शिविर 22 अगस्त से 25 अगस्त तक पूरे विश्व में आयोजित किया जाएगा।

# शिव मंदिर की समस्याओं को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

■ युधिष्ठिर से जुड़े पिरामिडाकार शिवलिंग वाले मंदिर के चारों ओर रेलिंग और शेड का निर्माण आदि मांगे की गई



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** प्राचीन व ऐतिहासिक लाखामंडल शिव मंदिर की समस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर मंदिर समिति ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को ज्ञापन भेजा। समिति ने मंदिर परिसर के संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील गौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक घोषित इस प्राचीन मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है, जिससे मंदिर परिसर में घुटन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि मंदिर के मुख्य द्वार के साथ-साथ एक अतिरिक्त निकासी द्वार का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि धर्मराज युधिष्ठिर से जुड़े पिरामिडाकार शिवलिंग वाले मंदिर के चारों ओर रेलिंग और शेड का निर्माण किया जाए, जिससे वर्षा ऋतु में पूजा-अर्चना सुगमता से हो सके और आवारा पशुओं का प्रवेश भी रोका जा सके।

समिति ने यह भी कहा कि लाखामंडल परिसर में गुप्तकाल से लेकर 12वीं शताब्दी तक की ऐतिहासिक धरोहरें मौजूद हैं। खुदाई के दौरान लगातार अवशेष मिलते रहते हैं,

जिन्हें सुरक्षित व संरक्षित किया जाना आवश्यक है। साथ ही लगभग तीन वर्ष पूर्व विभागीय स्तर पर निर्मित मूर्ति कक्ष अभी तक अधूरा पड़ा है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर आम श्रद्धालुओं के लिए खोला जाए।समिति ने मंत्री से लाखामंडल में एक शोध संस्थान की स्थापना करने और क्षेत्र को मास्टर प्लान के तहत विकसित करने की मांग भी रखी। समिति का कहना है कि इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सुशील गौड़ के साथ शांति प्रसाद सेमवाल एवं आचार्य लोकेश बड़ोनी शामिल रहे।

# एमडीडीए की अवैध निर्माण करने वालों पर गिरी गाज

## अवैध निर्माणों में न फंसे : तिवारी



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने राजधानी देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कब्जों, प्लाटिंग व निर्माणों पर शिकंजा कसना तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त निर्देशों के बाद एमडीडीए लगातार अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चला रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत दो स्थानों भोगपुर और हरबजवाला में अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया। थानो भोगपुर में सानिका व विशाल द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता दीपक नौटियाल और सुपरवाइजर की मौजूदगी में सील किया गया। मेंहूवाला हरबजवाला (आसन नदी के निकट) में केदार सिंह चौहान द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेश पर सहायक अभियंता विजय सिंह रावत, अवर अभियंता जितेंद्र सिंह और सुपरवाइजर की टीम ने सील किया।

डीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर नियम विरुद्ध अवैध निर्माण और प्लॉटिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम हो रहा है। कोई भी व्यक्ति चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो अगर अवैध कब्जों, निर्माण, प्लाटिंग या नियम विरुध कार्य करने में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील है कि ऐसे निर्माणों में न फंसे और न ही किसी को प्रोत्साहित करें। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और प्राधिकरण क्षेत्र में कहीं भी अवैध निर्माण पाया गया तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## पोखरी गांव में भूस्खलन का खतरा, मकान संकट में

**नई टिहरी।** विकासखंड प्रतापनगर के सेम मुखेम को जोड़ने वाले कौडारदुदीनगांवदुमुखेम मोटर मार्ग पर पोखरी गांव के समीप हुए भीषण भूस्खलन ने पूरे गांव को खतरे में डाल दिया है। सड़क के पास बनी आकार की संरचना के कारण भारी मात्रा में पानी गांव की ओर रिस रहा है, जिससे करीब 30 परिवारों के मकान खतरे की जद में आ गए हैं। यही नहीं, गांव में निर्मित बारातघर भी पानी के दबाव और रिसाव की चपेट में आ चुका है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ी आपदा घटित हो सकती है।

# ब्राइट ऐन्जल्स स्कूल ने अपने परिसर को तम्बाकू फ्री जोन घोषित किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** ब्राइट ऐन्जल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर ने छात्रों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से अपने परिसर को तंबाकू फ्री जोन घोषित किए जाने का निर्णय लिया।

इस निर्णय के तहत स्कूल परिसर में तंबाकू के किसी भी रूप का उपयोग, बिक्री या वितरण पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा।

स्कूल प्रशासन ने इस पहल को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया जो तंबाकू फ्री जोन के नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी। स्कूल प्रशासन ने कहा कि तंबाकू का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह छात्रों के शैक्षिक प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

कहा कि स्कूल का उद्देश्य है कि स्कूल के छात्र और कर्मचारी स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। स्कूल के छात्रों ने बताया कि तंबाकू का सेवन कितना खतरनाक है और इससे देश का उज्जवल भविष्य कितने पीछे हो रहा है। स्कूल प्रशासन ने कहा कि अगर अपने देश को आगे बढ़ाना है तो इस सभी वस्तुओं से निजात पाना होगा।

स्कूल के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन व राणा अलमास ने छात्रों को तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल की निदेशक अजरा हुसैन, विनय गुप्ता, पंजाब सिंह, खुशीराम जोशी, दिव्या अग्रवाल, डा. विना अरोड़ा, संगीता सैनी, राधा जैन, शीतल रावत, अनुप्रिया सुंधला चौहान, अलाउद्दीन अहमद, जावेद, प्रशांत गुप्ता, गौरव चौधरी आदि मौजूद रहे।

# जिपं चुनाव में हुई अराजकता लोकतंत्र पर कलंक

## विधानसभा सत्र से लौटे विधायक सुमित हृदयेश ने भाजपा पर बोला तीखा हमला

**कहा–आज मुझे छाता मारा है, कल गोली मारेंगे**
**एसएसपी मीणा पूरी तरह से हुए हैं फेल**
**जिपं देवकी बिष्ट का भी कर रहे थे अपहरण**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिला पंचायत के चुनाव में हुई अराजकता पर शहर विधाायक सुमित हृदयेश ने मानसून सत्र से लौटने के उपरांत प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार और प्रशासन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में भाजपा की मनमानी और नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में हुई अराजकता लो. कतंत्र के लिए कलंक है। कांग्रेस जल्द ही प्रदेश में सबसे बड़ा आंदोलन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भाजपा ने खुलेआम वोटों की चोरी की है। हमारे सदस्यों को मारा पीटा और उनका अपहरण किया।

यहां तक की नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी हाथ उठाया गया। कहा कि एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा इस मामले में पूरी तरह से फेल साबित हुए हैं। नैनीताल रोड स्थित एक होटल में उन्होंने कहा कि फेसबुक के माध्यम से जनता ने देखा कि उस दिन नैनीताल में किस तरह अराजकता की गई। गुंडों और भाजपा के नेताओं ने मिलकर हमारे सदस्यों को उठा लिया। हमारे पास 15 सदस्यों का समर्थन था और भाजपा के पास 12 सदस्यों का समर्थन था। कहा कि मेरे ऊपर छाते से हमला किया गया। आज छाता मारा है कल को ये लोग गोली भी मार देंगे। कहा कि अगली बार हमें भी अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना होगा और साथ ही अब जब भी पंचायत चुनाव होंगे लोग अपने सदस्यों को लेकर पहले कोर्ट जाएंगे। इसके साथ ही बेतालघाट में पंचायत चुनाव के दौरान गोली चली। कांग्रेस की जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट तक का ये गुंडे अपहरण करना चाह रहे थे। कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी को इस बात का स्वतः संज्ञान लेकर चर्चा करानी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और जब हमने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर नियम 310 के तहत चर्चा कराने की बात कही तो सरकार नहीं मानी। इसलिए हमने सदन में ऐतहासिक धरना दिया। कहा कि हमारे मांग थी कि डीएम वंदना सिंह और एसएसपी मीणा को हटाया जाए लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर रही है जबकि हाईकोर्ट तक एसएसपी को हटाने के लिए टिप्पणी कर चुका है। हमें उम्मीद है कि हाईकोर्ट हमारी सुनेगा और इस चुनाव में रिपोलिंग होगी। अपहरण किए गए पांचों सदस्यों से दबाव में बयान लिए गए, इसलिए उनके बयान हाईकोर्ट ने नहीं सुने। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष हरीश मेहता, महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, महिला कांग्रेस प्रदेश महासि. चव शोभा बिष्ट, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमन्त बगड़वाल, पूर्व दर्जा मंत्री सुहैल सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर हुसैन, विधायक प्रतिनिधि जीवन कार्की, प्रदेश सचिव डा. मयंक भट्ट, वरिष्ठ कांग्रेसी अवध विहारी शर्मा, बहादुर बिष्ट, गिरीश पांडे, सतनाम सिंह, राजकुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आईपीएस एसोसिएशन में की है कप्तान की शिकायत

विधायक सुमित ने कहा कि 13 अगस्त की रात को पुलिस सौरभ होटल और रिया पैलेस में छापे मार रही थी। एक-एक कमरे को तलाश रही थी और नैनीताल में गुंडे आकर होटलों में रुके हुए थे, इस पर उसका कोई ध्यान नहीं था। कहा कि पूर्व सीएम हरीश रावत ने एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा की शिकायत आईपीएस एसोसिएशन में की है। साथ ही मैंने भी एसएसपी को बताया कि अपहृत किए गए सदस्य जसपुर टोल पर देखे गए हैं लेकिन उनकी ओर से कोई तलाश नहीं की गई। कहा कि अब एसओ तल्लीताल समेत अन्य छोटे पुलिस कर्मचारियों पर गाज गिराई जा रही है जबकि उनके आदेश बड़े पुलिस अधिकारियों से था। कहा कि चुनाव के दिन उस जगह पर एक भी सीनियर पुलिस अधिकारी नहीं था।

# भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयासः एडीजी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी में निदेशक सतर्कता डा. वी. मुरूगेशन ने लंबित भ्रष्टाचार प्रकरणों की समीक्षा की। निदेशक सतर्कता डा. वी मुरूगेशन की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेक्टर हल्द्वानी के 4 अभियोगों और 4 खुली जांचों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में लंबित दो ट्रैप मामलों की विवेचना शीघ्र पूरी कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप-पत्र न्यायालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि सतर्कता विभाग के टोल फ्री नंबर 1064 पर इस वर्ष प्राप्त 124 शिकायतों में से 95 का निस्तारण किया जा चुका है। इनमें से 6 मामलों में ट्रैप की कार्रवाई की गई, जिसमें 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इनमें 2 राजपत्रित और 6 अरा. जपत्रित अधिकारी/कर्मचारी शामिल थे। समीक्षा बैठक में अभिसूचना संकलन के अंतर्गत चल रही 2 जांचों को गहनता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही न्यायालय में विच. राधीन मामलों में प्रभावी पैरवी करने पर जोर दिया। ट्रैप के दौरान शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई धनराशि लौटाने के लिए गठित रिवॉल्विंग फंड से अब तक 5 शिकायतकर्ताओं को कुल 72 हजार रुपये वापस किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार रोकथाम के लिए सतर्कता विभाग द्वारा गांवों में जागरूकता अभियान, पंपलेट वितरण और आकाशवाणी से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। निद. ेशक डा. वी मुरूगेशन ने आम जनता से अपील की है कि वे टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1064 पर संपर्क कर भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड अभियान में अपनी भूमिका निभाए।

# युवक पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार

**हल्द्वानी।** बीते गुरुवार को कुछ अज्ञात लोगों ने किसी बात को लेकर एक युवक से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। घायल व्यापारी को लोगों द्वारा बेस अस्पताल लाया गयस जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गयी। आरोप है कि बदमाशों ने उसे लोहे की रॉड से हमला किया जिससे उसके सिर व चेहरे में कई टांके आऐ है। पीड़ित व्यापारी ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर तहरीर सौंपी। जानकारी के अनुसार बरेली रोड निवासी अजय निक्की शंकर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 21 अगस्त की शाम वह किसी काम से केमू स्टेशन की तरफ जा रहा था तभी दो स्कूटी सवार युवकों ने घेर लिया जो पूरी तरह नशे में थे। जब विरोध किया तो उन्होंने गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। हादसे में उनके सिर और मुंह में लोहे की रौड से वार कर दिए। जिस कारण वह लहूलुहान होकर जमीन में गिर पड़े। आसपास के लोग उन्हें बेस अस्पताल ले गए। जहां उपचार के बाद उसे घर भेजा गया। युवक का आरोप है कि हमला करने वाला साजिशकर्ता मटर गली का एक व्यापारी है। कोतवाल राजेश यादव का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

# कांग्रेस ने सदन चलने नहीं दिया: बंशीधर भगत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस पर गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दौरान अमर्यादित व्यवहार और लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करने का आरोप करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बुद्ध पार्क में नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और कांग्रेस का पुतला फूँका। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा सत्र को बाधित कर सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने नहीं दिया, जिसके कारण राज्य की जनता के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय प्रभावित हुए। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस ने गैरसैंण विधानसभा सत्र में जिस तरह से हंगामा किया और सदन को चलने से रोका, वह निंदनीय है। इससे न केवल विधानसभा की गरिमा को ठेस पहुंची बल्कि जनता के हितों को भी नजरअंदाज किया गया। हम इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते है और जनता से अपील करते है कि वे कांग्रेस के इस व्यवहार को समझें। पुतला फूंकने वालो में जिला प्रभारी राजेश कुमार, लालकुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, रंजन बर्गली, चंदन सिंह बिष्ट, प्रकाश रावत, दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी, दिनेश खुल्बे, अलका जीना, शांति भट्ट, सचिन शाह, योगेश रजवार, रत्नेश शाह, कमल पांडे, प्रमोद पंत, रविन्द्र बाली, नीरज बिष्ट, भुवन आर्य समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सतनाम सिंह विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विधायक सुमित हृदयेश ने कांग्रेस के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता सतनाम सिंह चटवाल को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि सतनाम सिंह चटवाल लम्बे समय से पार्टी के प्रति निष्ठावान एवं समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उनकी सक्रियता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। विधायक प्रतिनिधि के रूप में सतनाम सिंह चटवाल न केवल कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में भूमिका निभाएंगे, बल्कि हल्द्वानी क्षेत्र में पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भी करेंगे। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर सतनाम सिंह चटवाल ने इसे अपने लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि वे वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहे हैं और इस नई जिम्मेदारी को ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे। विधायक सुमित हृदयेश के विकास एजेंडे को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे और जनहित को प्राथमिकता देते हुए सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।



# ITI गैंग का लीडर समेत चार गिरफ्तार

## गैंगस्टर की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दहशत का पर्याय बने कुख्यात आईटीआई गैंग पर पुलिस ने अपना शिकंजा कसना शुरु कर दिया। पुलिस ने गैंग के लीटर सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया है। चारों आरोपियों ने खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

बता दें कि एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने सभी अधीनस्थों को अपराधियों के आपरा. धिक क्रियाकलापों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव ने गैंग लीडर देवेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र बलबीर सिंह बिष्ट निवासी गैस गोदाम छड़ायल हल्द्वानी सहित गैंग के 4 सदस्यों का एक सुसंगठित गिरोह चिन्हित किया। इस गिरोह का मुख्य लीडर देवेन्द्र सिंह बिष्ट है, जबकि आदित्य नेगी, देवेन्द्र सिंह बोरा और नवीन सिंह मेहरा सदस्य हैं। गैंग के सभी सदस्य थाना क्षेत्रान्तर्गत मानव शरीर एवं सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों में संलिप्त हैं। पुलिस के मुताबिक यह गैंग एकजुट होकर नियमित रूप से अपराध करते है, जिनका मुख्य उद्देश्य जनता के साथ लड़ाई झगड़ा, मारपीट करना, डराना धमकाना, सार्वजनिक स्थानों पर फायरिंग करना, तलवारबाजी, चाक. ूबाजी व लूट की घटना कर लोगों में भय पैदा करना था। यह गैंग शहर में आतंक और दहशत का पर्याय बन चुका है। खासतौर से देवलचौड़, डहरिया, आईटीआई, रामपुर रोड के इलाके में इनकी आपराधिक गति. विधियां होती रहतीं हैं। कई बार इस गैंग के सदस्यों की गिरफ्तारी हुई लेकिन इसके बाद भी गैंग सक्रिय रहता।

न्यायहित एवं जनहित में इनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने गैंग का गैंगचार्ट तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए गैंग के लीडर व अन्य सदस्यों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया। एसएसपी पीएन मीणा के सख्त निर्देश एवं शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश पर गठित पुलिस टीम ने शुक्रवार को शीतल होटल के पास टीपी नगर से आईटीआई गैंग के लीडर सहित सभी 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी पीएन मीणा ने स्पष्ट कहा कि शहर में कानून व्यवस्था को किसी भी हाल में खराब नहीं होने दिया जायेगा। शहर में गुंडागर्दी करने वाले चाहे जितने भी ताकतवर क्यों न हो, कानून से नहीं बच सकते। नैनीताल पुलिस की सख्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# हल्द्वानी में गूंजेगा अंतरिक्ष का स्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, नैनीताल यूनिवर्सल सीनियर सेकेंडरी कान्वेंट स्कूल हल्द्वानी में द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने जा रहा है। पूर्व प्रचार गतिविधियों में भाषण, गीत और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने अंतरिक्ष से जुड़े अपने विचार और रचनात्मकता को मंच पर उतारा। भाषण प्रतियोगिता का जजमेंट श्रद्धा गुरुरानी तिवारी और डा. दीपा जोशी ने किया।

गायन प्रतियोगिता के निर्णायक गोपेश बिष्ट और शोभा चारक रहे। चित्रकला प्रतियोगिता का मूल्यांकन भास्कर जोशी और शर्मिष्ठा बिष्ट ने किया। कार्यक्रम संयोजक आनंद बिष्ट ने बताया कि आयोजन के मुख्य आकर्षण होंगे एरीज के वरिष्ठ वैज्ञानिक व कौन बनेगा करोड़पति फेम डा. मोहित जोशी, जो छात्रों से भारत की अंतरिक्ष यात्रा पर चर्चा करेंगे। वहीं डा. नवल लोहनी फिजिक्स के जरिये धरती से परे भारत की उपलब्धियों पर विशेष प्रेजेंटेशन देंगे। विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, अति विशिष्ट अतिथि अनिल डब्बू और विशिष्ट अतिथि प्रियंका जोशी मौजूद रहेंगे। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज भट्ट ने बताया कि विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरे आयोजन को और रंगारंग बनाएंगे।

# खुद को मठाधीश न समझें एसएचओ व एसओः आईजी

**हल्द्वानी।** जनता अपराध मुक्त वातावरण चाहती है। पुलिस पर जनता का विश्वास तभी कायम रहेगा जब हम अपराधियों के खिलाफ ठोस और त्वरित कार्रवाई करेंगे। किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। अपराध नियंत्रण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि एसएचओ और एसओ खुद को मठाधीश न समझे। आपराधिक घटनाओं में लापरवाही बरतने पर संबंधित थाना प्रभारी के विरुद्ध 24 घंटे के भीतर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह बात आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने कहीं। शुक्रवार को कोतवाली परिसर में कुमाऊं रेंज की पुलिस अपराध समीक्षा बैठक कुमाऊँ आईजी रिद्धिम अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपराध समीक्षा बैठक में आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं, महिला शवों की शिनाख्त, गुमशुदगी, नशा-रोधी अभियान, तथा आगामी त्योहारों व छात्रसंघ चुनावों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। आईजी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव, नन्दा अष्टमी, बारावफात में पूरी तरह से शांति व्यवस्था बनी रहे। गुंडा तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाए। यदि चुनाव में फायरिंग या गंभीर वारदात हुई और लापरवाही पाई गई तो 24 घंटे के भीतर एसएचओ का निलंबन तय है। डीएनए प्रोफाइलिंग, फेस रिकग्निशन, फोटो प्रसार एवं सोशल मीडिया का सहयोग लेने पर बल दिया। कहा कि हर शव की पहचान जरूरी है, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय और मिल सके। थानों में पड़े वाहनों को न्यायालय की अनुमति से एक माह में नीलाम/स्क्रैप करने के निर्देश दिए। एनडीपीएस के मामलों को लेकर कहा कि साल 2015 तक के लंबित माल जल्द से जल्द न्यायालय आदेश अनुसार नष्ट कर दिए जाएं। लंबे समय तक जब्त एनडीपीएस माल रखना सुरक्षा व कानूनी दृष्टिकोण से खतरा हैं। गुमशुदा महिलाओं और बालिकाओं के मामले उच्च प्राथमिकता के साथ देखे जाएं।

**सूचना**

यह कि मेरे पासपोर्ट B7024929 में मेरे पति का नाम **विनोद सिंह (VINOD SINGH)** दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरे पति का नाम **विनोद कैन्त्यूरा (VINOD KAINTURA)** है। **विनोद सिंह व विनोद कैन्त्यूरा** एक ही व्यक्ति है।

**पूजा देवी पत्नी विनोद कैन्त्यूरा,**
निवासी - बडोला गली,
काशीरामपुर मल्ला, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, पिनकोड - 246149.

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद, चम्बा, टिहरी, टिहरी गढ़वाल**

संख्या-384/रा०वि०आ०/निर्माण कार्य/नि०-कोटे०/प्रकाशन /2024-25 दिनांक 20 अगस्त, 2025

**निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद चम्बा, टिहरी, टिहरी गढ़वाल 15वें एवं राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित में निम्नानुसार निर्माण कार्य को करवाना चाहती है, जिसके लिये पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों से **दिनांक-04-09-2025** समय-2:00 बजे अपराहन तक शीलबंद कोटेशन / निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों / निविदादाताओं / प्रोक्योरमेण्ट नियमावली 2017 में गठित समिति के सदस्यों के द्वारा सांय 3:00 बजे खोली जायेगीं। यदि उक्त तिथि को किसी कारणवश अवकाश होता है, तो निविदायें आगामी कार्यालय दिवस में पूर्व निर्धारित समय पर आमंत्रित एवं खोली जांयेगी, इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0-100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0-1:00 का रसीदी टिकट के साथ दरों की वैधता के सम्बन्ध में ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा, इसके बिना प्रस्तुत की गयी निविदा पर विचार नही किया जायेगा, निविदा के साथ (दो) प्रतिशत आगणन की दर से धरोहर धनराशि एन.एस.सी./ सी.डी.आर./ एफ.डी.आर./ पोस्ट ऑफिस की पासबुक के रूप में अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद चम्बा टिहरी के पदनाम से निरूपित करनी आवश्यक होगी, निविदा प्रपत्र ठेकेदार द्वारा निर्धारित मूल्य देने पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निर्माण कार्यों हेतु निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से कार्यालय दिवसों में **दिनांक-03-09-2025** तक सांय 04 बजे तक ही प्राप्त कर सकते है, किसी भी एक कोटेशन / निविदा एवं समस्त कोटेशन / निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / गठित समिति के नामित सदस्यों को सुरक्षित होगा, निविदा प्रपत्र पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों को ही दिये जायेगे, सभी निर्माण कार्य समय पर पूर्ण किये जाने आवश्यक होंगे, निर्माण कार्यों का विवरण निम्नवत है, निविदा की शर्तो जी०पी०डब्लयू०-9 के अनुसार होगी। निविदा/कोटशन से सम्बन्धित सेवा शर्ते कार्यालय दिवसों में कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू० में) | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा / कोटेशन की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं0-04 नई टिहरी रोड़ टैक्सी स्टैण्ड़ के समीप आर०सी०सी० नाली निर्माण कार्य एवं मुख्य चौराह के निकट पुलिस चौकी के समीप इण्टरलॉकिंग टाईल का कार्य। | 28360.00 | 2000.00 +18% जीएसटी | 04 माह | 45 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद चम्बा टिहरी।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद चम्बा टिहरी।**

**सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम रिया धारिया है परंतु गलती से पासपोर्ट में नाम रिया अंकित व दर्ज हो गया है जबकी मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में नाम रिया धारिया अंकित है जैसा कि आधार कार्ड ( 7170 3898 5316 ) में भी दर्ज है।

**श्री संजीव कुमार**
**पुत्र श्री शिव राम धारिया**
**निवासी-अपर नेहरुग्राम,**
**जिला देहरादून।**

**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
कार्यालयः अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, मसूरी
कुटुम्ब विहार, सिनौला, देहरादून
फोन / फैक्सः 0135-2736032 (का.) E-mail:jainigam.mussoorie@yahoo.com

पत्रांकः2061/135/72 **निविदा सूचना** दिनांकः 21.08.2025

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों के लिये तालिका में अंकित श्रेणी के उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 06.09.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन (अथवा अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में) अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कार्यालय मे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य (रू० में) | निविदा विक्रय की अंतिम तिथि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मसूरी सीवरेज योजना के अंतर्गत इन्दिरा कॉलोनी के सीवर कनेक्शन से अवशेष घरों हेतु सीवर लाईन निर्माण एवं तत्संबंधी कार्य | 48500.00 | 03 माह | 2000.00+ GST @18% | 05.09.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर (सीवर लाईन) |

अधिशासी अभियंता

"जल संचय-जीवन संचय" "कृपया जल स्रोतो को प्रदूषित होने से बचाईये"
वैधानिक चेतावनी-जल स्रोतो को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जीएमएस रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स 0135-2763507 वेबसाइट: www.ujvnl.com

स0 597 **निविदा सूचना** दिनांक 22.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सिविल), मनेरीभाली-।।, चिन्यालीसौड़ इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

1. निविदा संख्या 15 / अधि.अभि. (सिविल) / एमबी-।। / चिन्यालीसौड़ / 2025-26
2. निविदा संख्या 16 / अधि.अभि. (सिविल) / एमबी-।। / चिन्यालीसौड़ / 2025-26
1. कार्य का नामः-शक्तिपुरम कॉलोनी, चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी स्थित बैडमिंटन कोर्ट / बहुउदेश्यीय हॉल का वार्षिक रख-रखाव एवं सफाई कार्य।
2. कार्य का नामः-शक्तिपुरम कालोनी, चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी के ए0पी0 टाइप आवासों में क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवॉल का पुनर्निर्माण कार्य।
1. अनुमानित लागत ₹ 8,24,545.00 (GST अतिरिक्त)
2. अनुमानित लागत ₹ 5,41,137.00 (GST अतिरिक्त)

वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 22.08.2025 सांय 5:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 18.09.2025 प्रातः 11:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता (सिविल), एम.बी.-।।, चिन्यालीसौड़

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
TATA पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई-400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

**कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्तियों के लिए)**
(सिक्योरिटी इंटरेस्ट इंफोर्समेंट नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार

जबकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा के प्रवर्तन के तहत, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी अधोहस्ताक्षरी है। ब्याज अधिनियम, 2002 और सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं को नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए नीचे उल्लिखित एक मांग नोटिस उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर जारी किया। उधारकर्ता, राशि चुकाने में विफल रहने पर, एतद्वारा उधारकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 (4) उक्त अधिनियम के उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित। उधारकर्ता, विशेष रूप से, और आम जनता को एतद्वारा सावधान किया जाता है कि वे लेन-देन न करें, संपत्ति के साथ और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, नीचे उल्लिखित राशि के साथ उस पर ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि नीचे उल्लिखित तारीख से। सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| ऋण खाता संख्या | दायित्व (ओं) /कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि(ओं) का नाम | डिमांड नोटिस की राशि और तारीख | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| 10407650, 9952315, TCHIN 0374000 100166 019 | श्रीमति टीना धवन (उधारकर्ता) तथा श्री मनीषा धवन (सह-उधारकर्ता) श्रीमती श्रेष्ठ गोयल (सह-उधारकर्ता) और श्री प्रथम गोयल (सह-उधारकर्ता) | रु. 14,02,528/- ऋण खाता 9952315 और रु. 1,79,413/- ऋण खाता 10407650 के तहत और रु. 4,20,057/- ऋण खाता TCHIN0374000100166 019 के तहत यानी कुल मिलाकर रु. 20,01,998/- (रु.बीस लाख एक हजार नौ सौ अट्ठानवे मात्र) 05.06.2025 तक बकाया | 20/08/2025 |

सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरणः- आवासीय घर के सभी टुकड़े और पार्सल पर आवासीय संपत्ति की पूरी तरह से ढकी तीसरी मंजिल (सामान्य छत के अधिकार के साथ) खाता संख्या 1538, खसरा संख्या 233 (केएम) मिन(फसल वर्ष 1422-1427), क्षेत्रफल 75.80 वर्ग मीटर नीचे की भूमि में अविभाजित और अपरिभाषित हिस्सेदारी के साथ, मौजा अधोईवाला, परगना परवादून, जिला, देहरादून (उत्तराखण्ड), बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। सीमाएँ: पूर्वः भूमि दूसरों की, पश्चिमः-दूसरों की भूमि, उत्तरः-20 फूट चौड़ी सड़क, दक्षिणः-अरुण गोयल और अन्य की भूमि।

दिनांकः 23.08.2025 एसडी / - अधिकृत अधिकारी
स्थानः- देहरादून (उत्तराखण्ड) टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी और दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन ने कजाकिस्तान के शिमकेंट शूटिंग प्लाजा में चल रही 16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप रायफल/पिस्टल/शॉटगन के पांचवें दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने चीन की 16 वर्षीय पेंग शिनलू को 24 शॉट्स के फ़ाइनल में पछाड़ा।

एला ने 253-6 अंक हासिल किए, जो कि एक एशियाई फाइनल रिकॉर्ड है, जबकि पेंग उनसे 0-6 अंक पीछे रहीं। कोरिया की क्वोन युंजी को कांस्य पदक मिला। यह एला का एशियाई चैंपियनशिप में दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण है। उन्होंने इससे पहले 2019 में ताओयुआन, चीन में यह खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी मेहुली घोष 208-9 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं। एला पहले पांच सिंगल शॉट्स के बाद चौथे स्थान पर थीं और दूसरी सीरीज के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंचीं। इसके बाद के 14 शॉट्स में उन्होंने 10-5 से कम स्कोर नहीं किया, जिसमें 13वां शॉट परफेक्ट 10-9 था। क्वोन और पेंग ने कड़ी चुनौती दी, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी 22वें शॉट पर 9-9 अंक के साथ दौड़ से बाहर हो गईं। चीन की युवा खिलाड़ी पेंग ने 10-8 स्कोर के साथ दमदार अंत किया, लेकिन एला ने भी 10-6 और 10-7 के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी और खिताब अपने नाम किया।

इससे पहले, एला और मेहुली ने 630-7 और 630-3 अंकों के साथ सातवें और आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने अनन्या नायडू (630-0) के साथ मिलकर टीम कांस्य भी जीता। टीम का संयुक्त स्कोर 1891 रहा। चीन ने स्वर्ण, जबकि कोरिया ने रजत पदक जीता। शांभवी क्षीरसागर, हृदया श्री कोंडूर और ईशा अनिल टक्सले की भारतीय तिकड़ी ने जूनियर महिला एयर राइफल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता। उनका संयुक्त स्कोर 1896-2 रहा, जो कि विश्व और एशियाई रिकॉर्ड है। यह स्कोर दूसरे स्थान पर रही चीन की टीम से 11-3 अंक अधिक था। हालांकि, व्यक्तिगत फाइनल में, शांभवी पांचवें स्थान (186-3), ईशा छठे (165-2) और हृदया सातवें (143-2) स्थान पर रहीं। अभय सिंह सेखों (65) और गनेमत सेखों (73) की भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में 138 अंक हासिल कर कांस्य पदक मुकाबले में प्रवेश किया। उनका मुकाबला कुवैत के 62 वर्षीय दिग्गज और दो बार के ओलंपिक कांस्य विजेता अब्दुल्ला अलराशिदी और उनकी साथी अफरा अलमोहम्मद से हुआ। भारतीय जोड़ी ने 48 शॉट्स की टीम स्पर्धा में 39-37 से जीत हासिल की।

# भारत की अंडर-18 महिला रिकर्व टीम ने जीता कांस्य पदक

**● आनंद राव, जियाना कुमार और शार्वरी की भारतीय टीम ने कांस्य पदक मुकाबले में अमेरिका की टीम 6-0 से रौंदा**

**कनाडा, वार्ता।** विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत ने अंडर-18 महिला रिकर्व टीम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर पदकों का खाता खोला।

विन्निपेग में आयोजित विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में गुरुवार को गाथा आनंदराव खडके, जियाना कुमार और शार्वरी सोमनाथ शेंडे की भारतीय टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में अमेरिका की टीम को 6-0 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को पहले दौर में बाई मिली और दूसरे दौर में उसने मेक्सिको को 6-0 से हराया। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जापान को 5-3 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पुरुषों की अंडर-18 रिकर्व स्पर्धा में, अगस्तय सिंह, सोहम शरद कनासे और आदित्य शिवप्रसाद पवार कांस्य पदक के मुकाबले में तुर्किये से 5-3 से हारकर पोडियम से चूक गए। भारत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धाओं में और पदक जीतने की दौड़ में बना हुआ है।

शनिवार को, कुशल दलाल, अपार मिहिर नितिन और गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु की अंडर-21 पुरुष टीम स्वर्ण पदक के लिए जर्मनी से भिड़ेगी, जबकि मोहित डागर, योगेश जोशी और देवांश सिंह की अंडर-18 तिकड़ी खिताबी मुकाबले में अमेरिका से टक्कर होगी। विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 के 19वें संस्करण में दुनिया भर के 63 देशों के कुल 570 शीर्ष युवा तीरंदाज प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। सुल्ताना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर संन्यास की घोषणा करते कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात रही है। हर विकेट, फ़ील्ड पर लगाई गई हर एक डाइव, टीम की साथियों के साथ हर एक हडल का मुझे इस स्तर का क्रिकेटर और इंसान बनाने में योगदान है। उन्होंने भारत के 50 एकदिवसीय और 37 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले। उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में 19-39 की औसत से कुल 66 विकेट लिए। 2008 में पर्दापण करने वालीं सुल्ताना ने भारत के लिए अंतिम बार अप्रैल 2014 में खेला था। इसके 10 वर्ष बाद 2024 में वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के जरिए शीर्ष स्तर के क्रिकेट में वापसी की और उन्होंने 2025 के संस्करण में भी खेला। यह इस प्रारूप में 50 विकेट लेने वाले किसी भारतीय भी गेंदबाज़ द्वारा तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी औसत है। सुल्ताना ने 2009 और 2013 में कुल दो वनडे विश्वकप खेले।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चंडीगढ़, सिक्किम और मेघालय ने चमक बिखेरी

**नई दिल्ली, वार्ता।** सुब्रतो कप जूनियर गर्ल्स (अंडर-17) श्रेणी के चौथे दिन कई मुकाबलों में शानदार जीत और कड़े ड्रॉ देखने को मिले। केरल की लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल स्कूल, त्रिशूर ने उत्तराखंड के हरीश पवार हायर सेकेंडरी स्कूल, नैनीताल को 2-0 से हराया, जबकि छत्तीसगढ़ की माता रुखमणी कन्या आश्रम ने लक्षद्वीप के पीएम श्री सरकारी महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंद्रोत्त पर 3-0 की जीत दर्ज की। असम के बेटकुची हाई स्कूल और श्रीलंका स्कूल फुटबॉल एसोसिएशन के बीच का मैच, साथ ही एपीएस नोएडा और बिहार के अपग्रेडेड हाई स्कूल, बिलासपुर का मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

### न्यूलैंड्स एसए-20 सीजन 4 के फाइनल की मेजबानी करेगा

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** केप टाउन स्थित न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड को एसए-20 सीजन 4 के फाइनल के लिए स्थल घोषित किया गया है। किंग्समीड, सेंचुरियन और वांडरर्स 26 दिसंबर 2025 से शुरू होने वाले इस प्रतियोगिता के प्रमुख प्लेऑफ मैचों की मेजबानी करेंगे। फाइनल और प्लेऑफ के टिकट आम जनता के लिए 10 अक्टूबर से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। डरबन एसए-20 के इतिहास में पहली बार एक प्लेऑफ मैच का आयोजन करेगा, जिससे पूर्वी तट के प्रशंसकों को अविश्वसनीय क्रिकेट और मनोरंजन का एक और मौका मिलेगा, जब प्रतियोगिता की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें बुधवार, 21 जनवरी को क्वालीफायर 1 के दौरान आमने-सामने होंगी।

# बेंगलुरु से छिनी महिला विश्व कप मैचों की मेजबानी, मुंबई को मिली

**● 30 सितम्बर से शुरू होने वाले महिला विश्व कप के लिए नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम चौथा भारतीय स्थल होगा**

**मुंबई, वार्ता।** आईसीसी ने महिला वनडे विश्व कप का नया कार्यक्रम जारी किया है जिसके मुताबिक बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से मेजबानी छीन ली गई है।

30 सितम्बर से शुरू होने वाले महिला विश्व कप के लिए बेंगलुरु की जगह नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम चौथा भारतीय स्थल होगा। मैचों की मेजबानी के लिए पुलिस की मंजूरी प्राप्त करने हेतु बीसीसीआई द्वारा कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को बार-बार दी गई समय-सीमा को पूरा न कर पाने के कारण बेंगलुरु में होने वाले महिला विश्व कप मैचों को मुंबई में स्थानांतरित कर दिया गया है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को सभी प्रतिभागी देशों को अपडेट भी भेज दिया है। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट की तारीखें वही रहेंगी (30 सितम्बर से 2 नवंबर)। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर नए कार्यक्रम की घोषणा भी कर दी है। इंदौर, वाइजैग और गुवाहाटी के अलावा नवी मुंबई को चौथा भारतीय स्थल बनाया गया है।

# एशिया कपः टीम इंडिया के रिकॉर्ड का चर्चा

**● टी-20 के सात अन्य देशों के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड, सिर्फ दो टीमों के खिलाफ मिली है हार**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की तैयारियों के बीच, भारतीय टीम का रिकॉर्ड और आगामी मुकाबलों का कार्यक्रम अब क्रिकेट फैंस के लिए चर्चा का विषय बन चुका है। टीम इंडिया ने इस टूर्नामेंट के इस संस्करण के सात अन्य देशों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है और सिर्फ पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी दो टीमों के खिलाफ ही हार झेली है।

एशिया कप टी-20 का यह तीसरा संस्करण है। इससे पहले यह टूर्नामेंट 2016 और 2022 में खेला गया था। 2016 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियन बनी थी, जबकि



2022 में श्रीलंका ने खिताब पर कब्जा जमाया था।

भारत ने एशिया कप टी-20 में 2016 और 2022 संस्करण को मिलाकर कुल 10 मैच खेले हैं और इसमें से आठ में जीत हासिल की है। पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ 2022 में टीम इंडिया को दो मैचों में हार मिली थी। मौजूदा संस्करण की सात टीमों में से छह टीमों के खिलाफ भारत 2016 और 2022 में खेल चुका है। इनमें बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, हांगकांग, श्रीलंका और यूएई शामिल हैं। ओमान के खिलाफ भारत इस साल पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेगा।

बाकी की छह टीमों के खिलाफ भारत ने कुल 10 मैच खेले हैं। इसमें से भारत ने सात आठ मैच जीते हैं और दो में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। भारत जिन दो टीमों के खिलाफ हारा है, उनमें पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। इन दोनों टीमों के खिलाफ भारत को 2022 में एक-एक बार हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान ने भारत को सुपर-फोर मैच में पांच विकेट से और श्रीलंका ने सुपर-फोर राउंड में ही छह विकेट से शिकस्त दी थी। भारत ने एशिया कप टी-20 में बांग्लादेश के खिलाफ दो में से दोनों मैच जीते हैं। वहीं, पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम ने तीन में से दो मैच जीते हैं और एक में हार का सामना करना पड़ा।

# जीत प्रतिशत के मामले में रोहित हैं सबसे आगे

**● सभी प्रारूपों में सबसे अधिक जीत हासिल करने वाले कप्तानों में रोहित का जीत प्रतिशत सबसे अच्छा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भले ही दो प्रारूपों से संन्यास ले लिया है, लेकिन तीनों प्रारूप में कप्तान के तौर पर उनके आंकड़े प्रभावित करने वाले हैं। सभी प्रारूपों में 100 से अधिक जीत हासिल करने वाले कप्तानों में रोहित शर्मा का जीत प्रतिशत सबसे अच्छा है। उनके बाद रिकी पोंटिंग, स्टीव वा, हैंसी क्रोनिए और विराट कोहली का स्थान है।

रोहित टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब सिर्फ वनडे में ही भारत के लिए खेलते हैं। इसके अलावा वह आईपीएल में भी खेलते हैं। रोहित के वनडे भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें चल रही हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि रोहित की नजरें 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने पर टिकी हुई हैं। हालांकि, उनकी फिटनेस को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित विश्व कप तक टीम में जगह बरकरार रख पाते हैं या नहीं। रोहित ने मार्च में भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।

रोहित की कप्तानी में भारत चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में पहुंचा था जहां उसने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद रोहित आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते नजर आए थे। आईपीएल 2025 का सीजन समाप्त होने के बाद भारत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर गया। टीम को अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी थी और माना जा रहा था कि रोहित इसका हिस्सा होंगे, लेकिन इस सीरीज को स्थगित कर दिया गया था। अब रोहित अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलते नजर आ सकते हैं। रोहित शर्मा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100+ जीत हासिल करने वाले कप्तानों में सबसे आगे हैं और उनका जीत का प्रतिशत 73.23प्रतिशत है। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज कप्तान रिकी पोंटिंग हैं जिन्होंने 2000 के दशक में टीम को कई खिताब दिलाए। उनका जीत का प्रतिशत 67.90प्रतिशत है। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले कप्तान स्टीव वा का नंबर आता है जिनका जीत का प्रतिशत 66.25प्रतिशत है। दक्षिण अफ्रीका के करिश्माई लीडर हैंसी क्रोनिए इस मामले में चौथे स्थान पर हैं जिनका जीत प्रतिशत 65.96प्रतिशत रहा। वहीं, भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तानों में से एक विराट कोहली भी इस सूची में शामिल हैं जिनका प्रतिशत 64.32प्रतिशत रहा। रोहित का कप्तान रहते रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने टीम को अपनी कप्तानी में दो आईसीसी खिताब दिलाए हैं।

# द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**● मैथ्यू ने 84 और ट्रिस्टन ने 74 रनों की शानदार पारी खेली, लुंगी ने पांच विकेट हासिल किए**

**मकाय, वार्ता।** मैथ्यू ब्रीत्जके (84) और ट्रिस्टन स्टब्स (74) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद लुंगी एन्गिडी (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 84 रनों से हरा दिया।

इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 सीरीज की हार का बदला लेते हुए तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 278 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने सात रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ट्रैविस हेड (छह), मार्नस लाबुशेन (एक) रन बनाकर



आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की तीसरा विकेट कप्तान मिचेल मार्श (18) के रूप में गिरा। इसके बाद जॉश इंग्लिस और कैमरून ग्रीन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में सेनुरन मुथुसामी ने कैमरून ग्रीन (35) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को चौथी सफलता दिलाई। एलेक्स कैरी (13) रन बनाकर आउट हुए। 34वें ओवर में लुंगी एन्गिडी ने ऐरन हार्डी (10) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को मैच में बनाये रखा। इसके बाद लुंगी एन्गिडी ने जॉश इंग्लिस को विकेटकीपर रिकलटन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। जॉश इंग्लिस ने 74 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए 87 रनों की पारी खेली। इसके बाद जेवियर बार्टलेट (आठ), नेथन एलिस तीन रन बनाकर आउट हुए। 38वें ओवर की चौथी गेंद पर एन्गिडी ने एडम जम्पा (तीन) को आउट कर 193 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत कर अपनी टीम को 84 रनों से जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने मात्र 18 रन जोड़कर अपने आखिरी चार विकेट गंवाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एन्गिडी ने 8-4 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिए। नांद्रे बर्गर को दो-दो विकेट मिले। वियान मुल्डर और सेनुरन मुथुसामी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# अजित अगरकर को मिलेगा दो नए सदस्यों का साथ



**● बीसीसीआई ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि नए चयनकर्ता किन दो जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे**

**मुंबई, वार्ता।** अजित अगरकर की अगुवाई वाली भारतीय सीनियर पुरुष चयन समिति में दो नए सदस्य शामिल होने वाले हैं, बीसीसीआई ने शुक्रवार को इन पदों के लिए नए आवेदनों को आमंत्रित किया है। आवेदकों को 10 सितम्बर शाम 5 बजे (भारतीय समयानुसार) तक आवेदन करना होगा। हालांकि बीसीसीआई की विज्ञप्ति में यह स्पष्ट नहीं है कि नए चयनकर्ता किन दो जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे, लेकिन ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक ये नियुक्तियां साउथ और ईस्ट जोन से होने की संभावना है।

हालांकि, मौजूदा पैनल के किसी भी सदस्य ने संचयी पांच साल की अवधि के नियम को पार नहीं किया है। इस समय तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज़ एस शरथ साउथ जोन से चयनकर्ता के रूप में कार्यरत हैं, जबकि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज एसएस दास ईस्ट जोन का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 2021 में जूनियर पैनल के अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद, शरथ को 2023 में सीनियर चयन समिति में पदोन्नत किया गया था।

इस दौरान, दास ने चेतन शर्मा के निष्कासन के बाद कुछ समय के लिए सीनियर पैनल के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में भी कार्यभार संभाला था। बाद में दास की जगह अगरकर को यह पद दिया गया, जो संभवत: अध्यक्ष बने रहेंगे। उनका अनुबंध अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप के अंत तक बढ़ा दिया गया है। नए आवेदकों को कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच, या 10 वनडे और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेले हुए पांच साल से ज्यादा का समय होना अनिवार्य है, और उन्हें बीसीसीआई की किसी भी क्रिकेट समिति का सदस्य नहीं होना चाहिए।

# राघवी और वीजे ने संभाला साइना और राधा ने दिए झटके

**ब्रिसबेन, वार्ता।** राघवी बिष्ट (93) और वीजे जोशिता (51) की जुझारू अर्धशतकीय पारियों के बाद साइमा ठाकोर और राधा (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया ए ने टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ए के 158 के स्कोर पर पांच विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। इंडिया ए ने कल 93 पर पांच विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कप्तान राधा यादव (33) के रूप में इंडिया ए का छठा विकेट गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी मिन्नू मनी ने राघवी बिष्ट के साथ सातवें विकेट लिए 75 रन जोड़े। मेटलन ब्राउन ने शतक की ओर बढ़ रही राघवी बिष्ट को बोल्ड आउटकर ऑस्ट्रेलिया ए को बड़ी सफलता दिलाई। राघवी बिष्ट ने 153 गेंदों में 16 चौके लगाते हुए (93) रन बनाये। मिन्नू मनी (28), तितास साधु (23) रन बनाकर आउट हुई। 90वें ओवर की पहली गेंद पर लिली मिल्स ने वीजे जोशिता को बोल्ड कर इंडिया ए की पारी का 299 के स्कोर पर अंत कर दिया। जोशिता ने 72 गेंदों में सात चौकों की मदद से (51) रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेटलन ब्राउन और जॉर्जिया प्रेस्टविज ने (तीन-तीन विकेट) लिए। सियाना लजजर, लिली मिल्स, एमी और एला हेवर्ड ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

# मैचों को रोमांचक बनाने के लिए पीएकेएल सीजन-12 प्रारूप में हुआ बदलाव

**● यह प्रत्येक फ्रेंचाईजी को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के पर्याप्त अवसर भी प्रदान करेगा**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने प्रशंसकों के बीच रोमांचक कबड्डी मुकाबले पेश करने के लिए शुक्रवार को सीजन 12 के लिए प्रारूप में बदलाव की करते हुए एक उन्नत लीग चरण और नए प्लेऑफ ढांचे की शुरुआत की घोषणा की। उन्नत लीग चरण संरचना के फलस्वरूप आगामी सीजन में 108 मैचों वाला एक रोमांचक लीग चरण होगा, जहां प्रत्येक टीम 18 मैच खेलेगी।

यह प्रारूप प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि टीमों को पूरे लीग चरण में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़े। साथ ही प्रशंसकों के लिए उच्च-तीव्रता वाली कबड्डी प्रतियोगिता भी बनी रहे। यह प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के पर्याप्त अवसर भी प्रदान करेगा। व्यापक टाई-ब्रेकिंग प्रणाली पीकेएल सीजन 12 में सभी लीग-चरण मैचों के लिए गोल्डन रेड फॉर्मेट सहित एक व्यापक टाई-ब्रेकर नियम प्रणाली शुरू की गई है। पहले केवल प्लेऑफ मैचों तक सीमित, यह प्रणाली अब पूरे टूर्नामेंट में निर्णायक परिणाम सुनिश्चित करती है। बराबरी की स्थिति में, टीमें निम्नलिखित विशेष नियमों के साथ एक संरचित 5-रेड शूटआउट में भाग लेंगी। दोनों टीमें 7 खिलाड़ी उतारेंगी और बॉल्क लाइन को बॉल्क लाइन-कम-बोनस लाइन माना जाएगा। प्रत्येक टीम 5 अलग-अलग रेडर नामित करेगी जो बारी-बारी से रेड करेंगे। आउट और रिवाइवल नियम लागू नहीं होंगे - केवल अंक ही गिने जाएंगे। यदि 5 रेड के बाद भी स्कोर बराबर रहता है, तो गोल्डन रेड नियम लागू होगा। गोल्डन रेड प्रारूप महत्वपूर्ण क्षणों में नाटकीयता जोड़ता है, जहां एक नया टॉस यह निर्धारित करता है कि किस टीम को निर्णायक रेड्गि का अवसर मिलेगा। यदि गोल्डन रेड के बाद भी दोनों टीमें बराबरी पर रहती हैं, तो विजेता का फैसला टॉस द्वारा किया जाता है। यह नया नियम पीकेएल की प्रतिस्पर्धी भावना को बनाए रखता है और बराबरी के परिणामों को समाप्त करता है, जिससे हर मैच में निर्णायक परिणाम और नाटकीयता बढ़ जाती है।

# छोटा हाथी की टक्कर से दंपति की मौत

## झबरेड़ा-इकबालपुर मार्ग पर बुलेट मोटरसाइकिल से टकराने से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा-इकबालपुर मार्ग ग्राम साबतवाली के पास गुरुवार रात्रि बाइक व छोटा हाथी की टक्कर होने से बाइक पर सवार पति-पत्नी बाइक सहित सड़क पर गिर गए पति की मौके पर ही मौत हो गई थी घायल पत्नी को इलाज के लिए कस्बे में डॉक्टर के यहां पुलिस द्वारा भर्ती कराया गया था ।प्राथमिक इलाज के बाद घायल महिला को हायर सेंटर रैपर कर दिया गया था। मृतक के पिता द्वारा थाने में छोटा हाथी चालक के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग ग्राम साबतवाली के पास गुरुवार रात्रि लगभग 10:00 बजे बुलेट मोटरसाइकिल व छोटा हाथी की आमने-सामने की टक्कर हो गई थी। छोटा हाथी व बाइक की टक्कर होने से बाइक पर सवार पति-पत्नी बाइक सहित सड़क पर गिर गए तथा पति की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा घायल महिला को कस्बे मे स्थित डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। प्राथमिक चिकित्सा के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। पुलिस द्वारा रात में ही मृतक के शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रुड़की स्थित सिविल हॉस्पिटल भेज दिया गया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों द्वारा शव को गांव में लाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।मृतक ग्राम बेहडेकी सैदाबाद निवासी उम्र लगभग 25 वर्ष जयकिशन पुत्र जगपाल बताया गया है। मृतक जय किशन का विवाह 40 दिन पूर्व 11 जुलाई को हुआ था। बुलेट मोटरसाइकिल जो दुर्घटना ग्रस्त हुई है वह विवाह में ही मिली थी। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।पुलिस का कहना है कि छोटा हाथी चालक को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर पति-पत्नी घायल-झबरेड़ा** मंगलौर मार्ग ग्राम लाठरदेवा हुण के पास लकड़ी से भरी ट्रैक्टर भोगी की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों को गांव में ही डॉक्टर द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद रुड़की डॉक्टर के यहां रेफर किए गए हैं।

ग्राम फलौदा निवासी रामफल सिंह अपनी पत्नी नीरज देवी के साथ मंगलौर बाइक से जा रहे थे। झबरेड़ा से आगे ग्राम लाठरदेवा हुण के पास सामने से आ रही लड़कियों से भरी ट्रैक्टर बोगी की चपेट में आने से बाइक सवार दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर गए तथा घायल हो गए। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा घायलों को गांव में डॉक्टर के यहां ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने दोनों घायलों को रुड़की डॉक्टर के यहां रेफर कर दिए गए हैं।

# चोरी के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली को अमित कुमार निवासी रामनगर ने तहरीर देकर बताया था कि 17 अगस्त को घर का ताला तोड़कर टीवी, पंखा, बैटरी, पानी की मोटर, एल्युमिनियम गेट, एक सिलेंडर और करीब तीस हजार की रकम चोरी हो गई थी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। अपर उप निरीक्षक आशीष कुमार,हेड कांस्टेबल ब्रिज किशोर और अमित सोलंकी ने विशाल निवासी नई बस्ती रामनगर को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है।

# लिब्बरहेड़ी के पास बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर पटरी पर लिब्बरहेडी के पास बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े युवकों को टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम को तुगलपुर खानपुर निवासी रोबिन गिरी अपने दोस्तों के साथ लिब्बरहेडी नहर पटरी पर दोस्तो के साथ बातचीत कर रहा था। इसी दौरान अक्षय और अमित बाइक की तेज गति आए और टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रोबिन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गौरव घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

# परिवार की मौजूदगी में देर रात नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** 17 वर्षीय नाबालिग घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नाबालिग के लापता होने के मामले को परिवार से मनमुटाव या प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नाबालिग घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र को एक नगर पंचायत के गाँव निवासी व्यक्ति ने बताया कि बुधवार देर रात 17 वर्षीय पुत्री घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुत्री का परिवार के लोगों ने अपने स्तर से काफी पता लगाने का प्रयास किया। लेकिन पुत्री के बारे में कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। जबकि पुत्री का फोन नंबर भी बंद आ रहा है। परिवार ने पुत्री के साथ अनहोनी की भी आशंका जताई है।

इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि नाबालिग के फोन नंबर की आखिरी लोकेशन और कॉल रिकॉर्ड को खंगाल जा रहा है। नाबालिग के संपर्क में रहने वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। कोतवाली से एक टीम गठित कर नाबालिग को सकुशल बरामद करने के प्रयास में लगी है।

# कांग्रेस के खिलाफ सड़कों पर उतरी भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** आज रुड़की में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस का पुतला दहन कर दिया। प्रदर्शन के दौरान माहौल पूरी तरह से भाजपा के जोशीले नारों और कांग्रेस विरोधी गूंज से गूंज उठा। यह आक्रोश कांग्रेस विधायकों द्वारा विधानसभा में किए गए अमर्यादित आचरण और जनता को गुमराह करने की राजनीति के खिलाफ था। नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस अब विकास और जनहित से भटक चुकी है और केवल झूठ, षड्यंत्र और अराजकता फैलाने में लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस की किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं करेंगे और बहुत जल्द विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश करके जनता के सामने सच्चाई रखी जाएगी। इस विरोध कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने और विकास कार्यों में बाधा डालने के गंभीर आरोप लगाए। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की विशाल मौजूदगी इस पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा की ताकत साफ झलक रही थी। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नेता शामिल हुए। मौजूद प्रमुख नेताओं में नगर विधायक प्रदीप बत्रा जिला प्रभारी दान सिंह रावत भाजपा जिलाध्यक्ष मधुसिंह, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल नगर की मेयर अनिता अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सैनी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिभा चौहान, आदि मौजू रहे।

# चेयरमैन ने किया सफाई का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** गत दिनों बरसात के दौरान कस्बे में हुए जलभराव तथा बरसात के मौसम को मध्यनजर रखते हुए चौयरमेन ने नगर पंचायत अधिकारियों व कर्मचारियों को कस्बे के सभी नालों की साफ सफाई के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को कस्बे के मंगलौर मार्ग पर की जा रही नाले की सफाई को लेकर चौयरमेन व ईओ ने मौका मुआयना स्थिति का जायजा लिया।



बरसात में अक्सर नालों के चौक होने से कस्बे में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। गत दिनों हुई मुसलाधार बारिश में कस्बे में कई जगह जलभराव हो गया था। जलभराव की समस्या को देखते हुए चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद ने नगर पंचायत अधिकारियों व कर्मचारियों को कस्बे के सभी नालों की साफ सफाई के निर्देश दिए पिछले कई दिनों से कस्बे में नालों की साफ सफाई को लेकर कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को कस्बे के मंगलौर मार्ग पर की जा रही नाले की सफाई का औचक निरीक्षण करते हुए चौयरमेन नसीम अहमद व ईओ ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चौयरमेन नसीम अहमद, ईओ हेमंत गुप्ता, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे

# रेत निकालने गया युवक तेज बहाव में बहा, सोलानी नदी से मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रामपुर से नदी से रेत निकालते समय तेज बहाव के चपेट में आकर लापता हुए ग्रामीण का शव शुक्रवार की सुबह बाईपास स्थित सोलानी नदी से बरामद हो गया हैं जबकि उसकी भैंसा बुग्गी जलालपुर नदी से बरामद हुई थी। रामपुर निवासी इब्राहिम गुरुवार की दोपहर को रामपुर से स्थित नदी से भैंसा बुग्गी में रेत निकाल रहा था। इसी दौरान नदी में आए तेज बहाव में इब्राहिम भैंसा बुग्गी समेत नदी में बह गया था काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया था। गुरुवार की शाम को उसकी बुग्गी जलालपुर नदी से मिल गई थी जबकि इब्राहिम का कोई सुराग नहीं लग पाया था। परिजन ग्रामीणों के साथ मिलकर रात भर नदी में तलाश कर रहे थे। शुक्रवार की सुबह ग्रामीण जैसे ही बाईपास स्थित सोलानी नदी पर पहुंचे तो उन्हें नदी के बहाव में शव तैरता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इब्राहिम के शव को नदी से बाहर निकाल लिया हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हैं।

# पुलिस ने चोरी के माल सहित एक चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर पुलिस द्वारा घर से चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार चोरी का माल बरामद कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार वादी अमित कुमार पुत्र रामलाल निवासी मकान नंबर 609 रामनगर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार द्वारा थाना हाजा उपस्थित आकर एक किता प्रार्थना बाबत किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर से ए53० टीवी, दो पंखे, एक बैटरा, एक पानी की मोटर, एल्युमिनियम गेट, 30000 नगद, एक सिलेंडर चोरी कर ले जाने के संबंध में दाखिल किया गया दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 398/25 धारा 305 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया, जिसकी सूचना उच्चाधिकारी गणो को दी गई। परिणाम स्वरूप मुखबिर खास की सूचना के आधार पर अभियुक्त विशाल पुत्र बबलू निवासी नई बस्ती रामनगर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया।

## नगर पंचायत ढंडेरा चेयरमैन सतीश नेगी के सौजन्य से

# निशुल्क आई चेकअप व ऑपरेशन कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आयुष्मान कार्ड एवं ईसीएचएस योजना के अंतर्गत नई होरीजोन कमयूटर एकेडनी अशोकनगर बूचडी फाटक ढंडेरा में निशुल्क आंखों का चेकअप एवं ऑपरेशन का कैंप सतीश नेगी चौयरमेन नगर पंचायत ढंडेरा समाज सेवी के सौजन्य से अशोक नगर ढंडेरा में लगाया। अभिलाषा आंखों का अस्पताल रेलवे रोड रुड़की के डा0 शाहिद उनके साथ रमन, और गोविंद सिंह की देखरेख में किया गया जिसमे सतीश नेगी चौयरमेन नगर पंचायत ढंडेरा और एडवोकेट राकेश चौहान ने अहम भूमिका निभाई जिसमें लगभग 220 लोगों की आंखों का चेकअप किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर एवं सतीश नेगी चौयरमेन नगर पंचायत ढंडेरा व एडवोकेट राकेश चौहान आदि ने बताया की सभी लोगों को अपनी आंखों के प्रति बड़ी संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। बिना आंखों के जीवन अंधकार मय है। सामान्य तया देखा गया है कि लोग अपनी आंखों के प्रति सजग एवं जागरूक नहीं रहते हैं जिससे आंखों की बीमारियां बढ़ती रहती हैं और कभी-कभी खतरनाक रूप ले लेती हैं जिसे रोशनी जाने का खतरा रहता है, इसलिए समय-समय पर अपनी आंखों का चेकअप कराते रहना चाहिए। हमारा प्रयास यह है की हर व्यक्ति की आंखें सुरक्षित रहें इसके लिए हम हमारी संस्था तथा सामाजिक जन



सेवकों द्वारा जगह-जगह कैंप लगाए जाएंगे और स्वस्थ आंखों की प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी, चौयरमेन नगर पंचायत ढंडेरा सतीश नेगी, एडवोकेट राकेश चौहान, सभासद कुंवर सिंह डंगवाल, सभासद विजय सिंह पवार, ममता चौहान, सुनीता नेगी, प्रीति नेगी, इंदु देवी, हरेंद्र बिष्ट , फरमान,सरोज बड़थ्वाल , विजय लक्ष्मी, शिवचरण प्रसाद बिंजोला, वीरेंद्र कुमार, शोभा देवी, रजनी देवी, राम गोपाल ध्यानी, सुरेंद्र प्रसाद डिमरी, हिमांशु नेगी आदि उपस्थित थे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के गोवर्धनपुर रूहालकी मार्ग पर एक पेड़ पर 17 वर्षीय युवक का शव मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया किसी व्यक्ति के द्वारा यह सूचना खानपुर पुलिस को दी गई खानपुर पुलिस बगैर देर किए मौके पर पहुंच गई उनके साथ संबंधित टीम भी थी पुलिस एवं संबंधित टीम के द्वारा पेड़ पर लटके करीब 17 वर्षीय अंशुल पुत्र मदन सिंह को रूहालकी ग्राम वासियों के सामने उतारा गया पेड़ पर लटके अंशुल के गले में नई रस्सी का फंदा लगा हुआ था खेत स्वामी ने सूचना दी की एक युवक पेड़ पर लटका हुआ है उस सूचना पर गांव में कोहराम मच गया और सभी लोग वहा मौके पर पहुंचे उसमें पुलिस जांच कर रही है वहीं पुलिस का कहना है कि अभी युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है जांच जारी है।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी के नेतृत्व में नगरवासियों ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। और स्मार्ट मीटर का पुतला दहन किया।

नगर पंचायत इमलीखेड़ा में शुक्रवार को स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी के नेतृत्व में सभासद व नगर पंचायत के लोगों ने हाथों में स्मार्ट मीटर लिखे पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया।उसके बाद स्मार्ट मीटर का पुतला दहन किया।इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी ने कहा कि हमारी नगर पंचायत ग्रामीण परिवेश की नगर पंचायत है। वह नही चाहते यहां स्मार्ट मीटर लगे यहां गरीब मजदूर किसान रहते है।स्मार्ट मीटर को हर माह रिचार्ज कराएंगे तो चलेगा नही कराया तो नही चलेगा। उन्होंने कहा रुड़की में एक पार्षद के यहां स्मार्ट मीटर लगा था जिसका बिल एक लाख रुपये से अधिक का आया है।यहां गरीब जनता है। वह इतना पैसा कहां से देगी।जब यहां 500 से 1000 रूपये का बिल तो लोग दे नही पाते है। स्मार्ट मीटर रिचार्ज कहां से कराएंगे। वह और नगरवासी स्मार्ट मीटर का पुरजोर विरोध करते है।सरकार को इसे रोकना पड़ेगा।वह केंद्र सरकार व राज्य सरकार से अपील करेंगे कि इसका ट्रायल पहले सरकारी संस्थानों व इंडस्ट्रियल एरिया में लगाकर करें। वह इमलीखेड़ा नगर पंचायत में स्मार्ट मीटर लगाने का पुरजोर विरोध करूंगा। वह स्मार्ट मीटर लगने नही देंगे। सरकार को इसे रोकना पड़ेगा नही तो 2027 में इसका खमियाजा सरकार भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर शिव कुमार,ललित सैनी, सुभाष सैनी, बसंत सैनी, अजय कुमार ,शानू गोयल, सोमपाल प्रजापति,अजय गोयल,यूनुस,मेहरबान,गुलशन कुमार,आकाश, प्रजापति,नफीस,महताब,सत्य प्रकाश सैनी, धन प्रकाश आदि मौजूद रहें।

# फिनोलेक्स केबल्स का सराहनीय कदम रुड़की प्रशासन को दिया नया वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शुक्रवार को फिनोलेक्स केबल्स प्रा. लि. ने अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (ब्ै) पहल के अंतर्गत संयुक्त मजिस्ट्रेट कार्यालय को एक वाहन भेंट किया। यह वाहन प्रशासनिक कार्यों, निरीक्षण, आपदा प्रबंधन और जनहित से जुड़ी गतिविधियों में प्रशासन की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। संयुक्त मजिस्ट्रेट आवास पर आयोजित संक्षिप्त समारोह में कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री प्रविण आहिरे तथा एच.आर. हेड श्री विनीत कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट श्री दीपक आर. शेट को वाहन की चाबी सौंपते हुए कंपनी की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट श्री शेट ने फिनोलेक्स केबल्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि “यह सहयोग प्रशासन को आम जनता तक त्वरित और प्रभावी सेवाएँ पहुँचाने में सहायक होगा। फिनोलेक्स केबल्स की यह पहल कॉर्पोरेट जगत के सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है और प्रशासन व जनता, दोनों के लिए लाभकारी साबित होगी।

# स्कूटी सवारों पर हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**रुड़की।** स्कूटी सवारों पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने 60 से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सहायक उप निरीक्षक आशीष कुमार मुकदमे की जांच कर रहे हैं। गंगनहर कोतवाली को मोहल्ला किला कस्बा मंगलौर निवासी अजीम ने तहरीर देकर बताया कि वह 15 अगस्त को दोपहर करीब दो बजे अपने दोस्त मोईन निवासी पीरगढ़ी मंगलौर को स्कूटी पर लेकर डॉक्टर के यहां जा रहा था। जैसे ही वह डबल फाटक के पुल के पास पहुंचे तो शाहरुख निवासी गोलभट्ठा कोतवाली रुड़की पक्ष के लोगों ने उन्हें घेर लिया और हमले की कोशिश की। तभी वह दोनों वहां से स्कूटी को तेज भागकर कोतवाली में घुस गए थे।

# पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** शौक के लिए अवैध अस्लाह रखना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने न सिर्फ उसकी गिरफ्तारी की बल्कि संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कारवाई भी की। आरोपी के कब्जे से 1 एक तमंचा 315 बोर मय 1 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज मुखबिर की सूचना पर चौकी गोवर्धपुर थाना खानपुर चौकिंग में दौरान ग्राम न्यामतपुर तिराहे पर आपराधिक गतिविधियों के दृष्टिगत दैनिक चौकिंग की जा रही थी। सूचना मिली थी की एक व्यक्ति जिसके पास अवैध शस्त्र है व राणा फैक्ट्री गोवर्धपुर क्षेत्रान्तर्गत घूम रहा है। उक्त सूचना पर चौंकिंग के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत मिला जिसको आवश्यक पूछताछ की गई तो उसके कब्जे से 1तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी का नाम समीर उर्फ आशु पुत्र रहीश निवासी ग्राम लक्सरी कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया गया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी गोवर्धनपुर समीप पाण्डेय, कांस्टेबल बलवीर सिंह और सुमित सिंह शामिल रहे।

# करतार सिंह ने मुख्य मार्ग पर निर्माण कार्य कराया शुरू

**मंगलौर।** लंबे समय से बदहाल स्थिति में पड़े लिब्बरहेड़ी मुख्य मार्ग पर अब पूर्व मंत्री करतार सिंह भडाना ने अपने प्रयासों से कार्य करना शुरू कर दिया है ।जिससे अब ग्राम वीडियो में अन्य लोगों को बड़ी राहत मिलेगी । मंगलोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लिब्बरहेड़ी के मुख्य रोड पर जलभराव के चलते कई ग्रामों के लोगों को आने जाने में लंबे समय से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था जिसके चलते स्थानीय लोगों द्वारा हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना को अवगत कराया गया था।

## ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में

# लोगों ने सुबोध राकेश का किया गर्मजोशी से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर/ज्वालापुर।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांव में सर्व समाज के लोगों नेभाजपा नेता सुबोध रखा है इसका कारण जोशी के साथ स्वागत कर आशीर्वाद दिया ।

शुक्रवार कोज्वालापुर विधानसभा के ।वन वाला गोक्कुल वाला, बुधवाशहीद,कुड़कावाला लालवाला खालसा, मजाहिदपुर सतीवाला, गांव के सर्व समाज के में भाजपा नेता सुबोध राकेश का जोरदार स्वागत किया गया

इस दौरान उन्होंने अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़कों व स्कूल, बेरोजगारों, गरीबों की समस्या का समाधान करने के साथ ही क्षेत्र के विकास में दूर दृष्टि रखने वाला हमारा विधायक होना चाहिए। जो काबिलियत सिर्फ सुबोध राकेश में है। क्षेत्र के विकास कार्यो का आगे बढ़ाने के साथ ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने वाला हमारा विधायक सुबोध राकेश होना चाहिए। इस दौरान भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कहा कि वह



उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरूंगा। इस विधानसभा को उत्तराखंड की सबसे नंबर 1 विधानसभा बनाऊँगा।

## अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य का भंगेड़ी महावतपुर में स्वागत

# समाज सेवा का तालीम ही जरिया : शारिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बेटियां परिवार और देश के लिए वरदान होती हैं।बेटों के साथ-साथ बेटियां भी आजकल हर क्षेत्र में अपना स्थान बना रही हैं,उक्त ये विचार उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारिक मलिक ने ग्राम भंगेड़ी महावतपुर,रुड़की में मोहम्मद साजिद के आवास पर उनकी बेटी साहिबा को एमबीबीएस में चयन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रकट किए।शारिक मलिक ने कहा कितालीमके जरिए ही हमअपने समाजकी सेवा करने के साथअपनेअपनी काम का भला कर सकते हैं इसलिए हमारी सब की जिम्मेदारी है कि वह हर हाल में अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर तालीम दिलाए उन्हें काबिल बनाएं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शहजाद अली,प्रधान नौशाद अली,जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अफजाल अली,जान आलम प्रवक्ता डाइट रुड़की,जावेद अली पूर्व बीडीसी,हाजी मौ. उस्मान सहित



अनेक ग्रामीणों ने शारिक मलिक का जोरदार स्वागत कर उन्हेंउत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनने पर बधाई दी।

# फैसले का स्वागत

हमारे देश में कुत्ता एक वफादार जानवर की श्रेणी में आता है। बहुत सारे ऐसे मामले सामने आए हैं कि कुत्ते ने अपने मालिक की जान बचाने के लिए अपनी जान तक दे दी। लेकिन अब कुत्तों के शरीर में वो ताकत नहीं रहेगी। जिस प्रकार बैल को बधिया किया जाता है, उसी प्रकार अब सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों की नसबंदी-टीकाकरण के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश उन लोगों के लिए सकूनभरा होगा, जो कुत्ते के काटने के शिकार हुए हैं। लेकिन लोगों ने कभी यह नहीं सोचा कि कुत्ते आखिरकार खूंखार क्यों हो जाते हैं। यदि इस बात का लोगों को पता चलता, तो यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक जाता ही नहीं। लेकिन अब कुत्तों की शामत आ गई है। यह मेडिकल साइंस भी मानती है कि रेबीज रोग ज्यादातार कुत्तों के काटने से ही होता है। इसके अलावा आजकल ऐसे मामले भी सामने आ रहे हैं कि कुत्तों के झुंड ने चलते-फिरते आदमी या बालक पर हमला कर दिया। इस हमले में कई लोगों और बच्चों की जान जा चुकी है, इसीलिए यह मामला सुप्रीम कोर्ट गया। कांग्रेस और भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। कुत्ते को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। वह वफादार, प्यारा और समझदार होता है, लेकिन कभी-कभी यही कुत्ता खूंखार या आक्रामक हो जाता है। अगर आप एनिमल लवर हैं, तो यह जानना जरूरी है कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जा सकता है। कुत्ते भी इंसानों की तरह डर महसूस करते हैं। अगर उन्हें लगे कि कोई उन्हें या उनके मालिक को नुकसान पहुंचा सकता है, तो वे डिफेंसिव हो जाते हैं। डर के कारण वे काट भी सकते हैं। कुत्ते अपने इलाके और मालिक की सुरक्षा के लिए सतर्क रहते हैं। अगर कोई अजनबी उनके क्षेत्र में घुसता है, तो वे आक्रामक हो सकते हैं। इसे 'टेरिटोरियल बिहेवियर' कहा जाता है। अगर कुत्ते को चोट लगी हो या वह बीमार हो, तो वह चिड़चिड़ा और आक्रामक हो सकता है। इस समय उसे छेड़ने या परेशान करने से वह काट सकता है। अगर कुत्ते को बचपन से सही तरीके से ट्रेनिंग नहीं दी गई या उसके साथ मारपीट हुई, तो उसका स्वभाव खराब हो सकता है। ऐसे कुत्ते लोगों से डरते हैं और जल्दी गुस्सा होते हैं। अगर कुत्ते को लंबे समय तक अकेला रखा जाए, तो वह तनाव और बोरियत के कारण चिड़चिड़ा हो सकता है। खाने-पीने की कमी के चलते भी कुत्तों में चिड़चिड़ापन हो जाता है और वे काटने लगते हैं। अगर आपके घर में पालतू कुत्ता है तो सावधान हो जाइए। हो सकता है कि आपका पालतू कुत्ता पार्वो वायरस की चपेट में आ गया हो। अगर उसे दस्त हो रहे हैं और उसने खाना-पीना बंद कर दिया है, तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें। सरकारी पशु चिकित्सालय में हर दिन 10 से ज्यादा संक्रमित कुत्ते लाए जा रहे हैं। वहीं निजी पशु चिकित्सालय में भी हर दिन एक दर्जन से ज्यादा संक्रमित कुत्ते पहुंच रहे हैं। अगर इन पालतू कुत्तों का समय पर इलाज नहीं किया गया, तो उनकी मौत भी हो सकती है।

## पाकिस्तानी सेना का भ्रम तोड़ना होगा



एक देश ने कड़ी मेहनत करके फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई और दूसरा अब भी डंपर जैसी स्थिति में है, तो यह उनकी नाक. ामी है, मैं पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के बयान को एक कन्फेशन की तरह देखता हूं, पाक की अर्थव्यवस्था मलबे से भरे डंप ट्रक जैसी है, अगर हम इस गंभीर चेतावनी के पीछे छिपे ऐतिहासिक संकेत पर ध्यान नहीं देंगे, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय बन सकता है, अगर हम इस पर ध्यान दें और इसके लिए तैयारी करें, तो भारत ऐसी चेतावनियों का करारा जवाब देने में सक्षम है, पाक सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में उस लुटेरी मानसिकता की ओर इशारा किया है, जिसका पाकिस्तान जन्म से ही शिकार रहा है, हमें पाकिस्तानी सेना का यह भ्रम तोड़ना होगा।

-राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री

# खगोल भौतिकी में चहलकदमी



प्रज्ज्वल शास्त्री

मेरा जन्म स्पुतनिक उपग्रह प्रक्षेपण के एक साल बाद हुआ था। बचपन मैंगलोर के पास के एक छोटे कस्बे में बीता। बचपन की सबसे मीठी यादों में से एक है, बगीचे में चटाई पर लेटकर रात के आसमान को निहारना। उन दिनों आकाशगंगा (मिल्की-वे) साफ दिखाई देती थी, उल्कापात (टूटते तारे) और तारों के बीच कृत्रिम उपग्रह धीरे-धीरे आगे बढ़ते नजर आते थे। एक बार मैंने एक धूमकेतु भी देखा था, जिसे मैंने घंटों तक निहारा और आम के पेड़ के साथ उसकी तस्वीर भी बनाई। ब्रह्मांड की यह झलकियां मुझे रोमांचित करती थीं। सात साल की उम्र में इस बात का दुख हुआ कि इंसान अब तक चंद्रमा पर नहीं पहुंचा था। बहरहाल, यूरी गागरिन मेरे बचपन के हीरो बन गए, और वेलेंटीना तेरेश्कोवा का नाम तो हर किसी की जुबान पर था। मैं अक्सर कल्पना करती कि एक दिन मैं भी अंतरिक्ष यान में काम करने वाली वैज्ञानिक बनूंगी।

मेरे तर्कवादी अभिभावकों ने मुझे विज्ञान की कई रोचक किताबें लाकर दीं। उनमें से एक किताब थी एटम्स, जिसमें रदरफोर्ड के मशहूर प्रयोग का सुंदर चित्रण था। इसमें सोने के पतले पतरे पर अल्फा-कणों की बौछार की गई थी और उनमें से कुछ ही कण टकराकर वापस लौटे थे। इसका मतलब था कि वास्तविक परमाणु बहुत छोटा होता है और परमाणु का अधिकांश भाग खाली होता है। इस प्रयोग की खूबसूरती ने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला।

जब मैं ग्यारह साल की थी, तब मेरे पिता ने मुझे इवान एफ्मोव लिखित एक विज्ञान-कथा उपन्यास एंड्रोमेडा पढ़ने के लिए दिया। यह अंतरिक्ष अन्वेषण, ग्रहों के बीच संपर्क और विभिन्न जीवन रूपों की एक रोमांचक कहानी है, जिसमें एक नई 'सामाजिकता' का भी चित्रण किया गया हैरू जेंडर से परे लोगों के बीच घनिष्ठ और स्वच्छंद रिश्ते, निश्छल विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शक्ति पर विश्वास, साथ ही सभी लोगों के लिए समानता। एंड्रोमेडा ने मेरे लिए एक आदर्श संसार का निर्माण किया था।

किशोरावस्था में प्रवेश करने पर मेरी मां ने मुझे ईव क्यूरी द्वारा लिखित मारिया स्क्लोदोव्स्का क्यूरी (मैरी क्यूरी) की जीवनी पढ़ने को दी, जिसमें पियरे क्यूरी के साथ उनकी बौद्धिक और भावनात्मक साझेदारी का वर्णन था। मुझे नहीं मालूम कि इस किताब ने मेरे करियर के चुनाव पर कोई प्रभाव डाला या नहीं, लेकिन मैरी क्यूरी का अपनी विज्ञान कक्षा में एक महिला के रूप में अलग दिखना मेरे लिए चौंकाने वाला था। शायद यह मेरे लिए वैज्ञानिक दुनिया में लिंग भेदभाव का पहला एहसास था। मेरे स्कूल में कई शिक्षक थे जिन्होंने अपनी सूझबूझ और निष्ठा के साथ मुझे शिक्षा का आनंद दिया, चाहे वह इतिहास की कहानी हो, कन्नड़ व्याकरण की जटिल पहेलियां हो, या फिर गणितीय तर्क। कॉलेज ने मुझे चुनने की जरूरत का एहसास कराया। विज्ञान और गणित बनाम इतिहास और राजनीति विज्ञान। मैं दोनों संकाय पढ़ना चाहती थी। अंततः मैंने विज्ञान और गणित को चुना, क्योंकि इसमें मुझे बाद में विषय बदलने का मौका था, जबकि दूसरा विकल्प चुनने पर मैं ऐसा नहीं कर पाती।

मेरे कॉलेज के हर शिक्षक अपने विषय के प्रति जोश से भरे हुए थे, जिन्होंने हमेशा परिणाम की बजाय प्रक्रिया को अधिक महत्व दिया, चाहे वह गणित की कोई समस्या को हल करना हो, पौधों का वर्गीकरण करना हो, सोडियम की दोहरी वर्णक्रम रेखाओं (सोडियम डबलेट) की माप लेना हो या तिलचट्टे का विच्छेदन करना हो। मैंने अपने छोटे शहर के कॉलेज में जिस तरह से सैद्धांतिक कार्य के बराबर महत्व अनुभवजन्य प्रायोगिक काम को देना सीखा, वैसा माहौल बाद में मुझे बड़े संस्थानों में नहीं मिला।

तब तक मुझे यह स्पष्ट हो गया था कि मुझे भौतिकी में आगे बढ़ना है। गणित की भाषा में व्यक्त होता बुनियादी विज्ञान, भौतिकी, मेरा पसंदीदा था और जिसे प्रयोगशाला नामक बहुत मजेदार जगह में परखा भी जा सकता था। बचपन का अंतरिक्ष यान पर सवार वैज्ञानिक बनने का जो मासूम सपना था, वह अब धुंधला हो गया था। क्योंकि अव्वल तो, हम (भारत) बमुश्किल ही अंतरिक्ष में कोई अंतरिक्ष यान भेज रहे थे और दूसरा, अंतरिक्ष यात्री बनने के लिए वायुसेना की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता, जो मुझे थोड़ा कठिन लगता था।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई में मास्टर डिग्री के लिए भौतिकी कार्यक्रम में प्रवेश करना काफी रोमांचक था। एकमात्र महिला हॉस्टल में रहते हुए मुझे बहुत सी ऐसी महिलाएं मिलीं, जो भौतिकी या विज्ञान के प्रति मेरी तरह का उत्साह रखती थीं। आईआईटी के भौतिकी समूह में शामिल होकर, पीएचडी करना एक स्वाभाविक अगला कदम था।

मैं टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च में प्रवेश करके परमाणु भौतिकी में प्रयोग करना चाहती थी। इसकी प्रेरणा मुझे आईआईटी के पसंदीदा शिक्षक पीपी काने से मिली। उन्होंने मुझे शोध की दुनिया से परिचित कराया और उनका यह विचार मुझे बहुत आकर्षक लगा कि प्रयोगशाला में समीकरणों को लागू करना न केवल मजेदार है, बल्कि इससे कुछ ऐसा भी खोजा जा सकता था जो अब तक अज्ञात है। हालांकि, टीआईएफआर के अनुभव ने मुझे यह महसूस कराया कि खगोल भौतिकी ही मेरे लिए सबसे उपयुक्त विकल्प है। मैंने यह कभी नहीं सोचा था कि एक शौक कभी एक पेशा बन जाएगा। एक ओर, इसमें अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके ब्रह्मांड की खोजबीन की जाती है, जो उस आसमान की छवि में कई आयाम जोड़ती है, जिसे मैं बगीचे में चटाई पर लेटकर देखा करती थी। दूसरी ओर, आकाश देखने में तो बहुत जटिल लगता था, फिर भी उसे भौतिकी के नियमों के अनुसार समझा जा सकता था। मैं पूरी तरह से इन सब से हैरान थी।

विजय कपाही को मेंटर के रूप में पाना सबसे बेहतरीन अनुभवों में से एक था। उन्होंने सक्रिय निहारकाओं की कार्यप्रणाली में मेरी रुचि जगाई। यह ब्रह्मांड की सबसे शक्तिशाली शय होती हैं, और अत्यंत विशाल ब्लैक होल्स की गुरुत्वाकर्षण शक्ति से संचालित होती हैं। विजय ने निहारिकाओं के रहस्यों को जज्बे और मस्ती के साथ हल किया, जो एक प्रेरणादायक नजरिया था। वे शोधार्थियों और सहकर्मियों के साथ पूरी तरह से लिंग-निरपेक्ष थे, ऐसा नजरिया तब भी बिरला था और आज भी दुर्लभ है।

इंजीनियर से पर्यावरण वैज्ञानिक बने मेरे जीवनसाथी ने हमें एक साथ बढ़ने और नए दृष्टिकोणों की खोज करने का मौका दिया। इस अनुभव से मुझे विज्ञान को लेकर बचपन की समझ से आगे बढ़कर कहीं अधिक समालोचनात्मक समझ मिली। हाल ही में एक पुराने कॉलेज मित्र ने मुझे 1974 में भारत के पहले परमाणु अंतरूस्फोट को लेकर मेरा उत्साह याद दिलाया और यह एहसास दिलाया कि तब मैंने परमाणु के शांतिपूर्ण उपयोग पर कितनी मासूमियत से विश्वास कर लिया था। मैं यह मानती थी कि विज्ञान और वैज्ञानिक मानवता को समृद्धि और समानता की ओर ले जाएंगे, लेकिन अंततः विज्ञान एक मानवीय उद्यम है, जो सामाजिक प्रक्रियाओं से आकार लेता है, और इसके कामकाज में सभी मानवीय दोष शामिल होते हैं।

वस्तुनिष्ठता पर गर्व करने वाले इस उद्यम में महिला वैज्ञानिकों की अत्यधिक कम संख्या, इस तथ्य का एक क्लासिक उदाहरण है। मेरे लिए, यह मानना कितना स्वाभाविक और सामान्य है कि अन्य महिलाएं भौतिकी के प्रति उत्साही हैं! लेकिन कैसे मेरे सहकर्मियों के लिए भी यह मानना उतना ही स्वाभाविक होता है कि भौतिकी करने वाली महिला जीवनसाथी मिलने तक यह सब टाइमपास के लिए करती हैं। मैं उस दिन के इंतजार में हूं जब मेरा या किसी का भी जेंडर केवल उतना ही महत्वपूर्ण रहेगा जितना कि उसकी पसंदीदा किताबें। कोई आश्चर्य नहीं कि मैं एंड्रोमेडा पुस्तक के आदर्शलोक के बारे में सोचती हूं, जहां लोगों के बीच लिंग की परवाह किए बिना स्वस्थ और उन्मुक्त रिश्ते हों।

# उत्तर प्रदेश की नदियों पर मंडराता संकट

**उत्तर प्रदेश की नदियों को बचाना है तो चीनी मिलों के जलचक्र को दुरुस्त करना ही होगा। यही समय है जब सरकार और समाज मिलकर ठान लें कि जल का हर कतरा बहकर प्रदूषण न बने, बल्कि जीवन को सींचे। यही चेतावनी और यही समाधान है, वरना मीठा कहलाने वाला यही गन्ना हमारी नदियों और हमारे जीवन में यूं ही लगातार जहर घोलता रहेगा।**

वीरेश तरार

उत्तर प्रदेश की कृषि भूमि देश की रीढ़ कही जाती है। राज्य में लगभग एक सौ ब्यासी लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसमें से करीब सतासी प्रतिशत हिस्सा सिंचित है। शेष खेती वर्षा जल पर निर्भर रहती है। यह आंकड़ा बताता है कि प्रदेश का जीवन जल पर कितना आश्रित है। इसी जीवनदायिनी प्रणाली में सबसे ज्यादा जहरीली कडवाहट आज वही फसल और उससे जुडे उद्योग घोल रहे हैं,जिनकी मिठास के लिए इस प्रदेश का नाम दुनिया भर के देशों में लिया जाता है और इस प्रदेश ही नहीं पूरे देश और इसकी बहुत बडी आबादी की समृद्धि का पर्याय माना जाता रहा है यानि गन्ना और कृचीनी मिलें।

गन्ना उत्पादन उत्तर प्रदेश में औसतन 20 से 22 लाख हेक्टेयर में उगाया जाता है। आंकड़े बताते हैं कि प्रति हेक्टेयर लगभग 32 से छत्तीस लाख लीटर पानी केवल गन्ने की सिंचाई में लगता है। यदि कुल क्षेत्रफल पर गणना करें तो गन्ना खेती अकेले सात खरब लीटर से भी अधिक पानी हर वर्ष पी जाती है। इसके बाद चीनी मिलों में प्रसंस्करण के लिए गन्ने की प्रति टन पेराई में लगभग डेढ़ से दो हजार लीटर पानी अलग से लगता है। प्रदेश की चीनी मिलें हर साल सैकड़ों अरब लीटर पानी खींच लेती हैं, जिनमें से करीब एक हजार लीटर (प्रति टन गन्ना) वेस्ट वाटर (गंदा पानी) के रूप में बाहर निकल जाता है। यही गंदा पानी बिना शोधन नालों और नदियों में बहा दिया जाता है। केवल पचपन से साठ बड़ी चीनी मिलें ही प्रदेश के कुल औद्योगिक अपशिष्ट का एक तिहाई से अधिक हिस्सा छोड़ती हैं। हिंडन, यमुना और गंगा की धारा इसी प्रदूषण से आज त्राहि-त्राहि कर रही है।

सरकार दावा करती है कि सभी मिलों को ईटीपी और एसटीपी लगाने का निर्देश दिया गया है, पर जमीनी हकीकत यह है कि शोधन के नाम पर खानापूर्ति होती है। यदि कभी कोई प्लांट चल भी रहा हो तो उसका रिसाकिल्ड पानी पुनः प्रयोग में नहीं लाया जाता, बल्कि खुले नालों में बहा दिया जाता है। पुणे, महाराष्ट्र जैसी कुछ जगहों को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश कीं तो किसी भी चीनी मिल में रीसाइकिल्ड वाटर का प्रयोग सिंचाई के लिए नहीं किया जा रहा। यही वजह है कि प्रदेश का भूगर्भ जल स्तर लगातार गिर रहा है, नदियां मर रही हैं और ऊपर से संक्रमित भूजल के प्रयोग से समाज बीमार हो रहा है।

कैंसर, हृदय रोग और डायबिटीज जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रसार केवल जीवनशैली का परिणाम नहीं है। प्रदूषित जल इसका बड़ा कारक बन चुका है। जब गन्ना मिलों का अपशिष्ट बिना शोधन नदियों में बहता है तो वह पानी पीने योग्य नहीं रहता, खेतों में जाता है तो पूरी खाद्य श्रंखला को जहर बना देता है। इस विष चक्र को तोड़े बिना न गंगा निर्मल होगी, न समाज निरोग होगा।

समाधान बहुत कठिन नहीं है। मिल परिसरों में बड़े जलाशय और भूमिगत टैंक बनाए जा सकते हैं। बरसात के दिनों में इनमें संचित किए गए जल को वर्ष भर की मिल आवश्यकताओं में प्रयुक्त किया जाए। उत्पादन के दौरान जो वेस्ट वाटर निकले उसे शोधन कर खेतों तक पहुंचाया जाए। इससे दोहरा लाभ होगा। नदियों का प्रदूषण रुकेगा और किसानों को अतिरिक्त सिंचाई जल मिलेगा।यही नहीं लगातार गिरते भूजल स्तर पर भी स्वाभाविक रोक लगेगी।

आज देश भर में एथेनॉल संयंत्र और शराब फैक्टरियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। आंकड़ों पर जाएं तो एथेनॉल उत्पादन में प्रति यूनिट पानी खपत चीनी के मुकाबले कहीं ज्यादा है। एथनॉल उत्पादन में अगृणी ब्राजील जैसे देशों में इसी कारण इसके उत्पादन पर रोक लगाने की मांग जोर पकड रही है। भारत में भी पर्यावरण वैज्ञानिक इन्हीं तर्कों के आधार पर एथेनॉल उत्पादन से परहेज की सलाह सरकार को देते रहे हैं। ऐसे में यह और भी जरूरी हो जाता है कि प्रत्येक जल-प्रधान उद्योग में जल पुनर्चक्रण को कानूनन अनिवार्य किया जाए। पिछले एक दशक में नदी सफाई अभियान के नाम पर जाने कितनी धनराशी अब तक नदियों के गंदे जहरीले पानी के साथ बहकर समुद्र में चली गई है। आगे भी सिलसिला बादस्तूर जारी है। यदि निर्मल नदी योजना के ए हजारों करोड़ रूपए इन उद्योगों में जल चक्र स्थापित करने पर लगा दिए जाएं तो परिणाम कहीं अधिक ठोस ,उपादेय और स्थाई होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# काला पानी पर भारत और नेपाल में जुबानी जंग तेज



यशोदा श्रीवास्तव

लिंपिया धुरा, लिपुलेख और काला पानी को लेकर नेपाल और भारत के बीच एक बार जबानी जंग छिड़ गया है। भारत और नेपाल के बीच ताजा विवाद यह है कि इस क्षेत्र से भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार पर सहमति बनी है। नेपाल को इस पर एतराज है। भारत और चीन के बीच की इस व्यापार सहमति के विरोध में प्रचंड समर्थित छात्र संगठन अखिल क्रांतिकारी नेपाल ने काठमांडू में विरोध प्रदर्शन किया है। इसके बाद नेपाल विदेश मंत्रालय का बयान आया है कि लिपुलेख लिंपियाधुरा और काला पानी नेपाल का हिस्सा है। इसके लिए उसने भारत और चीन को स्पष्ट रूप से चेता दिया है। नेपाल के नए नक्शे में भी उक्त भू-क्षेत्र का हिस्सा दर्शाया गया है।

### ओली की भारत यात्रा पर इस मुद्दे पर चर्चा संभव

लिपुलेख लिंपियाधुरा और काला पानी का मुद्दा ऐसे समय उभरा है जब नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की भारत यात्रा प्रस्तावित है। भारत और नेपाल के दावे वाले इस विवादित भू-क्षेत्र को लेकर भारत और नेपाल के बीच कभी गंभीर विचार विमर्श नहीं हुआ। इस बार ओली की भारत यात्रा पर इस मुद्दे पर खास चर्चा होने की संभावना थी। लेकिन दिल्ली में दोनों देशों के बीच उच्च राजनयिक चर्चा के पहले ही इस मुद्दे को लेकर दोनों देशों के बीच जुबानी जंग शुरू हो गया। इस बीच नेपाल के मामलों में खासा रुचि रखने वाले दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार आनंद स्वरूप वर्मा ने उक्त भू-क्षेत्र को नेपाल का हिस्सा बता कर नेपाल के दावे को मजबूती ही प्रदान की है। आनंद स्वरूप वर्मा नेपाल के कट्टर माओवादी नेता प्रचंड के काफी करीबी बताए जाते हैं।



### इस भू-क्षेत्र को लेकर ओली पहले भी काट चुके हैं बवाल

लिंपियाधुरा,लिपुलेख और काला पानी नेपाल से लगी उत्तराखंड की सीमा पर भारतीय भू भाग का हिस्सा है। पिछले वर्ष भारत ने इस हिस्से का इस्तेमाल मानसरोवर मार्ग को सुगम बनाने के लिए किया है। भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इस मार्ग का उद्घाटन भी कर चुके हैं।

इसे लेकर तब भी प्रधानमंत्री रहे ओली ने काफी बवाल काटा था। उन्होंने इस भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोंकने के लिए नेपाल का नया मानचित्र तक जारी कर दिया जिसमें इस भू-क्षेत्र को शामिल किया गया है। इसी मुद्दे पर ओली भारत पर तोहमत मढ़कर खुद को राष्ट्र भक्ति का लबादा ओढ़ने की कोशिश करते रहते हैं।

### भारत और नेपाल दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है यह क्षेत्र

पूर्व में नेपाल की प्रतिनिधि सभा में नेपाल के परिवर्तित मानचित्र के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए ओली ने कहा कि 1962 ई। तक जो क्षेत्र नेपाल के अधीन था, उसका वर्तमान मानचित्र ही असली है। 2017 से पहले देश का नक्शा वैसा ही था जैसा अब है।

उन्होंने कहा नेपाल अपने हिस्से के भू-क्षेत्र पर दावा कभी नहीं छोड़ेगा। नेपाल का दावा है कि काला पानी,लिपुलेख और लिंपियाधुरा सुदूर पश्चिम नेपाल के धारचुला जिले का हिस्सा है। नेपाल, ब्रिटिश और भारत के बीच 1815 में हुई सुगौली संधि के अनुसार काला पानी क्षेत्र से होकर बहने वाली महाकाली नदी को दोनों देशों के बीच की सीमा माना गया था। यह क्षेत्र चीन (तिब्बत) सीमा से लगी भौगोलिक रूप से भारत और नेपाल दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तैनात हैं।

### भारत और चीन की नजदीकी की चर्चा से असहज है चीन

आम तौर पर भारत नेपाल के बीच सौहार्द पूर्ण संबंध रहे हैं, लेकिन इधर जबसे चीन का नेपाल में प्रभाव बढ़ा है तबसे दोनों देशों के बीच तनाव भी बढ़ा है। जब जब किन्हीं कारणों से भारत नेपाल के बीच तनाव हुआ है तब तब चीन इसका फायदा उठाने की कोशिश से बाज नहीं आया।

चीन की मंशा सदैव से रही है कि नेपाल में कम्युनिस्ट सरकार रहे। वेशक ओली उसके ज्यादा करीब हैं लेकिन प्रचंड भी उससे बहुत दूर नहीं हैं। चीन चाहता है कि भारत और नेपाल के बीच तनाव पूर्ण माहौल बना रहे वहीं नेपाल भी अंदरुनी तौर पर चाहता है कि भारत और चीन के बीच दूरी बनी रहे ताकि उसे अपने अपने पाले में बनाए रखने के लिए दोनों देशों से फायदा मिलता रहे। इधर भारत और चीन के नजदीक आने की खबर से नेपाल खुद को असहज महसूस कर रहा है। लिपियां धुरा लिपुलेख और काला पानी के मुद्दे पर भारत और चीन को एक साथ चेतावनी नेपाल की बौखलाहट का ही नतीजा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान-चीन के बीच दोस्ती अद्वितीय: शहबाज

## पाक पीएम ने चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात की, कहा: दोस्ती का विस्तार कई क्षेत्रों में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान और चीन के बीच दोस्ती अद्वितीय है और उनकी सदाबहार दोस्ती का विस्तार कई क्षेत्रों में है। उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग ई के यहां आगमन पर यह बात कही। शरीफ ने कहा कि वह चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तियानजिन शिखर सम्मेलन और जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले स्मारक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी पक्ष चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के उन्नत संस्करण 2-0 निर्माण को बढ़ावा देने, कृषि, खनन, ऊर्जा और संसाधन, विमानन और अंतरिक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा निर्माण और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए चीन के साथ मिलकर काम करने की आशा करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अपने देश में चीनी कर्मियों की सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देता है और चीनी नागरिकों और परियोजनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने कहा कि चीन, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की भावना को आगे बढ़ाने के लिए पाकिस्तान और एससीओ के सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। चीन-पाकिस्तान संबंधों को अद्वितीय बताते हुए, वांग ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य चाहे कैसा भी विकसित हो, चीन और पाकिस्तान के बीच पारंपरिक मित्रता अडिग और अटूट बनी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि चीन हमेशा से पाकिस्तान का सबसे विश्वसनीय साझेदार और सबसे मजबूत समर्थक रहा है। दोनों पक्षों को कृषि, उद्योग और खनन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अलावा ग्वादर बंदरगाह, औद्योगिक पार्कों, संपर्क और उच्च प्रौद्योगिकी में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। वांग ने यह भी कहा कि चीन सभी प्रकार के आतंकवाद पर दृढ़ता से नकेल कसने और राष्ट्रीय विकास एवं द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण बनाने में पाकिस्तान का समर्थन करता है। दोनों पक्षों ने साझा चिंता के अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं चीन के विदेश मंत्री वांग ई शुक्रवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर से मिले। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और आपसी रिश्तों को मजबूत करने पर खुलकर विस्तार से चर्चा की। वांग ई बुधवार को पाकिस्तान पहुंचे थे। वे यहां छठे दौर के विदेश मंत्रियों की रणनीतिक वार्ता में हिस्सा लेने आए। पाकिस्तान पहुंचने के बाद वांग ई ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और विदेश मंत्री इशाक डार से भी मुलाकात की।



**वांग ई से मिले पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर, सुरक्षा और आतंकवाद पर खुलकर चर्चा**

### पाक ने भारतीय विमानों पर हवाई क्षेत्र प्रतिबंध 25 सितम्बर तक बढ़ाया

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध की अवधि एक महीने के लिए यानी 25 सितम्बर तक बढ़ा दी है। यह जानकारी डॉन ने नोटम (नोटिस टू एयरमैन) के हवाले से शुक्रवार को दी। नोटम में कहा गया कि दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच इस साल 24 अप्रैल को यह प्रतिबंध पहली बार लगाया गया था। इसके बाद इसे 23 मई को बढ़ाया गया फिर 23 जुलाई तक और फिर 24 अगस्त तक बढ़ाया गया। सूत्रों ने पुष्टि किया कि पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने पहले भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने की अवधि 18 जुलाई से बढ़ाकर 24 अगस्त कर दी थी। अब, नवीनतम नोटम के अनुसार, पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र 25 अगस्त से 25 सितम्बर तक भारतीय विमानों के लिए बंद रहेगा।




बिहार। 'मतदान अधिकार यात्रा' के दौरान लोगों का अभिवादन करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

### चीन में निर्माणाधीन पुल गिरने से छह की मौत, 10 लापता

**शिनिग।** चीन के किघई प्रांत में शुक्रवार को पुल निर्माण के दौरान स्टील केबल टूटने से छह लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लापता हो गए। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि सिंचुआन-किघई रेलवे के किघई खंड पर निर्माणाधीन पुल के पास आज तड़के लगभग 03:00 बजे केबल टूट गई। घटना के समय घटनास्थल पर 16 मज़दूर मौजूद थे। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने बचाव कार्य के लिए तुरंत एक दल को घटनास्थल पर भेजा। बचाव टीम पानी में गिरे लोगों की तलाश और बचाव के लिए हर संभव प्रयास में लगी है। आपातकालीन प्रबंधन, अग्निशमन, परिवहन, जन सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशस्त्र पुलिस सहित विभिन्न विभागों के 380 से अधिक बचावकर्मी खोज और बचाव कार्यों में शामिल हुए हैं। कुल 66 वाहन और 23 नावें तैनात की गई हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### दक्षिण अमेरिका में आया 7.5 तीव्रता का भीषण भूकंप

**वाशिंगटन।** दक्षिण अमेरिका के ड्रेक पैसेज में शुक्रवार को 7.5 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में सुनामी के खतरे की आशंका उत्पन्न हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार आज 02:16 बजे आए इस भूकंप को अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा पहले 8.0 तीव्रता बताया गया जिसे बाद में घटाकर 7.5 कर दिया गया। ड्रेक पैसेज एक जल संधि है जो दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी सिरे और अंटार्कटिका महाद्वीप के बीच स्थित है, जो विशेष रूप से चिली में केप हॉर्न (दक्षिण अमेरिका का सबसे दक्षिणी बिंदु) को अंटार्कटिक प्रायद्वीप से अलग करता है। भूकंप 10.8 किमी की गहराई पर आया, जिसका केंद्र 60.19 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 61.82 डिग्री पश्चिम देशांतर पर था।

#### पाकिस्तान में बारिश का कहर, 24 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने दी। सबसे जयादा मौतें उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुईं, जहां 14 बच्चों समेत 21 लोगों की मौत हो गई। दक्षिणी सिंध प्रांत में दो और पाकिस्तान के नियंत्रण वाले कश्मीर में एक व्यक्ति की मौत हुई। एनडीएमए के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर मौतें मकान ढहने, अचानक बाढ़ आने और भारी मानसूनी बारिश के कारण बिजली का झटका लगने से हुई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून के अंत से अब तक पाकिस्तान में बारिश के कारण 771 लोगों की मौत हो चुकी है।

# अमेरिकी दूतावास ने खोली ट्रम्प के दावे की पोल

## USAID ने भारत में चुनावों को लेकर वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक 21 मिलियन डॉलर का फंड नहीं दिया

**नई दिल्ली।** भारत में चुनावों को प्रभावित करने के उद्देश्य से अमेरिकी फंडिंग को लेकर ट्रम्प के दावों पर भारत में अमेरिकी दूतावास ने बड़ा खुलासा किया है। अमेरिकी दूतावास ने विदेश मंत्रालय को बताया है कि यूएसएआईडी ने भारत में चुनावों को लेकर कोई भी फंड नहीं दिया है। अब विदेश मंत्रालय में अमेरिकी दूतावास के इस बयान को संसद में साझा किया है।

माकपा सांसद जान ब्रिटास के सवाल के जवाब में सरकार द्वारा संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक, अमेरिकी दूतावास ने बताया है कि यूएसएआईडी को वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर की धनराशि न तो मिली और न ही प्रदान की गई। साथ ही दूतावास ने यह भी कहा है कि यूएसएआईडी ने भारत में मतदान को प्रभावित करने के उद्देश्य से कोई भी गतिविधि नहीं की है। दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारतीय चुनावों में मतदान बढ़ाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) की धनराशि का प्रयोग हुआ है। इन्ही रिपोर्ट्स के संबंध में की गई कार्रवाई की स्थिति के बारे में माकपा सांसद जान ब्रिटास ने सरकार से सवाल किया था। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में अपने जवाब में यह भी बताया कि 28 फरवरी को विदेश मंत्रालय (एमईए) ने नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास से बीते दस वर्षों में भारत में यूएसएआईडी द्वारा सहायता प्राप्त या वित्त पोषित सभी परियोजनाओं (भारत सरकार के साथ सात साझेदारी समझौतों के तहत क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं को छोड़कर) पर हुए खर्च का ब्यौरा तत्काल मांगा था।

**यूएसएआईडी ने भारत में मतदान को प्रभावित करने के उद्देश्य से कोई भी गतिविधि नहीं की है**

इसके साथ ही मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास से उन गैर-सरकारी संगठनों या कार्यान्वयन भागीदारों की सूची भी मांगी थी जिनके माध्यम से ऐसे कामों को अंजाम दिया गया था। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने यह भी बताया कि 2 जुलाई को अमेरिकी दूतावास ने मंत्रालय द्वारा मांगी गई जानकारी के संबंध में डेटा साझा किया। उन्होंने कहा कि दूतावास का यह कहना है यूएसएआईडी/भारत ने वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर की धनराशि न को प्राप्त की और न ही प्रदान की है। दरअसल, 16 फरवरी, 2025 को अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि दुनिया भर में कंसोर्टियम फार इलेक्शन्स एंड पालिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग (सीईपीपीएस) परियोजनाओं के लिए यूएसएआईडी के 486 मिलियन अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण को रद्द किया जाता है। इसमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आवंटन भी शामिल था। बता दें कि पूर्व में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कई बार दावा किया था कि उनकी पूर्ववर्ती सरकार भारत में चुनावों को लेकर फंडिंग कर रही थी।

### टैरिफ तनाव के बीच भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सांसदो से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की। भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी सांसदों से द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की। भारतीय राजदूत ने सीनेटर बिल हेगर्टी को भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए निरंतर और मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों के लिए जारी द्विपक्षीय चर्चाओं के बारे में उन्हें जानकारी दी। उन्होंने सीनेटर हेगर्टी के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हाइड्रोकार्बन में भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापार पर भी अपना दृष्टिकोण साझा किया। इसके अलावा क्वात्रा ने कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन के साथ भी बातचीत की और उन्हें द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन को द्विपक्षीय व्यापार संबंधों, ऊर्जा सुरक्षा में हाल के घटनाक्रमों तथा हमारे देशों के बीच बढ़ती हाइड्रोकार्बन साझेदारी के बारे में जानकारी दी।



# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि 76 वर्षीय विक्रमसिंघे पर सितम्बर 2023 में अपनी पत्नी मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने हेतु सरकारी धन का उपयोग करने का आरोप है। पुलिस ने पहले उनके कर्मचारियों से यात्रा खर्च के बारे में पूछताछ की थी।

पुलिस ने बताया कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 76 वर्षीय विक्रमसिंघे को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) मुख्यालय में गिरफ्तार किया गया, जहां उन्हें सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की जांच के सिलसिले में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे पर सितम्बर 2023 में अपनी पत्नी प्रोफेसर मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने के लिए सरकारी धन का उपयोग करने का आरोप है। आरोप लगाया गया है कि विक्रमसिंघे एक आधिकारिक कार्यक्रम के बाद अमेरिका से लौट रहे थे और अपनी पत्नी के निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सरकारी खर्च पर ब्रिटेन गए थे। सीआईडी ने पहले उनके कर्मचारियों से यात्रा खर्च के बारे में पूछताछ की थी। विक्रमसिंघे ने 2024 के अंत तक शेष कार्यकाल के लिए गोटबाया राजपक्षे की जगह राष्ट्रपति पद संभाला था।



**पत्नी मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने के लिए सरकारी धन का उपयोग करने का आरोप**

# 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई वॉर-2

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2 ने भारतीय बाजार में 204 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी यशराज फिल्म्स की फिल्म वॉर 2, 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई है।

आदित्य चोपड़ा निर्मित वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है। यह यशराज फिल्मस (वाईआरएफ) की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इस फिल्म में अनिल कपूर और आशुतोष राणा की भी अहम भूमिका है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'वॉर 2' ने पहले सप्ताह में 199.25 करोड़ रुपये की कमाई की ।वहीं, अब आठवें दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म वॉर 2 ने आठवें दिन पांच करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म वॉर 2 भारतीय बाजार में आठ दिनों में 204 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।

### लॉर्ड स्वराज पाल का लंदन में निधन, 94 की उम्र में ली अंतिम सांस

**लंदन।** प्रमुख एनआरआई उद्योगपति लार्ड स्वराज पाल का गुरुवार शाम (स्थानीय समयानुसार) लंदन में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह 94 साल के थे। हाल ही में बीमार पड़ने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में अंतिम सांस ली। ब्रिटेन स्थित कैपारो ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक पाल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ था। 1960 के दशक में वह अपनी छोटी बेटी अंबिका के कैंसर के इलाज के लिए ब्रिटेन गए थे। लेकिन बेटी की चार साल की उम्र में मृत्यु हो गई।

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और रूस

## दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित तरीके से बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ व्यापारिक मोर्चे पर चल रही खींचतान के बीच भारत और रूस ने द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित तरीके से निरंतर बढाने की जरूरत पर बल दिया है। दोनों देशों ने सभी तरह के आतंकवाद से मिलकर लड़ने का संकल्प भी व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि मंगलवार को रूस की तीन दिन की यात्रा पर गए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अलग-अलग स्तर की वार्ताओं में रूसी नेताओं के समकक्ष व्यापार और सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर खुलकर भारत का पक्ष रखा।

बाद में उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भी बात की। डॉ. जयशंकर व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता के लिए 19 से 21 अगस्त तक रूस यात्रा पर थे। विदेश मंत्री ने रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और विदेश मंत्री महामहिम सर्गेई लावरोव के साथ बैठकें कीं। विदेश मंत्री ने प्रमुख हस्तियों और थिक टैंकों के साथ भी बातचीत की। पुतिन से मुलाकात के दौरान विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय एजेंडे के प्रमुख मुद्दों और यूक्रेन से संबंधित घटनाक्रमों सहित आपसी हित के समकालीन वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने मंटुरोव के साथ बातचीत में ज़ोर देकर कहा कि टैरिफ और गैर-टैरिफ व्यापार बाधाओं का समाधान, लॉजिस्टिक्स में आने वाली बाधाओं को दूर करना, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना, भुगतान तंत्र को सुचारू रूप से लागू करना, 2030 तक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम को समय पर अंतिम रूप देना और क्रियान्वित करना, भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ मुक्त व्यापार समझौते का शीघ्र समापन, और दोनों देशों के उद्योग के बीच नियमित संपर्क, 2030 तक 100 अरब डॉलर के संशोधित द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को समय पर हासिल करने के लिए जरूरी है। बातचीन के दौरान व्यापार और निवेश के माध्यम से ऊर्जा सहयोग को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।



विदेश मंत्री ने रूस के प्रथम उप पीएम डेनिस मंटुरोव और विदेश मंत्री महामहिम सर्गेई लावरोव के साथ बैठकें की

# शर्तें नहीं मानी, तो खत्म हो सकता है गाजा

## युद्ध विराम वार्ता के बीच इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दी हमास को चेतावनी

**यरूशलम।** युद्ध विराम वार्ता के बीच इजरायल के रक्षा मंत्री ने हमास को चेतावनी दी है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा अगर हमास इजरायल की शर्तों को नहीं मानता है तो गाजा शहर को नष्ट किया जा सकता है।

इजरायल इस क्षेत्र में बड़े आक्रमण की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सेना को गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए अधिकृत करने की घोषणा के एक दिन बाद रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने चेतावनी दी कि गाजा का सबसे बड़ा शहर राफा और बेत हनून में बदल सकता है। काट्ज़ ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि गाजा में हमास के हत्यारों और दुष्कर्मियों के सिर पर जल्द ही नरक के द्वार खुल जाएंगे। जब तक कि वे युद्ध समाप्त करने के लिए इजरायल की शर्तों पर सहमत नहीं हो जाते। उन्होंने इजरायल की युद्धविराम की मांगों को दोहराया। इसमें सभी बंधकों की रिहाई और हमास का पूर्ण निरस्त्रीकरण शामिल है। हमास ने कहा है कि वह युद्ध समाप्त करने के बदले में बंदियों को रिहा कर देगा, लेकिन फलस्तीनी राज्य के निर्माण के बिना निरस्त्रीकरण को अस्वीकार करता है। इजरायली सेना ने बताया कि देश के रक्षा मंत्री ने गाजा सिटी के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में नई कार्रवाई को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 60000 नए रिजर्व सैनिकों को बुलाया जाएगा और 20000 पहले से तैनात रिजर्व सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाई जाएगी। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, गाजा सिटी के उन हिस्सों में अभियान चलाया जाएगा जहां अब तक इजरायल ने जमीनी कार्रवाई नहीं की है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य हमास का भूमिगत सुरंग नेटवर्क है। बता दें कि हमास ने इस हफ्ते कहा था कि वह मिस्र और कतर के मध्यस्थता वाले युद्धविराम प्रस्ताव पर राजी हो गया है। ऐसे में अगर इजरायल इसे मान लेता है, तो यह नया हमला टल सकता है। हालांकि नेतन्याहू ने सेना की गाजा कमांड यूनिट से मुलाकात के दौरान कहा कि हमारे लिए हमास को हराना और बंधकों को छुड़ाना, दोनों लक्ष्य साथ-साथ चलेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बंधकों की रिहाई और युद्ध समाप्ति को लेकर इजरायल की शर्तों पर बातचीत तुरंत शुरू करें।




- इजरायल इस क्षेत्र में बड़े आक्रमण की तैयारी कर रहा है
- काट्ज ने इजरायल की युद्धविराम की मांगों को दोहराया

### कोलंबिया में कार बम और पुलिस हेलीकॉप्टर पर अटैक में 18 की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में हुए बड़े हमलों में 18 लोगों की मौत हो गई है। एक हमले में विस्फोटक से भरी कार से एक सैन्य स्कूल के पास धमाका किया गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं एक दूसरे हमले में पुलिस के हेलीकाप्टर को निशाना बनाया गया, जिसमें 12 पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने दोनों घटनाओं में उग्रवादी संगठन रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस आफ कोलंबिया को जिम्मेदार ठहराया है। इस गुट को एफएआरसी के नाम से भी जाना जाता है।

बिकाऊ है।
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108